25

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
२७०

ब्रह्मर्षि-शुकदेवविरचितं

शुकजातकम्

'चन्द्रकला'-नाम्नी हिन्दीव्याख्यासहितम्

व्याख्याकार
डॉ० बृजेशकुमार शुक्ल
प्रवक्ता : संस्कृत एवं प्राकृत विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

HPD

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
२७०

ब्रह्मर्षि-शुकदेवविरचितं

शुकजातकम्

'चन्द्रकला'-नाम्नी हिन्दीव्याख्यासहितम्

व्याख्याकार
डॉ० बृजेशकुमार शुक्ल
प्रवक्ता : संस्कृत एवं प्राकृत विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

HPD

प्रकाशक

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)

के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन

पो० बा० नं० ११२९, वाराणसी २२१००१

प्रथम संस्करण १९९६

मूल्य २०-००

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

३८ यू. ए., बंगलो रोड, जवाहरनगर

पो० बा० नं० २११३

दिल्ली ११०००७

*

प्रधान वितरक

चौखम्बा विद्याभवन

चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे)

पो० बा० नं० १०६९, वाराणसी २२१००१

मुद्रक

फूल प्रिण्टसं

वाराणसी

प्रस्तुत कृति

ममता की मूर्त्ति, वात्सल्यमयी तथा करुणहृदया

पूजनीया माताजी

को

सादर समर्पित

*

बृजेश

प्राक्कथन

ज्योतिष-साहित्य अत्यन्त समृद्ध है। इस विद्या की समृद्धि के प्रतीक अनेक ग्रन्थ अभी तक हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के रूप में विभिन्न पुस्तकालयों में सुरक्षित हैं, जिनका सम्पादन तथा प्रकाशन विद्वज्जनों का परम कर्त्तव्य है। ज्योतिष-वाङ्मय को प्रायः दो भागों में विभक्त करके गणित और फलित की चर्चा की जाती है। गणित के द्वारा जो तथ्य ज्योतिष में उद्घाटित होते हैं, प्रायः उनमें तूष्णीभाव ही रहता है। यही तथ्य फलित के द्वारा प्रकाशित होकर चमत्कार का विषय बनते हैं। ब्रह्मर्षि शुकदेव द्वारा विरचित 'शुकजातकम्' भी एक फलित ग्रन्थ है, जिसका प्रकाशन अभी तक नहीं हुआ है। 'शुकजातकम्' के फल प्रायः अनुभव के आधार पर सत्य पाये गये हैं। ग्रहादिकों के बलाबल के विचार में यह ग्रन्थ अत्युपादेय है।

'शुक्र' नाम से कई अन्य ग्रन्थों का ज्योतिष-साहित्य में उल्लेख आता है, जैसे 'शुकनाडी' या 'शुक्रनाडी' ('भार्गवनाडिका')। किन्तु 'शुक' नाम से केवल यही ग्रन्थ दृष्टिगोचर होता है। अखिल भारतीय संस्कृत-परिषद् लखनऊ में उपलब्ध दो हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के द्वारा इस 'शुकजातक' नामक ग्रन्थ का सम्पादन कार्य सम्पन्न किया गया है। इसके अतिरिक्त उपयोगिता को देखते हुए 'चन्द्रकला' नामक हिन्दी टीका भी सम्पादक के द्वारा सम्पन्न की गयी है। 'चन्द्रकला' हिन्दी टीका में 'शुकजातकम्' से सम्बद्ध तथा भिन्न विचार 'बृहज्जातक', 'भट्टोत्पल कृत बृहज्जातक टीका,' 'सारावली' तथा 'बृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्' से वचन प्रमाणार्थ उद्धृत किये हैं। टीका के अन्तर्गत विशिष्ट अपेक्षित विषयों को चक्रों के द्वारा समझाया गया है तथा विषय से सम्बद्ध अनेक 'बोधकचक्र' को यथास्थान उल्लेख किया गया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ के सम्पादन तथा टीका लेखन में जिन महानुभावों का सहयोग प्राप्त हुआ है, उनके प्रति हार्दिक धन्यवाद-ज्ञापन करना सम्पादक का पावन कर्त्तव्य है। सर्वप्रथम आचार्यप्रवर श्री उपेन्द्रनारायणाचारी, ग्राम–तिवारीपुरवा, जिला–बाराबङ्की का हृदय से स्तवन तथा श्रद्धावनत चरणस्पर्श करता हूँ, जिन्होंने मुझे ज्योतिष तथा तन्त्र की गोपनीय निधि प्रदान की। यद्यपि वे आज हमारे मध्य नहीं हैं, तथापि उनके ज्ञान और वैदुष्य की असंख्य किरणें आज भी मुझे

आलोकित कर रही हैं। अतः उनके प्रति हार्दिक श्रद्धा व्यक्त करना मेरा पुनीत कर्त्तव्य है। डॉ० अशोक कुमार कालिया—रीडर, संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने 'शुकजातकम्' के पाठालोचनपूर्वक सम्पादित मूल-भाग को अपनी पत्रिका अजस्रा में प्रकाशित किया है। अतः गुरुप्रवर श्री कालियाजी के प्रति सादर कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता है। डॉ० बी० के० पी० एन० सिंह, निदेशक एकडेमिक स्टाफ कालेज लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ की कृपादृष्टि सदैव मुझे प्राप्त होती रही है, अतः उनके प्रति मैं हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। डॉ० उमेशप्रसाद रस्तोगीजी, अध्यक्ष संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रति सादर कृतज्ञता ज्ञापन मेरा कर्त्तव्य है, जिनका स्नेह मुझे सदैव प्राप्त होता रहता है। इसके अतिरिक्त 'अखिल भारतीय संस्कृत परिषद् लखनऊ के प्रति मेरी हार्दिक शुभकामना है, जहाँ से 'शुकजातकम्' की दो पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुई। मैं सबसे बड़ी कृतज्ञता 'चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन' के व्यवस्थापक महोदय श्री नवनीतदास गुप्त के प्रति ज्ञापित करता हूँ, जिनके सहयोग से इस ग्रन्थ का प्रकाशन हो रहा है।

ज्योतिष के जातक-ग्रन्थों में 'शुकजातकम्' एक लघुकाय जातक है। इसमें ६ अध्याय तथा २१६ श्लोक प्राप्त होते हैं, जो विषयवस्तु की दृष्टि से अत्युत्तम है। 'शुकजातकम्' के मूल के साथ 'चन्द्रकला' हिन्दी टीका भी अत्युपादेय है। इसके अतिरिक्त प्रारम्भ में संस्कृत भाषा में 'सम्पादकीय भूमिका' लिखी गयी है जो ग्रन्थ के अध्येताओं और ज्योतिष के छात्रों को एक नयी दिशा प्रदान कर सकेगी। आशा है कि 'शुकजातकम्' पाठकों के लिए आकर्षण का विषय होगा और ज्योतिषप्रेमी इससे अवश्य लाभ उठायेंगे। संक्षेप में हिन्दी टीका युक्त 'शुकजातकम्' विद्वज्जनों से लेकर विद्यार्थी और सामान्य जन के लिए बोधगम्य तथा हृदयग्राही होगा, ऐसा मेरा मन्तव्य है।

॥ इति शम् ॥

वसन्तपञ्चमी
विक्रमसंवत् २०५२

विद्वच्चरणानुरागी
डॉ० बृजेशकुमार शुक्ल

सम्पादकीय भूमिका

भारतीयविद्यासु ज्योतिषशास्त्रस्य महिमाऽनुपमो वर्तते। वेदस्य षण्णामङ्गानां मध्येऽस्य शास्त्रस्य गणना क्रियते। प्राचीनकालादेवाऽद्यावधिपर्यन्तमनेक आचार्यं अभवन्, यैर्ज्योतिषशास्त्रं न केवलं भारतीयसमाजेऽपितु विश्वस्मिन् भूमण्डले प्रपञ्चितं प्रतिष्ठापितश्च। ज्योतिषस्य प्रशंसां कुर्वद्भिर्विद्वद्भिः 'ज्योतिषामयनं चक्षुः',[१] 'वेदस्य निर्मलं चक्षुः'[२] चेत्यादिवाक्यानि प्रयुक्तानि। कालज्ञानं समेषां कृते महदावश्यकं वर्तते, ज्योतिषज्ञानं विना कालज्ञानं न सम्भवति। अत एव कालज्ञानाय सर्वेऽपि ज्योतिषशास्त्रं पठेयुरिति विपश्चिद्भिर्यदस्य प्रशंसा कृता तन्नार्थवादाय कल्पते। सिद्धान्तसंहिताहोराभेदादस्य शास्त्रस्य त्रिविधत्वमङ्गीकृतम्। उक्तं यथा नारदसंहितायाम्—

'सिद्धान्तसंहिताहोरारूपं स्कन्धत्रयात्मकम्।'[३]

सिद्धान्तस्याऽपरनामधेयं गणितमित्यपि कथ्यते। ज्योतिषस्य सिद्धान्तस्कन्धे गणितस्कन्धे वा पौलिशरोमकवासिष्ठादीनां सिद्धान्ताः सूर्यसिद्धान्तादयो वा ग्रन्था वर्तन्ते। संहितास्कन्धे बृहत्संहिता, समाससंहिता, नारदसंहिता चेत्यादिसंहिताग्रन्था उपलभ्यन्ते। होरास्कन्धे च जातकग्रन्था बृहज्जातकादयः स्थानं गृह्णन्ति। होराग्रन्थेषु जातकग्रन्थेषु वा विषया एते समुपलभ्यन्ते प्रमुखरूपेण—

'जातके राशिभेदाश्च ग्रहयोनिवियोनिजे।
निषेकजन्माऽरिष्टानि ह्यायुर्दायो दशाक्रमः॥
कर्माजीवं चाऽष्टवर्गो राजयोगाश्च नाभसाः।
चन्द्रयोगाः प्रव्रज्याख्या राशिशीलं च दृक्फलम्॥
ग्रहभावफलं चैवाश्रययोगप्रकीर्णके।
अनिष्टयोगाः स्त्रीजन्मफलं निर्याणमेव च॥
नष्टजन्मविधानञ्च तथा द्रेष्काणलक्षणम्'॥[४]

एवं जातकग्रन्था जातानां मनुष्याणां शुभाशुभानि फलानि कथयन्ति। एतेऽनेके ग्रन्था जातकनाम्ना प्राचीनकालादेवोपलभ्यन्ते, तेषु श्रीवराहमिहिरेण

---

१. पाणिनीयशिक्षायाम् ४१ श्लोके। ३. तत्रैव १।४।
२. नारदसंहितायाम् १।४। ४. नारदीयमहापुराणे ५४।४-७।

रचितं बृहज्जातकं सर्वप्राचीनं मन्यते। एतदतिरिक्तमद्य यवनजातकमीनराजजातकगौरीजातकसत्यजातकादयो ग्रन्थाः समुपलभ्यन्ते। श्रीवराहमिहिरस्यैकं लघुजातकमपि वर्तते यद् बृहज्जातकस्य संक्षिप्तरूपं प्रदर्शयति। स्वल्पजातकसूक्ष्मजातकादयो ग्रन्था अप्यासन् येऽद्य नोपलभ्यन्तेऽथवा लघुजातकस्याऽपरनाम्नाऽभिधीयन्ते। बृहज्जातकस्य टीकायां भट्टोत्पलेनाऽनेकेषामाचार्याणां श्लोकाः समुल्लिखितास्तेषामपि जातकग्रन्थाः प्राचीनकाले स्युः, किन्तु तेऽद्य न प्राप्यन्ते। एतेषु जातकग्रन्थेष्वेव श्रीशुकदेवब्रह्मर्षिविरचितं शुकजातकमपि समुपलभ्यते, यन्नाऽद्यावधि प्रकाशितम्। अस्य मातृका हस्तलिखितग्रन्थालयेषु सुरक्षिताः सन्ति। ज्योतिषशास्त्रमर्मज्ञानां कृतेऽस्य लघुग्रन्थस्य प्रकाशनं प्रमोदाय भविष्यतीति कृत्वा मया सम्पादितम्।

सम्पादने प्रयुक्तमातृकापरिचयः

लखनऊनगरस्थाऽखिलभारतीयसंस्कृतपरिषदि शुकजातकस्य द्वे मातृके निहिते स्तस्तयोरत्र परिचयः समासेन दीयते—

१. **'क' मातृका**—देवनागरीलिप्यां लिखितेयं मातृका पूर्णा वर्तते। अस्यां मातृकायां षडध्याया दशपत्राणि चोपलभ्यन्ते। पुस्तकालयेऽस्याः प्राप्तिसं० ७३६४ तथा च लिपिकालः संवत् १८६९ वि० इति वर्तते। अस्याः अन्तिमपुष्पिकायां लिखितमिदं प्राप्यते—"इति श्रीब्रह्मर्षिविरचिते शुकजातके योगाध्यायः ष्टः ॥ ६ ॥ संवत् १८६९ मीती वैसा शुदी ७ वार अतवार ॥ ०० ॥ ०० ॥ ०० ॥ ०० ॥ ०० ॥"

२. **'ख' मातृका**—इयमपि देवनागरीलिप्यां लिखिता पूर्णा मातृकाऽस्ति। अस्यां षडध्यायाः षोडशपत्राणि च प्राप्यन्ते। अस्या मातृकायाः पुस्तकालये प्राप्ति सं० ८००३ इत्यस्ति। मातृकाया अन्तिमपुष्पिकायां लिखितमिदं वर्तते—"इति श्रीशुकदेवब्रह्मर्षिविरचिते शुकजातके अमितायुयोगसमाप्तिः ॥ शुभमस्तु ॥ शुभं शुभं भूयात् ॥"

शुकजातकाख्यग्रन्थेऽस्मिन् षडध्यायेषु क्रमेण ग्रहयोनिविभेदवर्णनम्, ग्रहाणां बलाबलादिनिरूपणम्, निषेकजन्माध्यायकथनम्, सद्योमरणाऽरिष्टभङ्गनिरूपणम्, आयुःप्रमाणयोगाः, अमितायुर्योगाश्चेति विषयाः सम्यक् प्रतिपादिताः सन्ति। ग्रन्थोऽयं द्विशताधिकाऽऽर्याऽनुष्टुभ्वृत्तैः समलङ्कृतोऽस्ति।

शुकजातकम्, अन्ये जातकग्रन्थाश्च

श्रीशुकदेवब्रह्मर्षिणा विरचितस्य शुकजातकस्योल्लेखः कदाचित्केनचिदा-

चार्येण न विहितो न च शुकदेवब्रह्मर्षेरेव नाम ज्योतिषवाङ्मये दरीदृश्यते। केवलं शुकविरचितसूत्राणामुल्लेखः पारिजातकालङ्काराख्यग्रन्थे कृतः। शुक्र-विरचिता भार्गवनाडिकाख्यग्रन्थोऽप्यवलोक्यते। कदाचिद् भवितुं शक्यते यच्छुक-सूत्राण्यधिकृत्यैव शुकजातकस्याऽपि रचना तेन विहिता स्यात्। किन्तु प्रमाणा-भावादस्य विषये किञ्चिदपि वक्तुं न पारयते सम्पादकः।

शुकजातकस्याऽन्तःसाक्ष्यानुसारमिदं जातकं श्रीवराहमिहिरस्य बृहज्जातकेन सह नितरां साम्यं दधाति। एवमेव बृहज्जातकस्योपरि या टीका भट्टोत्पलेन कृता, तस्यां टीकायामागतानां बादरायणयवनेन्द्रादीनां वचनैः सहाऽस्य ग्रन्थस्य साम्यं वर्ततेतराम्। यथा राशीनां स्वरूपविज्ञानं वर्णयता शुकदेवब्रह्मर्षिणा निगदितम् —

'कन्या सानलसस्या प्लवगा च तुलाधरौ घटीमीनौ।
नक्रो मृगाक्षिवदनो नरोऽश्वजघनो धनुःपाणिः॥
मेषवृषमिथुनकर्कटाः स्वनामसदृशाश्चराः।
मिथुनं दण्डधरं बीणाहस्तं च विज्ञेयम्'॥[1]

बृहज्जातकेऽपि राशीनां स्वरूपमित्थं वर्तते—

'मत्स्यौ घटी नृमिथुनं सगदं सवीणं
चापी नरोऽश्वजघनो मकरो मृगास्यः।
तौली ससस्यदहना प्लवगा च कन्या
शेषाः स्वनामसदृशाः स्ववराश्च सर्वे'॥[2]

भट्टोत्पलेनाऽस्य श्लोकस्य टीकायां सत्याचार्यस्य मतं वदता श्लोकोऽयं लिखितः —

'छागो वृषभो वीणागदाधरं मिथुनमम्भसि कुलीरः।
सिंहः शैले कन्या नौसंस्था दीपसस्यकराः॥
पुरुषस्तुलाधरो वृश्चिकोऽथ धन्वी नरो हयान्त्यार्धः।
मकरार्धं मृगपूर्वं कुम्भी पुरुषो झषो मीनः'॥[3]

अत्र श्रीवराहमिहिरसत्याचार्ययोरुभयोरपि मतेन सह शुकजातकस्य समता

१. शुकजातके १।६-७।
२. बृहज्जातके १।५।
३. तत्रैव १।५ भट्टोत्पलटीकायाम्।

दृश्यते। बलाबलस्य विचारं कुर्वता ब्रह्मर्षिणा कथितं यद् यवनैः केन्द्राश्रिताः सर्वे ग्रहा बलिनो भवन्तीति निगदितम्—

'आपोक्लिमेष्ववीर्या मध्यबलाः पणफराश्रिताः सर्वे।
केन्द्राश्रिताश्च बलिनः सदा ग्रहाः कीर्त्तिता यवनैः'॥[1]

सूर्यबृहस्पतिभौमाः पुरुषसञ्ज्ञकाः शनिबुधौ नपुंसकौ राहुशुक्रचन्द्राः स्त्रीसञ्ज्ञकाश्च ग्रहाः सन्तीत्युक्तं शुकजातके—

'रविगुरुभौमाः पुरुषाः स्त्रियस्ते राहुभार्गवशशाङ्काः।
शत्रुयुतनीचसौरसौम्या नपुंसकाश्चेति विज्ञेयाः'॥[2]

अत्र बलाबलप्रसङ्गे भट्टोत्पलेन बादरायणस्य मतं समुल्लिखितं यच्छुकजातकोद्धृतश्लोकेन सह साम्यं दधाति—

'केन्द्रस्थातिबलाः स्युर्मध्यबलाः पणफराश्रिता ज्ञेयाः।
आपोक्लिमगाः सर्वे हीनबला राशयः कथिताः'॥[3]

ग्रहाणां पुंनपुंसकादिनिरूपणे वराहमिहिरेण राहोरनुल्लेखं विधाय सर्वं शुकजातकानुरूपमेव लिखितम्—

'बुधसूर्यसुतौ नपुंसकाख्यौ शशिशुक्रौ युवती नराश्च शेषाः'[4]॥

एवमेव ग्रहाणां ब्राह्मणादिवर्णनिरूपणमपि वराहमिहिरसत्याचार्ययोर्मतानुसारमेव शुकजातक उपन्यस्तम्[5]।

ग्रहाणां सत्त्वरजस्तमःस्वभावगुणान् वर्णयताऽऽचार्यवराहमिहिरेण चन्द्रार्कगुरवः सात्त्विका बुधशुक्रौ राजसिकौ कुजसौरौ च तामसिकौ स्त इति भणितम्[6]। अस्मिन् विषये शुकजातककारस्यापि मतं वराहमिहिरान्न भिन्नं वर्तते[7]। सत्याचार्योऽपि वराहमिहिरमेवाऽनुसरति[8]। किन्तु यवनेश्वरो 'भौमः सात्त्विक' इति

---

१. शुकजातके २।३१। २. शुकजातके १।१४।
३. बृहज्जातके १।१९ भट्टोत्पलटीकायाम्।
४. तत्रैव २।६।
५. द्रष्टव्यम्—शुकजातके १।१५, बृहज्जातके २।७ भट्टोत्पलटीकायाञ्च।
६. बृहज्जातके २।७।
७. शुकजातके १।१७।
८. 'तामसिकौ कुजसौरी राजसिकौ भार्गवः शशिसुतश्च।
जीवशशिभास्कराः सात्त्विका ग्रहवत्प्रकृतयो नृणाम्'॥
(बृहज्जातके—भट्टोत्पलटीका २।७)

कथयति, तस्य मतभेदोऽत्र दृश्यते। उक्तं यथा भट्टोत्पलेन बृहज्जातक-टीकायाम्—

'सत्त्वाधिका भास्करभौमजीवा भृग्वात्मजो राजसिकः शशी च।
शनैश्चरस्तामसिको बुधस्तु संयोगताऽस्माल्लभते विशेषान्'[१] ॥

बृहज्जातकशुकजातकयोर्ग्रहाणां पर्यायवाचिनः शब्दा अपि परस्परं साम्यं दधति[२]। ग्रहाणां वर्णस्वरूपं शुकजातके वर्णितमित्थम्—

'रक्तश्यामो भानुश्चन्द्रो गौरः कुजोऽतिरक्तश्च।
दूर्वाकारः सौम्यो हिरण्यवर्णो गुरुः स्वभावतो ज्ञेयः॥
सितवर्णो भृगुसूनुर्नीलनिभो भास्करिः शिखी धूम्रः।
बहुवर्णो भृगुसूनुस्त्वपरो नीलाञ्जनो राहुः'[३] ॥

बृहज्जातकेऽपि राहुकेतू हित्वाऽन्येषां समेषां ग्रहाणां वर्णस्वरूपं शुकजात-कानुरूपमेवोपन्यस्तम्। तद् यथा—

'रक्तश्यामो भास्करो गौर इन्दुर्नात्युच्चाङ्गो रक्तगौरश्च वक्रः।
दूर्वाश्यामो ज्ञो गुरुर्गौरगात्रः श्यामः शुक्रो भास्करिः कृष्णदेहः'[४] ॥

भट्टोत्पलेन बृहज्जातके शशिनो बलाबलस्य विचारं कुर्वता यवनेश्वरस्य मतं प्रकटितम्,[५] तत्सदृशमेव मतं शुकजातकेऽपि प्राप्यते—

'प्रतिपत्पूर्वदशाहे मध्यबलः शीतगुः सिते पक्षे।
श्रेष्ठो द्वितीयदशके मन्दबलश्चन्द्रमास्तृतीये च'[६] ॥

ग्रहाणां नैसर्गिकबलं वदता शुकजातके ब्रह्मर्षिणोक्तं यच्छनिग्रहाद् द्विगुणो भौमो भौमाच्चतुर्गुणो बुधो बुधात्षड्गुणो बृहस्पतिर्बृहस्पतेरष्टाधिकः शुक्रः शुक्राच्च षोडशगुणश्चन्द्रो बलवान् भवति, चन्द्राद् द्विगुणो भानुस्तद्द्विगुणो राहुश्च बलवान् भवति—

---

१. बृहज्जातके २।७ भट्टोत्पलटीकायाम्।

२. शुकजातके १।३२–४० द्रष्टव्यं—बृहज्जातके तत्प्रकरणम्।

३. शुकजातके १।१९–२०।

४. बृहज्जातके २।४।

५. 'मासे तु शुक्ले प्रतिपत्प्रवृत्तेः पूर्वे शशी मध्यबलो दशाहे।
श्रेष्ठो द्वितीयेऽल्पबलस्तृतीये सौम्यैस्तु दृष्टो बलवान् सदैव' ॥
(बृहज्जातके २।२१ भट्टोत्पलटीकायाम्)

६. शुकजातके २।४।

'सौराद्द्विगुणो भौमो बलवान् भौमाच्चतुर्गुणः सौम्यः ।
सौम्याज्जीवः षड्गुणो जीवादष्टाधिको भृगुर्बलवान् ॥
शुक्रात्षोडशबलश्चन्द्रो भानुस्ततो द्विगुणः ।
तद्द्विगुणः सर्वेषां राहुर्बलवान् निसर्गजनितश्च'[1] ॥

भट्टोत्पलेन बृहज्जातकटीकायां स्वल्पजातकात्पद्यमेकमुद्धृतम्, यस्मिन् नैसर्गिकबलं ग्रहाणामित्थं वर्णितम्—

'मन्दारसौम्यवाक्पतिसितचन्द्रार्का यथोत्तरं बलिनः ।
नैसर्गिकबलमेतद् बलसाम्येऽस्मादधिकचिन्ता' ॥[2]

अत्रोभयोरपि सादृश्यं दरीदृश्यते, ग्रहाणां नैसर्गिकबलं शुकजातके द्विगुण-चतुर्गुणादिरूपेण स्वल्पजातके च तत्क्रमेणैव शनैश्चरादिग्रहाणामुत्तरोत्तरबलत्वं वर्णितम् ।

निषेकाध्यायेऽपि शुकजातके कथितं यदुपचयगृहेषु स्थितं चन्द्रं शुभपुङ्ग्रहाः पश्यन्ति चेत्तर्हि कामिनी नरेण सह सम्भोगं लभते पुत्रञ्च जनयति[3] । एतादृशमेव मतं वराहमिहिरस्य[4] तथा च बादरायणमणित्थकल्याणवर्मणामपि प्रदर्शितं भट्टोत्पलेन[5] । अनेनाऽपि बृहज्जातकशुकजातकयोः साम्यं ज्ञायते । अत्र पुञ्जन्मयोगोऽपि बृहज्जातकान्नभिन्नत्वं बिभर्त्ति, यथोक्तं बृहज्जातके—

'विहाय लग्नं विषमर्क्षसंस्थः सौरोऽपि पुञ्जन्मकरो विलग्नात्'[6] ॥

एवमेव शुकजातकेऽपि कथितम्—

'लग्नं मुक्त्वा विषमे च बलवान् भास्करात्मजः ।
स्थितः पुत्रप्रदो ज्ञेयो नान्यग्रहनिरीक्षितः' ॥[7]

नपुंसकयोगद्वयं शुकजातके निर्दिष्टम्,[8] किन्तु बृहज्जातके षड्योगा नपुंसकस्य निगदिता वर्तन्ते । भट्टोत्पलटीकायां बादरायणस्य मतमपि शुकजातकेन तुल्यमेवाऽस्ति । वराहमिहिरस्य चोक्तषड्योगेषु द्वौ योगौ तावेव निगदितौ,

---

१. शुकजातके २।३२-३३ ।
२. बृहज्जातके २।२१ भट्टोत्पल० ।
३. शुकजातके ३।३ ।
४. बृहज्जातके ४।१ ।
५. बृहज्जातके ४।१, भट्टोत्पल० ।
६. बृहज्जातके ४।१२ ।
७. शुकजातके ३।७ ।
८. तत्रैव ३।१४ ।

शुकजातके यौ द्वौ योगौ कथितौ स्तः[१]। गर्भमासाधिपा अपि त एव वर्तन्ते शुकजातकेऽस्मिन्[२] ये बृहज्जातके तट्टीकायां यवनेश्वरमते[३] च निर्दशिता वर्तन्ते ।

शुकजातकम्, बृहत्पराशरहोराशास्त्रं सारावली च

अस्य शुकजातकस्य कतिपये श्लोका बृहत्पराशरहोराशास्त्रेऽक्षरशः प्राप्यन्ते । यथोक्तं शुकजातकस्य बालारिष्टयोगे—

'यदि द्रेष्काणजामित्रे यस्य स्याद् दारुणो ग्रहः ।
क्षीणचन्द्रे विलग्नस्थे सद्यो हरति जीवितम्' ॥[४]

इदमेवोक्तं बृहत्पराशरहोराशास्त्रेऽपि—

'यद् द्रेष्काणे च यामित्रे यस्य स्याद् दारुणो ग्रहः ।
क्षीणचन्द्रो विलग्नस्थो सद्यो हरति जीवितम्' ॥[५]

शुकजातके श्लोका इमे प्राप्यन्ते, तद् यथा—

'आपोक्लिमस्थिताः सर्वे ग्रहा बलविवर्जिताः ।
षण्मासं वा द्विमासं वा तस्यायुः समुदाहृतम्' ॥[६]
'क्षीणचन्द्रात्त्रिकोणस्थैः पापैः सौम्यविवर्जितैः ।
माता परित्यजेद् बालं षण्मासान्नाऽत्र संशयः ॥[७]
एकांशकस्थौ मन्दारौ यत्र तत्र स्थितौ यदि ॥[८]
भौमांशकस्थिते भानौ स्वपुत्रेण निरीक्षिते ।
प्राग्जन्मतो निवृत्तिः स्यान्मृत्युर्वापि शिशोः पितुः' ॥[९]
भानुः पिता हि जन्तूनां चन्द्रो माता तथैव च ॥[१०]
पापदृष्टियुतो भानुः पापमध्यगतोऽपि वा ।
पित्ररिष्टं विजानीयाच्छिशोर्जातस्य निश्चितम् ॥

---

१. बृहज्जातके ४।१३ तथा भट्टोत्पलटीकायां बादरायणमतम् ।
२. शुकजातके ३।१६-२० ।
३. बृहज्जातके ४।१६, भट्टोत्पलटीकायां यवनेश्वरमतम् ।
४. शुकजातके ४।२९-३० ।
५. बृहत्पराशरहोराशास्त्रे ५।२१ ।
६. शुकजातके ४।३०-३१ ।
७. तत्रैव ४।८ ।
८. शुकजातके ४।९ ।
९. तत्रैव ४।५-६ ।
१०. तत्रैव ४।२ ।

भानौ षष्ठाष्टमर्क्षस्थे पापैः सौम्यविवर्जितैः ।
चतुरस्रगते वापि पित्ररिष्टं विनिर्दिशेत्' ॥[१]

एत एव श्लोका बृहत्पराशरहोराशास्त्रेऽक्षरश उपलभ्यन्ते, तद् यथा—

'आपोक्लिमस्थिताः सर्वे ग्रहा बलविवर्जिताः ।
षण्मासं वा द्विमासं वा तस्यायुः समुदाहृतम् ॥[२]
क्षीणचन्द्रात्त्रिकोणस्थैः पापैः सौम्यविवर्जितैः ।
माता परित्यजेद् बालं षण्मासाच्च न संशयः ॥
एकांशकस्थौ मन्दारौ यत्र कुत्र स्थितौ यदा ॥[३]
भौमांशकस्थिते भानौ स्वपुत्रेण निरीक्षिते ।
प्राग्जन्मतो निवृत्तिः स्यान्मृत्युर्वापि शिशोः पितुः ॥[४]
भानुः पिता च जन्तूनां चन्द्रो माता तथैव च ।
पापदृष्टियुतो भानुः पापमध्यगतोऽपि वा ॥
पित्ररिष्टं विजानीयाच्छिशोर्जातस्य निश्चितम् ।
भानोः षष्ठाष्टमर्क्षस्थैः पापैः सौम्यविवर्जितैः ॥
चतुरस्रगतैर्वापि पित्ररिष्टं विनिर्दिशेत्' ॥[५]

एतस्मिञ्ज्ञाने काठिन्यमनुभूयते यदेते श्लोका बृहत्पराशरहोराशास्त्राच्छुकजातकेऽवतारिता अथवा शुकजातकाद् बृहत्पराशरहोराशास्त्रे सङ्कलिता वर्तन्ते । परजातकस्य कृते ये योगा बृहज्जातके[६] निर्दिष्टास्त एव शुकजातकेऽपि समुपलभ्यन्ते ।[७] शुकजातकस्य कतिपये श्लोकाः कल्याणवर्मणः सारावल्यां प्राप्यन्ते । यथा श्लोकोऽयं शुकजातके—

'तीव्रफलराजयोगा यवनाद्यैर्ये विनिर्मितास्तेषु ।
जायन्ते खलु कुलजाऽरिष्टं तेषां प्रसूतानाम् ॥[८]

---

१. शुकजातके ४।३-५ ।
२. बृहत्पराशरहोराशास्त्रे ५।२२ ।
३. बृहत्पराशरहोराशास्त्रे ५।३१-३२ ।
४. तत्रैव ५।३९ ।
५. तत्रैव ५।४२-४३ ।
६. बृहज्जातके ५।६।
७. शुकजातके ४।१६-१७ ।
८. तत्रैव ४।३४ ।

लग्नाधिपजन्मपती षष्ठाष्टमरिष्फगौ प्रसवकाले ।
चाऽस्तमितौ मरणकरौ राशिप्रमितैर्वदेदब्दैः' ।।[१]

कल्याणवर्मणः सारावल्यामपि श्लोकानामेतेषामक्षरश उल्लेखः समुपलभ्यते, तद् यथा —

'तीव्रफलराजयोगा यवनाद्यैर्ये विनिर्मितास्तेषु ।
जायन्ते खलु कुलजारिष्टं तेषु प्रसूतानाम् ।।[२]
लग्नाधिपजन्मपती षष्ठाष्टमरिष्फगौ प्रसवकाले ।
अस्तमितौ मरणकरौ राशिप्रमितैर्वदेद्वर्षैः' ।।[३]

सारावल्यां कतिपयेऽन्यश्लोका[४] अपि शुकजातक[५]श्लोकसदृशा एव दृश्यन्ते । विस्तरभियाऽत्र तत्सर्वं न निगदितम् ।

शुकजातकस्य कालः कर्तृत्वञ्च

कस्यचिदविज्ञातस्य ग्रन्थस्य कालनिर्धारणं दुष्करमेव । परन्तु पूर्वोक्त-विवेचनेन प्रतीयते यच्छुकजातकमिदं वराहमिहिरानन्तरं केनचिच्छुकदेव-ब्रह्मर्षिणाऽलेखि । भट्टोत्पलस्य कालेऽपि जातकमिदं न प्रणीतमासीत्, तस्मादेव तेनाऽपि न कृतोऽस्योल्लेखः । शुकजातककारेण यवनस्योल्लेखो विहितः । तेन ग्रन्थस्याऽन्तेऽपि विलिखितम् —

'इत्यादि योगा यवनोपदिष्टा मयेरिता पूर्वक्रमानुषङ्गात्'[६] ।।

यवनाचार्या अनेकेऽभवन् येषामुल्लेखो वराहमिहिरेणाऽपि कृतः । 'स्फुजिध्वज' नामधेयस्य कस्यचिद् यवनेश्वरस्य मतं भट्टोत्पलेनोपन्यस्तं किन्तु स्फुजिध्वजेनाऽपि कस्यचिद् यवनाचार्यस्य मतं समुल्लिखितम् । एतस्मिन् सन्दर्भे ज्ञातुं न शक्यते यत्कस्य यवनाचार्यस्य मतं शुकजातके भणितम् । बृहज्जातकस्य शुकजातकेन सह नितरां साम्यं वर्तते तस्माद् बृहज्जातकात्परवर्त्ति जायकमिदं मन्येत चेन्न काचिद् हानिरिति ।

अस्य जातकस्य कतिपये श्लोकाः सारावल्यामक्षरशः प्राप्यन्ते । सारावली-

---

१. शुकजातके ४।४० ।
२. सारावल्याम् १०।११ ।
३. तत्रैव १०।२५ ।
४. सारावल्याम् १०।१७,२६ ।
५. शुकजातके ४।३६,४३ ।
६. तत्रैव ६।९ ।

कारस्य कल्याणवर्मणः कालः ८२१ शकाब्दे वर्तते[1]। अत एव शुकजातकस्य रचना ८२१ शकाब्दानन्तरमेव कृता स्यात्।

बृहत्पराशरहोराशास्त्रस्याऽपि कतिपये श्लोकाः शुकजातकेऽस्मिन्नक्षरश उपलभ्यन्ते। इदं होराशास्त्रं पराशरान्नातिप्राचीनं मन्यते, यतो हि भट्टोत्पलेन लिखितं यन्मया पराशरस्य संहिता तु दृष्टा किन्तु तस्य जातकं न दृष्टम्—

'पाराशरीया संहिता केवलमस्माभिर्दृष्टा न जातकम्। श्रूयते स्कन्धत्रयमिति पाराशरस्येति।'[2]

भट्टोत्पलस्य काले यदि पराशरस्य होराशास्त्रं जातकं वा नासीत् तर्हि कथं पाराशरीयं जातकमद्य स्वीक्रियेत्? किन्त्वद्य बृहत्पराशरी लघुपराशरी चेति नामधेयौ द्वौ ग्रन्थौ समुपलभ्येते[3]। बृहत्पराशर्येव बृहत्पराशरहोराशास्त्रमिति नाम्ना प्रथितं वर्तते। इदं बृहत्पराशरहोराशास्त्रं जैमिनिसूत्रेण प्रभावितं प्रतिभाति। जैमिनिसूत्रस्याऽध्यायद्वयं प्राचीनतमं मन्यते, यतो ह्यत्र मेषादीनामुल्लेखो नास्ति, राशिशब्दस्य त्वुल्लेखोऽस्ति। तृतीयचतुर्थाऽध्याययोर्मेषवृषवृश्चिकानामेवाऽऽगतानि नामानि। महाभारतेऽपि मेषादीनामनुल्लेखादिदं जैमिनिसूत्रं महाभारतात्परवर्ति स्यात्। सम्भाव्यतेऽस्य रचयिता जैमिनिः पूर्वमीमांसासूत्रस्याऽपि कर्त्ता स्यात् तर्हि जैमिनिसूत्रस्य रचना ई० पू० २००–४०० समयान्तरालेऽभूदिति ज्ञातुं शक्यते[4]। ततः परं बृहत्पराशरहोराशास्त्रस्य रचनाऽभवद्, यतो हि ग्रन्थेऽस्मिन् मेषादीनां द्वादशराशीनामुल्लेखः कृतः। जैमिनिसूत्रस्य वराहमिहिरेण भट्टोत्पलेन चोल्लेखः कुत्रापि न विहितः। शुकजातकं जैमिनिसूत्रेणाऽप्रभावितमेवाऽस्ति। विषयस्य सन्देहादत्र बहुना प्रपञ्चितेनाऽलमिति।

शुकजातकस्य विषयाः सिद्धान्ताश्च बृहज्जातकानुसारं भट्टोत्पलोद्धृतमणित्थबादरायणयवनेश्वराद्याचार्यानुसारमेव प्राप्यन्ते। सारावल्याः कतिपये श्लोका अक्षरशोऽत्र साम्यं दधति। बृहत्पराशरहोराशास्त्राच्छ्लोका अपि शुकजातके समुपलभ्यन्तेऽत एव तर्क्यते यज्जातकमिदं सङ्ग्रहन्थोऽपि भवितुमर्हति। एतदतिरिक्तमस्मिन् जातके यवन(ग्रीक)भाषायाः शब्दा उपलभ्यन्ते, तद्

---

१. भारतीय ज्योतिष, पृ० ६३८।

२. बृहज्जातके ७।९ भट्टोत्पलटीकायाम्।

३. भारतीय ज्योतिष, पृ० ६३४।

४. धर्मशास्त्र का इतिहास (चतुर्थ भाग), पृ० १३ (भूमिका)।

यथा—आगोकेरो (Aigokeros), आपोक्लिम (Apoklime), मेषूरण (Mesuranios), होरा (Hora), हिबुक (Hypogenion) इत्यादयः। एते शब्दा वराहमिहिरस्य बृहज्जातके[1] बहुधा प्राप्यन्ते। कतिपये च जैमिनिसूत्रे[2]ऽप्युपलभ्यन्ते। ग्रीकजना एव म्लेच्छा यवना वा कथ्यन्त इति वराहमिहिरेण बृहत्संहितायामुक्तम्—

'म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यक् शास्त्रमिदं स्थितम्।
ऋषिवत्तेऽपि पूज्यन्ते किं पुनर्दैवविद् द्विजः'॥[3]

एतेषां ग्रीकशब्दानामादानं चतुर्थशताब्द्याः परमेव भवितुमर्हति[4]। एतस्मात् प्रतीयते यदस्य शुकजातकस्य रचना वराहमिहिरस्य बृहज्जातकं कल्याणवर्मणश्च सारावलीं दृष्ट्वा केनचिच्छुकदेवनाम्ना ब्रह्मर्षिणा कृता तथा चाऽत्र यवनजातकस्यापि सारः समुल्लिखितः। अतोऽस्य रचनाकालः केवलमनुमानावलम्बनद्वारेण कश्चिन्निश्चितवर्त्म नाऽनुसरति।

यथा तथा वा भवतु शुकजातकमिदं बालारिष्टाऽऽयुर्दायवर्णनेऽन्यजातकेभ्यो वैलक्षण्यमेव मतमुपस्थापयति। राशिस्वरूपग्रहबलाबलनिषेकादिवर्णनं त्वस्य बृहज्जातकानुसारमेवाऽस्ति, किन्तु बालारिष्टादियोगानां वर्णनं किञ्चिद्बृहज्जातकसारावलिबृहत्पराशरहोराशास्त्रानुसारं क्वचित्तु विलक्षणमेवैतेभ्यो ग्रन्थेभ्यः प्रतिभाति।

अस्य शुकजातकस्योपरि संस्कृतभाषायामेका टीकाऽपि प्राप्यते[5] यस्या रचयिता 'गणेश'नामधेयः कोऽपि दैवज्ञो वर्तते। साऽपि न प्रकाशिताऽद्यावधि वर्तते। लघुकायमिदं शुकजातकमद्यावध्यप्रकाशितं ज्योतिषग्रन्थरत्नं महत्त्वपूर्णं वर्तते। अस्य ग्रन्थस्य सम्पादनं समेषां विदुषां कृते प्रमोदाय कल्पत इति मत्वा जातकमिदं सम्पाद्यते मयेति।

विदुषां वशंवदः
डॉ० बृजेशकुमारशुक्लः

---

१. बृहज्जातके १।१८।
२. द्रष्टव्यम्—जैमिनिसूत्रम्।
३. बृहत्संहितायाम् २।१५।
४. संस्कृत साहित्य का इतिहास (ए० बी० कीथ), पृ० ६२८।
५. 'शुकजातक-टीका'—मातृका सं० ५७३६ (अखिल भारतीय संस्कृत-परिषद् लखनऊ)।

विषयानुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ
प्रथम अध्याय	१
मङ्गलाचरण, ज्योतिषशास्त्र विभाजन	१
राशीशचक्रम् तथा राशिस्वरूप	२
दिशापतिकथन तथा दिशापतिचक्र	४, ५
ग्रह-दृष्टिकथन	६
राशिप्रमाण	६
ग्रहवर्णगुणप्रकृतिनिरूपण	।६
ग्रहसञ्ज्ञा-चक्र	८
ग्रह-स्वरूप तथा अवस्था	८
ग्रह-अवस्था चक्र	१०
ग्रहों के नाम	१०
द्वितीय अध्याय	१३
ग्रह-बलविचार	१३
ग्रहों के उच्च-नीच चक्र	१३
द्रेष्काणचक्र	१३
यवनेश्वर के मत से द्रेष्काण चक्र	१४
वराहमिहिर के मत से होरा-चक्र	१४
यवनेश्वर के मत से होरा-चक्र	१४
नवांश-चक्र	१५
सूर्यादि का मित्रादि क्षेत्र में बल विचार	१५
वराहमिहिर के मत से नैसर्गिक ग्रहमैत्री चक्र	१६
यवनाचार्य के मत से ग्रह-मैत्री चक्र	१६
दिशास्वामी चक्र	१६
चन्द्र-बल विचार	१७
भौम-बल विचार	१७
बुध-बल विचार	१८
बृहस्पति-बल विचार	१८
शुक्र-बल विचार	१९
शनि, राहु, केतु बल-विचार	१९-२०
केन्द्र-बल कथन	२०
ग्रहों की मूल त्रिकोण-राशियाँ	२१
राशिगत ग्रह बल विचार	२१
राशियों की पृष्ठोदयादि सञ्ज्ञा चक्र	२२
नवांशादि बल विचार	२२
भावसञ्ज्ञा चक्र	२३
भावसंज्ञान्तर चक्र	२४
अथ भावसंज्ञा चक्र	२४
ग्रहों के नैसर्गिक बल कथन	२५
राशि-नामान्तर चक्र	२६
राशियों की क्रूरादि तथा चरादिसंज्ञा	२७

विषय	पृष्ठ
तृतीय अध्याय	२८
गर्भधारणार्थ रजोदर्शन योग	२८
उपचयापचयबोधक चक्र	२८
गर्भदायक योग	२९
पुत्रप्रद योग	३०
यमलसन्तति योग	३१-३२
नपुंसकसन्तति योग	३२
गर्भमास कथन	३४
गर्भाधान लग्न से जन्मलग्न विचार तथा पुरुषसन्तति योग	३६
कन्या सन्तति योग	३१, ३७
गर्भाधान काल से जन्म-कालिक चन्द्र का ज्ञान	३८
राशियों का द्वादशांश चक्र	३८
समराशियों का त्रिंशांश चक्र	३९
विषम राशियों का त्रिंशांश चक्र	३९
गर्भाधानकालिक लग्न से जन्मकालिक घटी-पल का ज्ञान	४०
राशियों का सप्तमांश चक्र	४०
चतुर्थ अध्याय	४२
माता-पिता के अरिष्ट का विचार	४२
परजातशिशु विचार	४५
कालाङ्गविभाग तथा द्रेष्काणाङ्गविभाग चक्र	४६

विषय	पृष्ठ
बालारिष्ट योग	४७
गण्डान्त विचार	४८
बालारिष्ट योग	५०
मेषादि लग्नों में अंशानुसार जातक का अरिष्ट	५२
चन्द्रमा के अंशानुसार जातक का अरिष्ट	५३
मातृहा योग	५३
अरिष्टभङ्गयोगकथन	५४
पञ्चम अध्याय	५६
अरिष्टयोग विचार	५६
अल्पायुर्दाय योग	५६
वर्गोत्तम नवांश चक्र	६०
मध्यायुर्दाय योग	६०
दीर्घायुर्दाय योग	६१
षष्ठ अध्याय	६५
अमितायुर्योगकथन	६५
युगायुर्योग	६५
मुनितुल्यायुर्योग	६६
अमितायुर्योग	६७
दशवर्गजातपारिजातादि-सञ्ज्ञाबोधक चक्र	६८
युगान्तायुर्योग	६५
दशान्तर्दशा में अरिष्टादि फलविचार	६८
टीकाकृद्वंशवर्णनम्	६९
शुकजातकं·श्लोकानुक्रमणिका	७०
सन्दर्भग्रन्थसूची	७१

।। इति विषयानुक्रमणिका ।।

॥ श्री ॥

शुकजातकम्

'चन्द्रकला'-हिन्दीव्याख्यासहितम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

जयति जगदेकहेतुर्विश्वात्मा सर्वलोकदीपकरः ।
अनुदिनमुदयविनाशस्थितिकर्त्ता भास्करो दिनाधीशः ॥ १ ॥

टीकाकर्तुर्मङ्गलाचरणम्

हेरम्बपादकमलं शिरसा प्रणम्य वाणीं गुरुं च शुभदां ग्रहभर्क्षमालाम् ।
ब्रह्मर्षिगीतशुकजातकपद्यटीकां हिन्द्या करोमि खलु 'चन्द्रकला'भिधानाम् ॥

शुकजातक ग्रन्थ के प्रणेता आचार्य ब्रह्मर्षि ग्रन्थ की निर्विघ्न समाप्ति हेतु तथा शिष्टाचार का अनुपालन करते हुए ग्रन्थ के आदि में मङ्गलाचरण करते हैं—संसार के एकमात्र कारणभूत, विश्वात्मा, समस्त लोकों को अपने आलोक से दीप्त करने वाले, प्रतिदिन उदय, विनाश तथा स्थिति (सृष्टि, प्रलय तथा भरण-पोषण) के विधाता और दिन के अधिष्ठाता भगवान् सूर्य उत्कर्ष को प्राप्त हो रहे हैं ॥ १ ॥

निमिषादिवत्सरान्तं राशिप्रमाणमेकैकम् ।
गणितस्कन्धे प्रोक्तं पूर्वंग्रहचारलक्षणैः सार्द्धम् ॥ २ ॥

आचार्य वराहमिहिर ने भी बृहज्जातक में 'वाचं नः स ददात्वनेन किरणस्त्रैलोक्यदीपो रविः' ऐसा कहकर मङ्गलाचरण में सूर्य का स्तवन करते हुए उसे त्रैलोक्यदीप कहा है । कदाचित् वही विधा यहाँ भी अपनायी गयी है ।

निमिष से वत्सर (वर्ष) पर्यन्त काल की गणना, एक-एक राशि का प्रमाण पूर्व ग्रहचार (गोचरत्व) के लक्षण के साथ गणितस्कन्ध में कहा गया है ॥ २ ॥

होरास्कन्धे सम्यग्दशाविभागं पुरा विनिर्दिष्टम् ।
विस्तारशास्त्रमार्गो न शक्यो मन्दबुद्धिभिर्ज्ञातुम् ।। ३ ।।

ज्योतिषशास्त्र को संहिता, होरा तथा जातक स्कन्धों में विभक्त किया गया है । संहिता में गणितस्कन्ध की गणना की जाती है । मुहूर्त्त, शकुन तथा गोचरफलित होरास्कन्ध के अन्तर्गत आता है । जातकस्कन्ध में मनुष्यों के शुभाशुभ फलों का निरूपण जन्मलग्नादि के द्वारा किया जाता है । होरास्कन्ध में दशाओं, राशियों, बलाबल आदि की भी चर्चा की जाती है । अतएव ब्रह्मर्षि जी आगे कहते हैं—

होरास्कन्ध में सम्यक् दशाओं का विभाग पहले ही बताया गया है । ज्योतिषशास्त्र का मार्ग अतिविस्तृत है, जो मन्दबुद्धि वाले लोगों के द्वारा जाना नहीं जा सकता है ।। ३ ।।

तस्मात्प्रयोगसिद्धेराचार्यैर्यत्फलं स्वसिद्धं तत् ।
विस्पष्टार्थं वक्ष्ये होराशास्त्रार्णवात्सारम् ।। ४ ।।

अत: ज्योतिषशास्त्रसम्मत प्रयोग की सिद्धि के कारण आचार्यों ने जिस फल को स्वयं सिद्ध किया है अर्थात् अनुभव किया है; मैं होराशास्त्र रूपी समुद्र से सारभूत उसी फल को विशेष स्पष्टीकरण के लिए कहूँगा ।। ४ ।।

मेषवृषमिथुनकर्कटसिंहकन्यातुलश्च ।
वृश्चिकश्च धनुरथमकरकुम्भौ मीन इति ।। ५ ।।
।। राशिनामानि ।।

इस फलित जातक में ब्रह्मर्षि मुनि के अनुसार अनुभवगम्य फल की परिचर्चा की जायगी । यह शुक्रजातककार का मत है ।

मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुम्भ तथा मीन—ये द्वादश राशियों के नाम हैं ।। ५ ।।

राशीशचक्रम्

राशि	मे.	वृ.	मिथुन	क.	सिंह	कन्या	तु.	वृश्चिक	ध.	मकर	कुम्भ	मीन
स्वामी	मं	शु.	बुध	चं.	सूर्य	बुध	शु.	मङ्गल	गुरु	शनि	शनि	गुरु

कन्या सानलसस्या प्लवगा च तुलाधरो घटीमीनौ।
नक्रो मृगाक्षिवदनो नरोऽश्वजघनो धनुः पाणिः ॥ ६ ॥

कन्या राशि एक हाथ में अग्नि तथा दूसरे हाथ में सस्य (अन्न) ग्रहण करने नाव पर स्थित कन्या जैसी है। तुला राशि का स्वरूप हाथ में तराजू लिये हुए पुरुष जैसा है तथा दो मछलियों में एक के मुँह में दूसरे की पूँछ मिलाकर जो स्वरूप निर्मित होता है वही मीन राशि का स्वरूप है। मकर राशि का स्वरूप मृग के समान आँख और मुख वाला पुरुष है। धनुराशि का स्वरूप कटिप्रदेश से नीचे घोड़े के समान जघन वाला हाथ में धनुष लिये हुए पुरुष है तथा कन्धे पर घड़ा लिये हुए पुरुष जैसा कुम्भ राशि का स्वरूप है ॥६॥

मेषवृषमिथुनकर्कटाः स्वनामसदृशाश्चराः।
मिथुनं दण्डधरं वीणाहस्तं च विज्ञेयम् ॥ ७ ॥

मिथुन राशि का स्वरूप स्त्री-पुरुष युगल है। स्त्री के हाथ में वीणा तथा पुरुष के हाथ में दण्ड है। मेष, वृष, मिथुन तथा कर्क अपने नाम के समान स्वरूप वाली तथा आकाशचरसंज्ञक हैं। अर्थात् मेष राशि भेड़ जैसी, वृष बैल के समान, मिथुन स्त्री-पुरुष के जोड़े सदृश तथा कर्क राशि केकड़े के समान स्वरूप वाली है। इसके अतिरिक्त सिंह राशि सिंह के स्वरूप वाली तथा वृश्चिक राशि बिच्छू के स्वरूप वाली है ॥ ७ ॥

अलिमीनकुलीराख्या जलात्मका जलचराश्च विज्ञेयाः।
तौलिवृषयुगघटकन्या जलाश्रितास्तत्प्रदेशनिरताः स्युः ॥ ८ ॥

राशिस्वरूप के विषय में वराहमिहिर ने भी शुकजातक में वर्णित राशि-स्वरूप के अनुसार ही राशियों का वर्णन किया है—

'मत्स्यौ घटी नृमिथुनं सगदं सवीणं
चापी नरोऽश्वजघनो मकरो मृगास्यः।
तौली ससस्यदहना प्लवगा च कन्या
शेषाः स्वनामसदृशाः खचराश्च सर्वे' ॥ (बृहज्जातक १।५)

भट्टोत्पल ने अपनी बृहज्जातक की टीका में सत्याचार्य का मत उल्लिखित करते हुए कुछ राशियों के स्वरूप में वैभिन्य उपस्थापित किया है—

'छागो वृषभो वीणागदाधरं मिथुनमम्भसि कुलीरः।
सिंहः शैले कन्या नौसंस्था दीपसस्यकरा ॥

पुरुषस्तुलाधरो वृश्चिकोऽथ धन्वी नरो हयान्त्यार्धः ।
मकरार्धं मृगपूर्वं कुम्भी पुरुषो झषो मीनः' ।।
(बृहज्जातक, भट्टोत्पल-टीका पृ० ७)

यहाँ मेष राशि का स्वरूप मेष जैसा न कहकर छाग (बकरे) जैसा बतलाया गया है । कन्या राशि हाथ में दीपक तथा अन्न लिये हुए कही गयी है । दैवज्ञों ने मेष को अज के रूप में भी देखा है । अतएव अज शब्द मेष राशि के पर्याय के रूप में व्यवहृत होता है । बृहज्जातक की भट्टोत्पल टीका में यवनेश्वर के नाम से राशियों के स्वरूपादि के बोधहेतु द्वादश श्लोक उद्धृत किये गये हैं (भट्टोत्पल-टीका पृ० ८) । यवनेश्वर ने भी राशियों का स्वरूप शुकजातक तथा सत्यजातक के अनुसार ही बतलाया है ।

वृश्चिक, मीन तथा कर्क जलात्मकता से युक्त होने के कारण जलचर कही जाती हैं । तुला, वृष, मिथुन, कुम्भ तथा कन्या जलाश्रित राशियाँ हैं और जल के आश्रित प्रदेश में निरत रहती हैं ।। ८ ।।

स्थलराशयस्तु शेषाः सिंहो गिरिगह्वरप्रदेशस्थः ।
सानुप्रदेशनिरतो मेषो नगराश्रितस्तुलाधारी ।। ९ ।।

सिंह राशि पर्वतों और गुफाओं के प्रदेशो में निरत है । मेष राशि पर्वत-प्रदेश में निरत तथा तुला राशि नगर के आश्रित बतलायी गई हैं । ये शेष स्थल-राशियां है । वृश्चिक राशि कीट तथा अजगरों की भूमि पर आश्रित है और धनु राशि यज्ञ, अश्व तथा रथ की भूमि पर विचरण करती है । मकर राशि का निवास नदी, वन तथा सरोवर है ।। ९ ।।

यहाँ 'शुकजातक' में मकर तथा धनु राशियों के लिए उनके आश्रित प्रदेश नहीं बतलाये गये हैं । भट्टोत्पल के द्वारा उद्धृत यवनेश्वर के मतानुसार उप-र्युक्त दोनों राशियों का वर्णन किया गया है ।

अथ दिशापतिः

रविशुक्रभौमसर्पाः सौरेन्दुसौम्यवाक्पतिक्रमशः ।
प्राच्यादीनां नाथा बलान्विताः सर्वकालेषु ।। १० ।।

पूर्व दिशा का सूर्य, अग्निकोण का शुक्र, दक्षिण का भौम, नैर्ऋतिकोण का राहु, पश्चिम का शनि, वायुकोण का चन्द्र, उत्तर का बुध तथा ईशानकोण का

स्वामी बृहस्पति है। ये ग्रह सभी कालों में दिशाओं में बलवान् रहते हैं ॥ १० ॥

दिशापतिचक्रम्

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैर्ऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
स्वामी	सूर्य	शुक्र	भौम	राहु	शनि	चन्द्र	बुध	गुरु

जामित्रं चतुरस्रं त्रिकोणमाज्ञातृतीयमेतानि।
स्वस्थानाद् वीक्ष्यन्ते ग्रहाः क्रमेण बोधव्याः ॥ ११ ॥
सम्पूर्णं पादोनं पूर्णार्द्धं पादमेकं किरणेभ्यः।
रिपुमैत्र्यंशविहीना नीचे द्वादशार्कगास्तु पादांशात् ॥ १२ ॥

ग्रह अपने स्थान से जामित्र (सप्तम) स्थान को पूर्णदृष्टि से, चतुरस्र (चतुर्थ तथा अष्टम) को तीन चरणों से, पञ्चम तथा नवम (त्रिकोण) को दो चरणों से तथा आज्ञा (दशम) और तृतीय को एक चरण से देखते हैं। शत्रु तथा मित्र के अंश से रहित, नीचस्थ, चन्द्र तथा सूर्य के साथ स्थित ग्रह की दृष्टि पादांश मात्र होती है ॥ ११–१२ ॥

उपर्युक्त ग्रहों की दृष्टियों का कथन किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रहों की दृष्टि के सम्बन्ध में भगवान् गार्गि का मत उद्धृत किया गया है—

'दुश्चिक्य दशमगात् सौरिस्त्रिकोणस्थात् बृहस्पतिः।
चतुर्थाष्टमगान् भौमः शेषाः सप्तमसंस्थितान्' ॥

(बृहज्जातक टीका पृ० ३२)

अर्थात् शनि तृतीय और दशम स्थान को, बृहस्पति पञ्चम तथा नवम को, भौम चतुर्थ तथा अष्टम को और शेष ग्रह सप्तम स्थान को पूर्ण दृष्टि से देखते हैं।

राहु तथा केतु की दृष्टि के विषय में एक मत यहाँ उद्धृत किया जाता है—

'सुते सप्तमे पूर्णदृष्टिस्तमस्य तृतीये रिपौ पाददृष्टिर्नितान्तम्।
धने राज्यगेहेऽर्धदृष्टिं वदन्ति स्वगेहे त्रिपादं भवेच्चैव केतोः' ॥

राहु की पञ्चम तथा सप्तम स्थान में पूर्णदृष्टि होती है। तृतीय तथा षष्ठ में एकपाद दृष्टि, द्वितीय तथा दशम स्थान में अर्धपाद दृष्टि और अपने घर में त्रिपाद दृष्टि होती है। यहाँ केतु की भी दृष्टि समझनी चाहिए।

विंशत्यष्टादशदशरविमनुषोडशांशकिरणाः स्युः।
पूर्वादीनां सङ्ख्या राशीनामीश्वरोऽर्ककिरणाः स्युः॥ १३॥

राशियों का मान बतलाते हुए कहते हैं कि मेष का २०, वृष का २४, मिथुन का २८, कर्क का ३२, सिंह का ३६ तथा कन्या का मान ४० है। यह पूर्वादि राशियों की उदयप्रमाण सङ्ख्या कही गयी है। इन राशियों में उक्त-सङ्ख्यक रविकिरणें समझनी चाहिए। इसी प्रकार तुला का ४०, वृश्चिक का ३६, धनु का ३२, मकर का २८, कुम्भ का २४ तथा मीन राशि का प्रमाण २० है॥ १३॥

रविगुरुभौमाः पुरुषाः स्त्रियस्ते राहुभार्गवशशाङ्काः।
शत्रुयुतनीचसौरसौम्या नपुंसकाश्चेति विज्ञेयाः॥ १४॥

सूर्य, बृहस्पति तथा मङ्गल ये पुरुषसञ्ज्ञक ग्रह हैं; राहु, शुक्र तथा चन्द्र स्त्रीसञ्ज्ञक तथा शत्रु से युति रखने वाले और नीचस्थ शनि एवं बुध ग्रह नपुंसकसञ्ज्ञक जानने चाहिए॥ १४॥

शुक्रगुरु विप्रेशौ रविभौमौ क्षत्रियौ विशश्चन्द्रः।
अन्तरजातिः सौम्यो वृषलो मन्दोऽन्त्यजातिरिन्दुरिपुः॥ १५॥

शुक्र-गुरु का ब्राह्मण वर्ण, रवि-भौम क्षत्रिय वर्ण, चन्द्र वैश्य वर्ण, बुध मिश्रित जाति वाला, शनि शूद्र तथा राहु अन्त्यज जाति वाला ग्रह है॥ १५॥

आचार्य वराहमिहिर ने बृहज्जातक २।७ में बुध को वैश्य वर्ण का माना है तथा राहु के वर्ण का उल्लेख नहीं है। भट्टोत्पल-टीका (पृ० २७) में सत्याचार्य के मत का उल्लेख करते हुए बुध को शूद्र तथा शनि को सङ्कर जाति का स्वामी कहा है—

'गुरुशुक्रौ रविरक्तौ चन्द्रः सौम्यः शनैश्चरश्चेति।
विप्रक्षत्रियविट्शूद्रसङ्कराणां प्रभुत्वकराः'॥

राहुशनिकेतुभौमाः पापाः क्रूरौ रविः शशी कृष्णे।
बुधगुरुशुक्राः सौम्याः शुक्ले सौम्यः शशी ज्ञेयः॥ १६॥

राहु, शनि, केतु तथा मङ्गल पाप ग्रह हैं, सूर्य तथा कृष्णपक्ष में चन्द्रमा क्रूरसञ्ज्ञक ग्रह हैं और बुध, बृहस्पति, शुक्र तथा शुक्लपक्ष में चन्द्रमा सौम्य ग्रह कहे गये हैं, ऐसा जानना चाहिए ।। १६ ।।

शुक्रबुधौ राजसिकौ गुरुशशिरवयस्तु सात्त्विकाः ।
ज्ञेया भौमशनिसैंहिकेयास्तमोगुणाः सर्वकार्येषु ।। १७ ।।

शुक्र तथा बुध राजस; गुरु, चन्द्र और सूर्य सात्त्विक तथा मङ्गल, शनि, राहु तामस हैं, ऐसा सभी कार्यों में समझना चाहिए ।। १७ ।।

यवनाचार्य ने मङ्गल को सात्त्विक ग्रह कहा है, जैसा कि भट्टोत्पल ने अपनी टीका (बृहज्जातकविवृति पृ० २८) में उद्धृत किया है—

'सत्त्वाधिका भास्करभौमजीवा भृग्वात्मजो राजसिकः शशी च ।
शनैश्चरस्तामसिको बुधस्तु संयोगताऽस्माल्लभते विशेषान्' ॥

अर्थात् सूर्य, मङ्गल, गुरु सात्त्विक, शुक्र-चन्द्रमा राजस, शनि तामस और बुध संयोगवश (प्रति के अनुसार) गुण के वैशिष्टय को प्राप्त करता है ।

परन्तु वराहमिहिर तथा सत्याचार्य का मत 'शुकजातक' के अनुसार ही है ।

पित्तात्मकौ रविकुजौ वातश्लेष्माधिकौ तु चन्द्रसितौ ।
वाताधिकोऽर्कपुत्रः शशिजो मिश्रेऽथ वाक्पतिश्चापि ।। १८ ।।

सूर्य तथा मङ्गल पित्तप्रकृति, चन्द्र तथा शुक्र वात-कफप्रकृति वाले, शनि वातप्रकृति तथा बुध और गुरु मिश्रित प्रकृति वाले ग्रह हैं ।। १८ ।।

रक्तश्यामो भानुश्चन्द्रो गौरः कुजोऽतिरक्तश्च ।
दूर्वाकारः सौम्यो हिरण्यवर्णो गुरुः स्वभावतो ज्ञेयः ।। १९ ।।

सूर्य का रक्तश्याम वर्ण, चन्द्र का गौर वर्ण, मङ्गल गाढ़ लाल रङ्ग वाला, बुध दूर्वा के आकार वाला (हरित वर्ण) तथा बृहस्पति स्वभाव से ही स्वर्णिम वर्ण (पीत वर्ण) वाला समझना चाहिए ।। १९ ।।

सितवर्णो भृगुसूनुर्नीलनिभो भास्करिः शिखी धूम्रः ।
बहुवर्णो भृगुसूनुस्त्वपरो नीलाञ्जनो राहुः ।। २० ।।

शुक्र का वर्ण श्वेत, शनि नील वर्ण वाला, केतु धूम्र (भूरे) वर्ण वाला तथा राहु नील अञ्जन के समान वर्ण वाला कहा गया है । कुछ आचार्यों के मत से शुक्र अनेक वर्ण वाला (बहुरङ्गी) है ॥ २० ॥

ग्रहसञ्ज्ञा चक्र

ग्रहण	सूर्य	चन्द्र	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
पुरुषादि संज्ञा	पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	स्त्री	×
जात्यादि संज्ञा	क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	अन्तर-जाति	विप्र	विप्र	शूद्र	अन्त्यज	×
पापादि संज्ञा	क्रूर	क्रूर (कृष्ण) सौम्य (शु.)	पाप	सौम्य	सौम्य	सौम्य	पाप	पाप	पाप
सात्त्विकादि संज्ञा	सा.	सात्त्विक	तामस	राजस	सा.	राजस	तामस	तामस	×
पित्तादि संज्ञा	पित्त	वात-श्लेष्मा	पित्त	मिश्र	मिश्र	वात-श्लेष्मा	वात	×	×
वर्ण संज्ञा	रक्त-श्याम	गौर	रक्त	हरित	पीत	श्वेत बहुवर्ण	नील	नील	धूम्र

उपर्युक्त चक्र में जहाँ केतु की सञ्ज्ञा का उल्लेख नहीं हुआ है वहाँ उसे राहु के समान समझना चाहिए तथा जहाँ राहु की सञ्ज्ञा नहीं कही गयी है, वहाँ राहु को शनि के समान मानना चाहिए।

सौम्योऽपि राशिवर्णो ग्रहयोगे तद्ग्रहोक्तवर्णगुणः।
स्वांशस्वक्षेत्रगतो ग्रहयोगविवर्जितो निजोक्तगुणः॥ २१॥

राशि का वर्ण सौम्य होने पर भी यदि उसमें ग्रह की प्रति हो तो उसी ग्रह के कहे गये वर्ण और गुण उस राशि के भी समझने चाहिए। जो ग्रह अपने अंश (नवांशादि) तथा अपने क्षेत्र में स्थित हो और अन्य ग्रहों की युति से रहित हो तो वह ग्रह केवल अपने ही गुणों का वहन करने वाला होता है॥ २१॥

अर्द्धाविष्टः सविता पिङ्गाक्षो नातिरोमहनुः।
अस्थिरवासोऽप्यलसो दुर्बलजानुः प्रसन्नमुखवक्ता॥ २२॥

अर्द्धाविष्ट सूर्य पिङ्ग नेत्रों वाला, रोम तथा हनु प्रदेश जिसके न्यून हैं, अस्थिर वास होते हुए भी आलसी, दुर्बल जानुभाग वाला और प्रसन्न मुख से बोलने की क्षमता से युक्त है॥ २२॥

दीर्घो मृदुस्वभावश्चन्द्रो मतिमान् न घृणिर्नयज्ञश्च।
वातश्लेष्मप्रकृतिः शुक्लाम्बरभूषणो न नित्यतनुः॥ २३॥

चन्द्रमा दीर्घ तथा मृदु स्वभाव वाला, बुद्धिमान्, दया रहित, नीतिज्ञ, वातकफप्रकृति, शुक्लवस्त्रभूषणधारी और अनित्य शरीर वाला है॥ २३॥

चपलो विघातकुशलो रक्ताक्षो पैत्तिकोऽग्निशिखाङ्कः।
विकृतश्चरोऽतिगौरः कृशोदरोऽङ्गारकोऽविनीतश्च॥ २४॥

मङ्गल चञ्चल, हानि (विघात) करने में कुशल, रक्तवर्ण की आँखों वाला, पित्तप्रकृति, अग्निशिखा के अङ्कस्वरूप, विकृत, चर, गौर वर्ण वाला, पतले पेट वाला और विनम्रता से रहित स्वभाव वाला है॥ २४॥

श्यामेक्षणो नयज्ञो मध्याकारः स्थिरान्वितो भ्रष्टः।
बहुवार्त्तान्वितभाषी विद्वान् सौम्यस्त्रिदोषसंयुक्तः॥ २५॥

बुध श्याम वर्ण के नेत्रों वाला, नीतिज्ञ, मँझले आकार वाला, स्थिरता से युक्त तथा भ्रष्ट है। अनेक वार्ताओं में बोलने वाला, विद्वान् तथा त्रिदोष (पित्त, कफ, वात) से समन्वित है॥ २५॥

स्थूलात्मा दीर्घतनुर्मध्वक्षो बुद्धिमान्नयज्ञश्च।
श्लेष्माधिकोऽतिवाग्मी पीताम्बरभूषणो श्रेष्ठः॥ २६॥

बृहस्पति स्थूल आतमा वाला, लम्बे शरीर वाला, मधुर दृष्टि से युक्त, नीतिज्ञ, बृद्धिमान्, कफप्रकृति और पीले वस्त्र, आभूषणों वाला श्रेष्ठपुरुष है॥ २६॥

कान्तः सुभगः शुक्रो वातश्लेष्माधिको विशालमतिः।
स्थूलवपुः स्त्रीवशगो विकटाक्षो वञ्चनस्वभावरतः॥ २७॥

शुक्र कान्त (रमणीय), सुन्दर, वात-कफप्रकृति, विशाल बुद्धि तथा स्थूल शरीर वाला है। शुक्र स्त्री के वश्य रहने वाला, विकट (विशाल) नेत्रों वाला तथा वञ्चन के स्वरूप में निरत रहने वाला है॥ २७॥

स्थूलनखदन्तकेशो मायावी बहुदीर्घपादश्च।
वाताधिकः शिरालो मन्दोऽप्यलसो न शान्तमतिः॥ २८॥

शनि स्थूल नख, दाँत तथा केशों वाला, मायावी, दीर्घ पैरों वाला, वात-प्रकृति, मण्डित सिर वाला, आलसी और शान्त बुद्धि से सम्पन्न है ॥ २८ ॥

बालाकारो भौमः कुमारवेषो बुधो गुरुस्त्रिंशत् ।
शुक्रः षोडशवर्षो रविस्तु पञ्चाशदब्दवेषश्च ॥ २९ ॥

मङ्गल बाल अवस्था वाला, बुध कोमारावस्था वाला और ३० वर्ष की अवस्था वाला गुरु है। शुक्र की अवस्था १६ वर्ष और सूर्य पचास वर्ष की अवस्था वाला है ॥ २९ ॥

शनिः सप्ततिवर्षो केतो राहोश्च वर्षशतम् ।
यो यो भावाधिपयुक्तो ग्रहो ग्राह्योऽपि विद्वद्भिः ॥ ३० ॥

शनि की अवस्था ७० वर्ष तथा राहु-केतु १०० वर्ष की अवस्था वाले हैं। जो-जो ग्रह जिस-जिस भाव का स्वामी हो, विद्वानों के द्वारा उक्त वर्षों में उस-उस भाव के फल का ग्रहण करना चाहिए ॥ ३० ॥

येषां प्रसूतिसमये बलान्वितो यो ग्रहो विशेषकरः ।
तस्य स्वभावस्वरूपं जनने नृणां सदा चिन्त्यम् ॥ ३१ ॥

विशेष रूप से जिन जातकों के जन्म के समय जो ग्रह अत्यधिक बली हो, उसी ग्रह के स्वभाव और स्वरूप का विचार मनुष्यों के जन्म में करना चाहिए ॥ ३१ ॥

ग्रह-अवस्था चक्र

सूर्य	चन्द्र	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
५० वर्ष	×	बाल अवस्था	कौमार अवस्था	३० वर्ष	१६ वर्ष	७० वर्ष	१०० वर्ष	१०० वर्ष

अथ ग्रहनामानि

सूर्यो भानुस्तथाऽऽदित्यो रविः प्रभाकरस्तथा ।
दिनेशस्तमोहन्ता च दिनकर्त्ता दिनमणिः ॥ ३२ ॥

भानु, आदित्य, रवि, प्रभाकर, दिनेश, तमोहन्ता, दिनकर्त्ता और दिन-मणि—ये सूर्य के नाम हैं ॥ ३२ ॥

शीतगुश्चन्द्रमा सोमो रजनीपतिरेव च।
शीतकिरणो निशानाथः शशी कुमुदिनीपतिः ॥ ३३ ॥

शीतगु, सोम, रजनीपति, शीतकिरण, निशानाथ, शशी तथा कुमुदिनी-पति—ये चन्द्रमा के नाम हैं ॥ ३३ ॥

आरो वक्रो महीसूनू रुधिरो रक्तराट् च।
अङ्गारक इति ख्यातः क्रूरदृक् क्रूरकृत्तथा ॥ ३४ ॥

आर, वक्र, महीसूनु, रुधिर, रक्तराट्, अङ्गारक, क्रूरदृक्, तथा क्रूरकृत्—ये मंगल के नाम हैं ॥ ३४ ॥

सौम्यो विज्ञो बुधश्चेति सोमजो बोधनस्तथा।
एते सौम्यस्य पर्यायाः कुमारश्च प्रभासुतः ॥ ३५ ॥

सौम्य, विज्ञ, सोमज, बोधन, कुमार, प्रभासुत तथा बुध—ये बुध के पर्यायवाची शब्द हैं ॥ ३५ ॥

गुरुर्जीवो देवमन्त्री देवतानां पुरोहितः।
देवेज्योऽङ्गिरस्सुतो बृहस्पतिरिति स्मृतः ॥ ३६ ॥

गुरु, जीव, देवमन्त्री, देवपुरोहित, देवेज्य तथा अङ्गिरासुत—ये बृहस्पति के पर्याय हैं ॥ ३६ ॥

शुक्रो भृगुर्भृगुसुतोऽस्फुजिच्च सितस्तथा।
उशना दैत्यपूज्यश्च कामः कविरिति स्मृतः ॥ ३७ ॥

भृगु, भृगुसुत, अस्फुजित्, सित, उशना, दैत्यपूज्य, काम तथा कवि—ये शुक्र के नाम हैं ॥ ३७ ॥

कोणो मन्दः शनिः कृष्णः सूर्यपुत्रो यमस्तथा।
पङ्गुः शनैश्चरः सौरिः कालश्छायासुतोऽसितः ॥ ३८ ॥

कोण, मन्द, शनि, कृष्ण, सूर्यपुत्र, यम, पंगु, सौरि, काल, छायासुत, असित—ये सात शनैश्चर के नाम हैं ॥ ३८ ॥

राहुस्तमोऽसुरोऽगुश्च स्वर्भानुश्च विधुन्तुदः।
धाता च सैंहिकेयश्च भुजङ्गाख्यश्च ते समाः ॥ ३९ ॥

तम, असुर, अगु, स्वर्भानु, विधुन्तुद, धाता, सैंहिकेय और भुजङ्ग—ये राहु के पर्यायवाची शब्द हैं ॥ ३९ ॥

शिखी केतुर्ध्वजो धूम्रो मृत्पुत्रोऽनिलस्तथा ।
नामान्येतानि सर्वेषां ग्रहाणां च विदुर्बुधाः ॥ ४० ॥

इति श्रीब्रह्मर्षिविरचिते शुकजातके ग्रहयोनिभेदाध्यायः प्रथमः ॥१॥

शिखी, ध्वज, धूम्र, मृत्पुत्र, अनिल—ये सब केतु के नाम हैं। विद्वान् दैवज्ञ इन सभी ग्रहों के नामों का ज्ञान रखते हैं ॥ ४० ॥

आचार्य वराहमिहिर ने भी बृहज्जातक में ग्रहों के पर्याय-शब्दों का समुल्लेख किया है तथा ग्रहों के स्वरूपादि का भी यथावत् कथन बृहज्जातक में उपस्थापित किया गया है (द्रष्टव्य—बृहज्जातक २।२–४)। शुकजातक में प्रायः ग्रहों के स्वरूपादि बृहज्जातक के अनुसार ही हैं।

इस प्रकार श्री ब्रह्मर्षि विरचित शुकजातक की 'चन्द्रकला टीका' के अन्तर्गत ग्रहयोनिभेदवर्णन नामक प्रथम अध्याय समाप्त हुआ ॥ १ ॥

अथ द्वितीयोऽध्यायः

उदगयने स्वक्षेत्रे मध्यबलस्तदुच्यन्ते ।
स्वोच्चे स्वांशत्रिभागहोरायां स्वदिने बलवान् भानुः ॥ १ ॥

ग्रहों के बलाबल का निरूपण करते हुए प्रथम सूर्य के बलाबल का विचार किया जा रहा है—

सूर्य उत्तरायण और अपने क्षेत्र में मध्यबली कहा जाता है। उच्च राशि में, अपने नवांश, द्रेष्काण और अपनी होरा में सूर्य बलवान् कहा जाता है। सूर्य अपने दिन (रविवार) में भी बली होता है ॥ १ ॥

ग्रहों के उच्च-नीच चक्र

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
उच्चांश	मेष १०	वृष ०३	मकर २८	कन्या १५	कर्क ०५	मीन २७	तुला २०	×	×
नीचांश	तुला १०	वृश्चिक ०३	कर्क २८	मीन १५	मकर ०५	कन्या २७	मेष २०	×	×

द्रेष्काण चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिं.	कन्या	तुला	वृ.	ध.	मकर	कु.	मीन
१० अंश	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
२० अंश	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४
३० अंश	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८

यवनेश्वर के मत से द्रेष्काण चक्र

राशि	मेष	वृष	मि.	कर्क	सिं.	कन्या	तु.	वृ.	ध.	मकर	कुम्भ	मीन
१० अंश	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
२० अंश	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११
३० अंश	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०

शुकजातक में यवनाचार्य के मतों का निबन्धन किया गया है, अतः द्रेष्काण, होरा आदि यवनेश्वर के मत से ही ग्रहण करना चाहिए।

वराहमिहिर के मत से होरा चक्र

राशि	मेष	वृ.	मिथुन	क.	सिंह	क.	तुला	वृ.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
१५ अंश	५	४	५	४	५	४	५	४	५	४	५	४
३० अंश	४	५	४	५	४	५	४	५	४	५	४	५

यवनेश्वर-मत से होराचक्र

राशि	मेष	वृ.	मिथुन	क.	सिंह	क.	तुला	वृ.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
१५ अंश	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
३० अंश	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०

नवांश चक्र

राशि	मेष	वृष	मि	कर्क	सिं.	कन्या	तु.	वृ.	धनु	मकर	कु.	मीन
अंशादि ३।२०	मेष	मकर	तु.	कर्क	मेष	मकर	तु.	कर्क	मेंष	मकर	तु.	कर्क
६।४०	वृष	कुम्भ	वृ.	सिंह	वृष	कुम्भ	वृ.	सिंह	वृ.	कुम्भ	वृ.	सिंह
१०।००	मिथुन	मीन	धनु	कन्या	मि.	मीन	धनु	कन्या	मि.	मीन	धनु	कन्या
१३।२०	कर्क	मेष	म.	तुला	कर्क	मेष	म.	तुला	क.	मेष	म.	तुला
१६।४०	सिंह	वृष	कु.	वृ.	सिं.	वृष	कु.	वृ.	सिं.	वृष	कु.	वृश्चिक
२०।००	कन्या	मिथुन	मी.	धनु	क.	मिथुन	मी	धनु	क.	मिथुन	मी.	धनु
२३।२०	तुला	कर्क	मेष	मकर	तु.	कर्क	मेष	मकर	तु.	कर्क	मेष	मकर
२६।४०	वृ.	सिंह	वृ.	कुम्भ	वृ.	सिंह	वृष	कुम्भ	वृ.	सिंह	वृष	कुम्भ
३०।००	धनु	कन्या	मि	मीन	धनु	कन्या	मि.	मीन	धनु	कन्या	मि.	मीन

मित्रक्षेत्रेषु मध्यबलो राशिप्रमुखो भानुर्बलवान् ।
मध्याश्रितेषु मध्यबलो राश्यन्ते बलहीनः सन्ध्यायामस्तभावे च ।। २ ।।

सूर्य मित्रक्षेत्र (अपने मित्र की राशि) में मध्यबली तथा राशि के आदि में बलवान् होता है । राशि के मध्य में मध्यबली, राशि के अन्त में, सन्ध्या के समय और अस्तंगत होने पर सूर्य बलहीन होता है ।। २ ।।

चन्द्रे वृषभे याते दक्षिणमार्गे स्वहोरायाम् ।
रात्रौ स्वांशे स्वदिने स्वद्रेष्काणे बलान्वितश्चन्द्रः ।। ३ ।।

चन्द्रमा वृष राशि में जाने पर, दक्षिणमार्ग (वृष, कन्या तथा मकर राशियों) में, अपनी होरा में, रात्रि में, अपने नवांश, द्रेष्काण तथा स्वदिन (सोमवार) में बलवान् होता है ।। ३ ।।

वराहमिहिर के मत से नैसर्गिक ग्रहमैत्री चक्र

ग्रह	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्र	चन्द्र, मंगल, गुरु	सूर्य, बुध	सूर्य, चन्द्र, गुरु	सूर्य, शुक्र	सूर्य, चन्द्र, मंगल	बुध, शनि	शुक्र, बुध
सम	बुध	मंगल, शुक्र, शनि, बृहस्पति	शुक्र, सनि	मंगल, शनि, गुरु	शनि	मंगल, गुरु	गुरु
शत्रु	शनि, शुक्र	×	बुध	चन्द्र	बुध, शुक्र	सूर्य, चन्द्र	सूर्य, चन्द्र, मंगल

यवनाचार्य के मत से ग्रहमैत्री चक्र

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्र	गुरु	गुरु, बुध	शुक्र, बुध	चन्द्र, मंगल, गुरु, शुक्र, शनि	सूर्य, चन्द्र, बुध, शुक्र, शनि	मंगल, बुध, गुरु, शनि	बुध, गुरु, शुक्र
शत्रु	चन्द्र, मंगल, बुध, शनि, शुक्र	सूर्य, मंगल, शुक्र, शनि	सूर्य, चन्द्र, गुरु, शनि	सूर्य	मंगल	सूर्य चन्द्र	सूर्य, चन्द्र, मंगल

दिशास्वामी चक्र

पूर्व दिशा	मेष	सिंह	धन
दक्षिण दिशा	वृष	कन्या	मकर
पश्चिम दिशा	मिथुन	तुला	कुम्भ
उत्तर दिशा	कर्क	वृश्चिक	मीन

प्रतिपत्पूर्वदशाहे मध्यबलः शीतगुः सिते पक्षे।
श्रेष्ठो द्वितीयदशके मन्दबलश्चन्द्रमास्तृतीये च ॥ ४ ॥

चन्द्रमा शुक्लपक्ष में प्रतिपदा से दशमी तक मध्यबली रहता है। शुक्लपक्ष की एकादशी से कृष्णपक्ष की पञ्चमी तक चन्द्र उत्तम बली तथा कृष्णपक्ष की षष्ठी से अमावस्या तक हीनबली कहा जाता है ॥ ४ ॥

उत्तरपथि प्रयातः प्रदक्षिणो वा ग्रहाणां च।
सौम्यैर्युक्तो दृष्टो वा सर्वग्रहवीक्षितो बली चन्द्रः ॥ ५ ॥

उत्तर अथवा दक्षिण मार्ग से जाता हुआ, सौम्य ग्रहों से युक्त अथवा दृष्ट और सभी ग्रहों से देखा जाता हुआ चन्द्र बलवान् होता है ॥ ५ ॥

अबलः प्रवेशकाले मध्यबलो मध्याश्रितश्चन्द्रः।
राश्यन्ते बलयुक्तः पूर्णस्थानेषु सर्वेषु ॥ ६ ॥

चन्द्रमा राशि में प्रवेश के समय बलहीन, राशि के मध्य में मध्यबली तथा राशि के अन्त में बलवान् होता है। ऐसा सभी पूर्ण भावों में समझना चाहिए ॥ ६ ॥

चन्द्रमा के बल के विषय में बृहज्जातक-टीका में यवनेश्वर के मत का उपन्यास किया गया है—

'मासे तु शुक्ले प्रतिपत्प्रवृत्तेः पूर्वे शशी मध्यबलो दशाहे।
श्रेष्ठो द्वितीयेऽल्पबलस्तृतीये सौम्यैस्तु दृष्टो बलवान् सदैव' ॥

(भट्टोत्पल-टीका, पृ० ४०)

उपर्युक्त कथन शुकजातक से पूर्णतया साम्य रखता है। इसी बल के कारण चन्द्र को पूर्ण और क्षीण नाम से भी अभिहित किया जाता है।

निर्जितशत्रुर्वक्री तेजस्वी मकरकुम्भमीनेषु।
याम्यायने च बलवान् रात्रौ च धरासुतः प्रोक्तः ॥ ७ ॥

वक्री मङ्गल शत्रुओं को जीतने वाला अर्थात् बलवान् होता है तथा मकर, कुम्भ और मीन राशि में मङ्गल तेजस्वी (बली) कहा गया है। दक्षिणायन की राशियों (कर्क से धनु तक) में तथा रात्रि में मङ्गल बलिष्ठ होता है ॥ ७ ॥

स्वांशे स्वदिने क्षेत्रे स्वद्रेष्काणे बलान्वितो भौमः।
दशमर्क्षस्थो बलवान् समस्तराशौ च विज्ञेयः ।। ८ ।।

अपनें नवांशादि में स्व दिन (भौमवार) में, अपने क्षेत्र और अपने द्रेष्काण में भौम बलवान् होता है। दशम भाव में स्थित समस्त राशियों में मङ्गल को बलवान् समझना चाहिए ।। ८ ।।

आदावतिबलयुक्तो हीनबलो मध्यमाश्रितो रक्तः।
भवनावसानवर्त्ती मध्यबलश्चेति विज्ञेयः ।। ९ ।।

भावों (राशियों) के आदि में बलवान्, राशि के मध्य में हीनबली तथा राशि (भाव-गृहों) के अन्त में स्थित मङ्गल को मध्यबली जानना चाहिए ।। ९ ।।

विमुक्तश्चापहतः क्षेत्रोदीचीं स्वर्क्षे स्वांशे बली सौम्यः।
रात्रौ दिवा च बलवान् वक्री बलान्वितोऽर्कयुक्तेन ।। १० ।।

अन्य ग्रहों से विमुक्त और पीडित न होता हुआ, उत्तर राशियों में स्थित, अपनी राशि और अपने नवांश में गया हुआ बुध बलवान् होता है। बुध रात्रि और दिन दोनों में बलवान् है तथा सूर्य से युक्त बक्री बुध भी बलवान् होता है ।। १० ।।

राशिमुखे मध्यबलः सम्पूर्णबलश्च मध्यमायातः।
राश्यन्ते बलहीनः स्वद्रेष्काणे दिने च बलयुक्तः ।। ११ ।।

बुध राशि के आदि में मध्यबली, राशि के मध्य में पूर्णबली तथा राशि के अन्त में बलहीन होता है। अपने द्रेष्काण तथा अपने दिन (बुधवार) में बुध बलिष्ठ कहा गया है ।। ११ ।।

जीवः स्वक्षेत्रे गतो वृश्चिकराशौ च कर्कटस्थश्च।
उदगयने पूर्वाह्णे द्रेष्काणे नवांशके जयी बलवान् ।। १२ ।।

बृहस्पति अपनी राशि (धनु तथा मीन), वृश्चिक राशि और कर्क राशि में बलवान् होता है। उत्तरायण की राशियों (मकर से घट राशि), पूर्वाह्ण, अपने द्रेष्काण और स्वनवांश में बृहस्पति जयीसंज्ञक बलवान् माना गया है ।।१२।।

राशिमुखे मध्यबलः सम्पूर्णबलश्च मध्यमायातः।
राश्यन्ते बलहीनो वक्री बलवान् नीचराशौ स्यात् ।। १३ ।।

राशि के आदि में बृहस्पति मध्यबली, राशि के मध्य में पूर्णबली और राशि के अन्त में गुरु बलहीन होता है। नीच राशि (मकर) में वक्री बृहस्पति बलिष्ठ कहा गया है ॥ १३ ॥

त्रिषट्कमण्डलगतो वक्री भानुपुरस्सरं स्यात्।
स्वग्रहोच्चोत्तरसंस्थः शुक्रो बलान्वितोऽपरार्द्धे ॥ १४ ॥

शुक्र त्रिषट्कमण्डल में स्थित, वक्री, सूर्य के सम्मुख, अपने घर, उच्च राशि तथा उत्तर में स्थित अपरार्द्ध राशियों में बलवान् होता है ॥ १४ ॥

राश्यादौ बलहीनो मध्ये बलवान् विनिर्गमे मध्यः।
चन्द्रसमागमकाले बलवान् युद्धेषु विजयी स्यात् ॥ १५ ॥

शुक्र राशि के आदि में बलहीन, राशि के मध्य में बलवान्, राशि के अन्त में मध्यबली होता है। चन्द्र के साथ शुक्र की युति (समागम) होने पर शुक्र बलवान् तथा युद्धों में विजयशील कहा गया है ॥ १५ ॥

कृष्णो निशि वक्रयातः स्वगृहतुलादक्षिणायनगतश्च।
उच्चश्च मन्दगामी निर्जितशत्रुश्च विज्ञेयः ॥ १६ ॥

रात्रि में, वक्री होने पर, अपने घर (मकर तथा कुम्भ राशि) में, तुला राशि में, दक्षिणायनगत होने पर तथा उच्च राशि में स्थित होने पर मन्द-मन्द गति वाले शनि को निर्जितशत्रु तथा बलवान् समझना चाहिए ॥ १६ ॥

मन्दो बली प्रवेशे मध्ये त्वबलो बली गमनकाले।
सर्वस्थानेषु रविबलान्वितं केचिदिच्छन्ति ॥ १७ ॥

शनि राशि में प्रवेश करने पर मन्दबली, राशि के मध्य में बलहीन तथा राशि के अन्त में बलवान् होता है। कुछ आचार्यों के मत से शनि सूर्य से युति रखता हुआ सभी स्थानों में बलवान् होता है ॥ १७ ॥

वृषमेषालिकुलीरघटराशिसमन्वितो राहुः।
चन्द्रार्कयोगकाले परिवेषे राशिनिर्गमे बलवान् ॥ १८ ॥

राहु वृष, मेष, वृश्चिक, कर्क तथा कुम्भ राशि में बलवान् होता है।

इसके अतिरिक्त चन्द्रमा तथा सूर्य के योग में, परिवेष-काल में और राशि के अन्त में राहु बलवान् कहा जाता है ।। १८ ।।

चापापरार्द्धे मीने वृषकन्ययोर्बलान्वितः केतुः ।
केतुर्दर्शनकाले शक्रधनुर्दर्शने च रात्रौ च ।। १९ ।।

केतु धनु राशि के अपरार्द्ध में, मीन, वृष तथा कन्या में बलवान् होता है । केतु (धूमकेतु आदि) के दर्शन होने पर, इन्द्रधनुष के दिखायी देने पर और रात्रि में केतु बलिष्ठ माना जाता है ।। १९ ।।

अथ केन्द्रबलविशेषमाह

चापाजसिंहमीनेष्वर्को लग्नान्वितो बली भवति ।
तेष्वेव कर्मणि गतो विज्ञेयोऽन्यत्र बलहीनः ।। २० ।।

केन्द्रबल-कथन

सूर्य, धनु, मेष, सिंह तथा मीन राशिगत लग्नभाव में स्थित बली होता है । इन्हीं राशियों में कर्मभाव (दशम भाव) गत सूर्य भी बलवान् होता है । अन्यत्र केन्द्र में सूर्य बलहीन समझना चाहिए ।। २० ।।

प्रालेयांशुर्मिथुनगोकन्याचापाब्जगृहगतो बलवान् ।
मीने हयार्द्धप्रथमे जामित्रगतश्च बलयुक्तः ।। २१ ।।

चन्द्रमा मिथुन, वृष, कन्या, धनु तथा मीन राशि युक्त केन्द्र में संस्थित हो तो बलवान् होता है । मीन तथा धनु राशि के प्रथमार्ध में स्थित सप्तम भावगत चन्द्र बली होता है ।। २१ ।।

वृषराशिसन्निविष्टश्चापरार्द्धे पश्चिमे च कर्मस्थः ।
कर्कटमिथुनयोरपि पातालसमाश्रितो बलवान् ।। २२ ।।

वृष राशि के पूर्वार्द्ध में स्थित तथा कर्म (दशम भाव) में विराजमान चन्द्रमा बलवान् होता है । चतुर्थ भाव में स्थित चन्द्र कर्क तथा मिथुन राशियों में कर्म बलवान् होता है ।। २२ ।।

प्राग्लग्ने क्षितिसूनुर्बलान्वितः कुम्भराशिना सार्द्धम् ।
कर्कटवृश्चिकयोरपि पत्नीस्थानाश्रितो बलवान् ।। २३ ।।

भौम कुम्भ राशि के साथ चन्द्र के पूर्वार्द्ध में स्थित बलवान् होता है

तथा पत्नीभाव (सप्तम भाव) में स्थित कर्क तथा वृश्चिक राशि में गया हुआ भौम बलवान् कहा गया है ॥ २३ ॥

मृगपूर्वार्द्धे मीने कर्मणि पश्चार्द्धगतं पाताले ।
निरुपहतवर्णवीर्यो बलान्वितः स्वत्रिकोणे च ॥ २४ ॥

यदि मङ्गल मकर राशि के पूर्वार्द्ध तथा मीन राशि गत होकर कर्मभाव (दशम) में हो तथा मकर के उत्तरार्द्ध में स्थित पाताल (चतुर्थ भाव) में विराजमान हो तो बलवान् समझना चाहिए । यदि भौम अपने मूल त्रिकोण में स्थित हो, तो वर्ण तथा वीर्य (पराक्रम) से सम्पन्न भौम को बली जानना चाहिए ॥ २४ ॥

ग्रहों की मूल त्रिकोण राशियाँ

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मूल त्रिकोण राशियाँ	सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	×	×

मृगसिंहकर्कवृश्चिकलग्नस्थः स्वांशके बली सौम्यः ।
पातालस्थश्चापे वृषभे सप्तमस्थे झषे च कर्मस्थः ॥ २५ ॥

मकर, सिंह, कर्क तथा वृश्चिक लग्न में स्थित बुध बली होता है । अपनी राशि तथा नवांशादि में भी बुध बलवान् होता है । चतुर्थ भावगत बुध यदि धनु राशि में हो, वृष राशिगत सप्तम भाव में तथा दशम भावगत मीन राशि में बुध बलवान् होता है ॥ २५ ॥

सिंहवृषाजधनुर्धरवृश्चिकमीने च लग्नगो बलवान् ।
कर्मणि पातालगतो बलवान् जीवोऽबलोऽन्यत्र ॥ २६ ॥

सिंह, वृष, मेष, धनु, वृश्चिक तथा मीन राशिगत लग्न में गुरु बली होता है । दशम भाव तथा चतुर्थ भाव में स्थित बृहस्पति बलवान् कहा गया है तथा अन्यत्र (सप्तम भावगत) बृहस्पति बलहीन समझना चाहिए ॥ २६ ॥

सिंहाजकौर्प्पिषु लग्नस्थो भार्गवः स्वराशौ च।
बलवांश्चापान्त्यगतो वृश्चिकराशौ च पत्नीस्थः ॥ २७ ॥

सिंह, मेष, वृष तथा अपनी राशि (तुला) गत लग्न में स्थित शुक्र बलवान् होता है। सप्तम भावगत धनु राशि के अन्त्य भाग (पश्चार्द्ध) तथा वृश्चिक राशि में स्थित शुक्र बली होता है ॥ २७ ॥

हयपूर्वार्द्धे सिंहे वृश्चिके मीने च कर्मदेशस्थः।
बलवान् सितो जितारिर्मृगपश्चारार्द्धे च हिबुकस्थः ॥ २८ ॥

धनु राशि के पूर्वार्द्ध में सिंह, वृश्चिक तथा मीन राशिगत शुक्र यदि दशम भाव में स्थित हो तो बली समझना चाहिए। मकर राशि के पश्चार्द्ध में यदि शुक्र हिबुक (चतुर्थ भाव) में स्थित हो तो उसे शत्रुजित् तथा बलवान् जानना चाहिए ॥ २८ ॥

कुम्भे तुलाधरयुतप्राच्यां हिबुके च सूर्यजो बलवान्।
मेषूरणे च सिंहे पृष्ठोदयवर्जितोऽस्तमये ॥ २९ ॥

कुम्भ तथा तुला राशिगत शनि लग्न में बलवान् होता है। इन्हीं राशियों में चतुर्थ भावगत शनैश्वर बली होता है। पृष्ठोदय से वर्जित अस्तमय सिंह राशिगत दशम भाव में शनि बलवान् होता है ॥ २९ ॥

राशियों की पृष्ठोदयादि संज्ञाचक्र

पृष्ठोदय (रात्रिबली)	मेष	वृष	कर्क	धनु	मकर
शीर्षोदय (दिनबली)	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	कुम्भ
शीर्षोदय (रात्रिबली)	मिथुन	×	×	×	×
मुखपुच्छोदय (दिनरात्रिबली)	मीन	×	×	×	×

लग्नस्थौ बुधजीवौ कर्मणि सूर्यारकौ च दिग्बलिनौ।
शुक्रेन्द्रू पाताले द्यूने सौरो नवांशकेऽप्येवम् ॥ ३० ॥

बुध तथा बृहस्पति लग्नस्थ, सूर्य और मङ्गल दशमस्थ हो तो दिग्बली होते हैं। चतुर्थ भाव में शुक्र और चन्द्रमा तथा सप्तम भाव में शनि बलवान्

होता है। इसी प्रकार नवांश चक्र में भी इन ग्रहों की तत्तत्स्थानों में बलिष्ठता होती है ॥ ३० ॥

आपोक्लिमेष्ववीर्या मध्यबलाः पणफराश्रिताः सर्वे ।
केन्द्राश्रिताश्च बलिनः सदा ग्रहाः कीर्तिता यवनैः ॥ ३१ ॥

सभी ग्रह आपोक्लिम (३, ६, ९, १२) स्थानों में बलहीन तथा पणफर (२, ५, ८, ११) स्थानों में मध्यबली तथा केन्द्र (१, ४, ७, १०) स्थानों में बली कहे गये हैं, ऐसा यवनों का मत है ॥ ३१ ॥

'बृहज्जातक' की टीका में आचार्य भट्टोत्पल ने वादरायण के मत का उल्लेख किया है, जिसमें उपर्युक्त बात राशियों के बलाबल के सम्बन्ध में कही गयी है—

'केन्द्रस्थातिबलाः स्युर्मध्यबलाः पणफराश्रिता ज्ञेयाः ।
आपोक्लिमगाः सर्वे हीनबला राशयः कथिताः' ॥

(बृहज्जातक-टीका, पृ० २०)

परन्तु यहाँ 'शुक्रजातक' में ब्रह्मर्षि ने यही मत यवनों के नाम से ग्रहों के बलाबल के सम्बन्ध में लिखा है। आचार्य वराहमिहिर ने भी राशियों के बलाबल का विचार बृहज्जातक में प्रस्तुत किया है। (द्रष्टव्य—बृहज्जातक—राशिप्रभेदाध्याय, श्लोक १९)

भावसंज्ञा चक्र



भावसंज्ञान्तर चक्र



भावसंज्ञा चक्र

संज्ञा	संज्ञा	संज्ञा	भाव	भाव	भाव	भाव
कण्टक	केन्द्र	चतुष्टय	१	४	७	१०
पणफर	×	×	२	५	८	११
×	आपोक्लिम	×	३	६	९	१२
त्रिकोण	×	×	५	९	×	×
हिबुक	अम्बु	सुखः	४	×	×	×
जामित्र	द्यून	×	७	×	×	×
मेषूरण	कर्म	×	१०	×	×	×
आज्ञा	ख	×	१०	×	×	×
चतुरस्र	×	×	४	८	×	×

अथ नैसर्गिकबलमाह

सौराद् द्विगुणो भौमो बलवान् भौमाच्चतुर्गुणः सौम्यः ।
सौम्याज्जीवः षड्गुणो जीवादष्टाधिको भृगुर्बलवान् ॥ ३२ ॥

ग्रहों के नैसर्गिक बल का कथन

शनैश्चर से द्विगुण मङ्गल और मङ्गल से चौगुना बुध बलवान् होता है । बुध से छः गुना बृहस्पति तथा बृहस्पति से आठ गुना शुक्र बलवान् होता है ॥ ३२ ॥

आचार्य वराहमिहिर ने 'बृहज्जातक' में नैसर्गिक बल के सन्दर्भ में यही मत व्यक्त किया है—

'द्व्ययनदिवसहोरामासपैः कालवीर्यं शरुबुगुशुचसाद्या वृद्धितो वीर्यवन्तः' ॥
(बृहज्जातक २।२१)

भट्टोत्पल ने 'स्वल्पजातक' से एक श्लोक उद्धृत किया है, जिसमें 'शुक-जातक' के समान ही ग्रहों का नैसर्गिक बल बतलाया गया है—

'मन्दारसौम्यवाक्पतिसितचन्द्रार्का यथोत्तरं बलिनः ।
नैसर्गिकबलमेतद्बलसाम्येऽस्मादधिकचिन्ता ॥'
(बृहज्जातक-टीका, पृ० ४१)

अर्थात् शनि से भौम, भौम से बुध, बुध से गुरु, गुरु से शुक्र, शुक्र से चन्द्र तथा चन्द्र से सूर्य उत्तरोत्तर नैसर्गिक रूप से बलवान् कहे गये हैं । जहाँ पर ग्रहों का बल सम हो, वहाँ इस नैसर्गिक बल से ग्रहों का बलातिरेक समझना चाहिए ।

शुक्रात्षोडशबलश्चन्द्रो भानुस्ततो द्विगुणः ।
तद्द्विगुणः सर्वेषां राहुर्बलवान्निसर्गजनितश्च ॥ ३३ ॥

शुक्र से सोलह गुना बलवान् चन्द्रमा तथा चन्द्रमा से बत्तीस गुना सूर्य बलवान् होता है । सूर्य से भी चौसठ गुना सभी ग्रहों में राहु निसर्गतः बलवान् होता है ॥ ३३ ॥

चन्द्रार्कौ बलयुक्तौ कुजादयः प्रोक्तमार्गबलहीनाः ।
शुभफलदास्ते सर्वे दशासमायोगे सदा चिन्त्याः ॥ ३४ ॥

मार्गी चन्द्रमा तथा सूर्य बलयुक्त होते हैं तथा मार्गी भौम आदि ग्रह

बलहीन कहे जाते हैं। ये सभी बलिष्ठ ग्रह अपनी दशा-काल के आने पर शुभ फल देने वाले होते हैं, ऐसा विचार करना चाहिए ॥ ३४ ॥

वराहमिहिर ने भी 'बृहज्जातक' में इसी प्रकार बलाबल का वर्णन करते हुए कहा है कि सूर्य तथा चन्द्रमा उत्तरायण की राशियों में बलवान् होते हैं तथा शेष मङ्गल आदि वक्र गति से बलवान् हो जाते हैं। (द्रष्टव्य— बृहज्जातक-ग्रहयोनिभेदाध्याय, श्लोक २०)

भानामधःस्थानगताः क्रमेण, मन्दार्या भौमार्कसितज्ञचन्द्राः ।
तेषामधःस्थानगतो बलीयान्, राहुर्महीमण्डलमूर्ध्निसंस्थः ॥ ३५ ॥

राशियों के पश्चार्द्ध भाग में स्थित क्रमशः शनि, बृहस्पति, भौम, सूर्य, शुक्र, बुध तथा चन्द्रमा बलवान् होते हैं। इन्हीं राशियों के अधःस्थान में स्थित राहु बलवान् होता है, जो पृथिवी मण्डल के मूर्धा पर संस्थित है ॥३५॥

राहु तथा केतु चन्द्रविमण्डल (कक्षा) तथा सूर्यकक्षा (कान्तिमण्डल या भूभ्रमणमार्ग) के दो सम्पात हैं। इसीलिए राहु से केतु का अन्तर १८० अंश (६ राशि) होता है। पृथ्वीमण्डल के ऊपरी भाग पर तमोग्रह राहु का स्थान है। यह तथ्य शुकजातककार को विदित है।

प्रोक्तप्रकारैः प्रबलान्विता ये, मूर्च्छाश्रितास्तेऽप्यबला भवन्ति ।
योगेषु भावेषु दशाफलेषु न सम्यगुक्तानि फलानि सन्ति ॥ ३६ ॥

उपर्युक्त कहे गये प्रकार से बलान्वित ग्रह भी यदि मूर्च्छित हो तो उसे बलहीन समझना चाहिए। इस प्रकार मूर्च्छित ग्रह बलिष्ठ होते हुए भी राजादि योगों, तन्वादि भावों तथा दशाफलों में सम्यक् यथोक्त फल प्रदान करने में असमर्थ होते हैं ॥ ३६ ॥

राशिनामान्तर चक्र

राशि	मेष	वृ.	मिथुन	क.	सिंह	क.	तुला	वृ.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
नाम	क्रिय, अज	ताबुरि, गो	जितुम	कुलीर	लेय	पाथोन	जून	कौर्प्य	अश्व, तौक्षिक हय	आकोकेर, मृग	हृद्रोग, घट	अन्त्यभ झष

सौम्यग्रहैर्बलयुतैः सुभगास्तेजस्विनः ।
सुरूपाश्च सौम्या बलिभिः पापैर्मूर्खा पापाः प्रजायन्ते ॥ ३७ ॥

इति श्रीब्रह्मर्षिविरचिते शुकजातके बलनिरूपणाध्यायो द्वितीयः ॥ २ ॥

जन्मसमय में यदि सौम्य ग्रह बल से युक्त हो तो सुभग, तेजस्वी, सुन्दर रूप वाले सौम्य जातकों का जन्म होता है और यदि बलवान् पापग्रहों से युक्त हो तो मूर्ख और पापात्मा जातकों की उत्पत्ति समझनी चाहिए ॥ ३७ ॥

राशियों की क्रूर, सौम्य तथा चरादिबोधक संज्ञा चक्र

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिं.	कन्या	तुला	वृ.	ध.	मकर	कु.	मीन
क्रूरादि संज्ञा	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य	क्रूर	सौम्य
चरादि संज्ञा	चर	स्थिर	द्विस्वभाव	चर	स्थिर	द्विस्वभाव	चर	स्थिर	द्विस्वभाव	चर	स्थिर	द्विस्वभाव
पुरुष संज्ञा	पु.	स्त्री	पुरुष	स्त्री	पु.	स्त्री	पुरुष	स्त्री	पु.	स्त्री	पु.	स्त्री

इस प्रकार श्रीब्रह्मर्षि विरचित 'शुकजातक' की 'चन्द्रकला' टीका के अन्तर्गत ग्रहबल-निरूपण नामक द्वितीय अध्याय समाप्त हुआ ॥ २ ॥

अथ तृतीयोऽध्यायः

अङ्गनाजन्मपीडर्क्षे गते ताराधिपे तथा।
जीवेक्षिते युते वा स्यादार्त्तवं गर्भकारणम् ॥ १ ॥

स्त्री की जन्मराशि से अपचय भाव (१, २, ४, ५, ७, ८, ९, १२) में चन्द्रमा के स्थित होने पर और चन्द्रमा यदि बृहस्पति के द्वारा दृष्ट हो तो स्त्री का रजोदर्शन गर्भधारण के योग्य होता है ॥ १ ॥

उपचयापचयबोधक चक्र

उपचय भाव	३	६	१०	११	×	×	×	×
अपचय भाव	१	२	४	५	७	८	९	१२

बाला वृद्धातुरा वन्ध्या मुक्त्वा चान्या सुलक्षणम्।
त्रयोदशनिशास्नानान् तत्कालं च प्रचक्षते ॥ २ ॥

उपर्युक्त योग में रजोदर्शन वाली स्त्री गर्भधारण के योग्य है, तभी वह गर्भ धारण कर सकती है। अतः यह लक्षण (योग) वृद्ध, रोगिणी तथा वन्ध्या स्त्री को छोड़कर अन्य स्त्रियाँ, जो त्रयोदश रात्रि तक स्नान करती हैं, उनके लिए कहा गया है ॥ २ ॥

आचार्य वराहमिहिर ने मङ्गल तथा चन्द्र को रजोदर्शन का कारण बतलाया है तथा अपचय भाव में चन्द्रमा की स्थिति होने पर रजोदर्शन और अन्य पुरुष-ग्रहों के उपचय भाव में रहने पर स्त्री का पुरुष से संयोग गर्भ-दायक कहा है—

'कुजेन्दुहेतुप्रतिमासमार्त्तवं गते तु पीडर्क्षमनुष्णदीधितौ।
अतोऽन्यथा शुभपुङ्ग्रहेक्षिते नरेण संयोगमुपैति कामिनी' ॥

(बृहज्जातक ४।१)

'शुकजातक' में चन्द्रमा पर बृहस्पति की दृष्टि हो, ऐसा कहा गया है, जब कि बादरायण ने मङ्गल की दृष्टि मानी है—

'स्त्रीणां गतोऽनुपचयर्क्षमनुष्णरश्मिः सन्दृश्यते यदि धरातनयेन तासाम् ।
गर्भग्रहार्तवमुशन्ति तदा न वन्ध्यावृद्धातुराल्पवयसामपि चैतदिष्टम्' ॥

(भट्टोत्पल-टीका, पृ० ४७)

कल्याणवर्मा ने भी अपचयराशिस्थ चन्द्र पर भौम की दृष्टि का उल्लेख इस प्रसङ्ग में किया है—

'अनूपचयराशिसंस्थे कुमुदाकरबान्धवे रुधिरदृष्टे ।
प्रतिमासं युवतीनां भवतीह रजो ब्रुवन्त्येके' ॥

(सारावली ८।२)

इस प्रकार स्त्री के रजोदर्शन काल में गर्भधारण हेतु अपचयराशिस्थ चन्द्र पर भौम की दृष्टि ही प्रायः सभी आचार्यों को मान्य है । 'शुकजातक' का मत इनसे किञ्चिद् भिन्न है ।

स्त्रीणामुपचयस्थेन्दोः शुभपुङ्ग्रहवीक्षिते ।
शुभोदये समे रात्रौ निषिञ्चेत् पुत्रकारणम् ॥ ३ ॥

स्त्री के उपचय भावों में (३, ६, १०, ११) स्थित चन्द्र यदि शुभ पुरुष-ग्रहों के द्वारा दृष्ट हों, तब शुभ लग्न के उदय होने पर सम (६, ८, १०, १२, १४, १६) रात्रियों में पुत्रोत्पत्ति में कारणभूत गर्भ का आधान करना चाहिए ॥ ३ ॥

ऋतुस्नान के अनन्तर यदि चन्द्रमा उपचय राशि में स्थित हों तथा बली गुरु के द्वारा दृष्ट हो तो स्त्री का सङ्गम पुरुष के साथ होता है, ऐसा भट्टोत्पल टीका में मणित्थ आचार्य का वचन उद्धृत किया गया है—

'ऋतुविरमे स्नातायां यद्युपचयसंस्थितः शशी भवति ।
बलिना गुरुणा दृष्टो भर्त्रा सह सङ्गमश्च तदा' ॥

(भट्टोत्पल-टीका, पृ० ४८)

बादरायण के मत का उल्लेख करते हुए भट्टोत्पल ने कहा है कि पुरुष के उपचय (३, ६, १०, ११) भाव में स्थित चन्द्र पर यदि गुरु की दृष्टि हो तो स्त्री-पुरुष का संयोग कहना चाहिए—

पुरुषोपचयगृहस्थो गुरुणा यदि दृश्यते हिममयूखः ।
स्त्रीपुरुषसम्प्रयोगं तदा वदेदन्यथा नैव' ॥

(भट्टोत्पल-टीका पृ० ४८)

कल्याण वर्मा ने कहा है कि उपचयभवन में चन्द्रमा गुरु के द्वारा अथवा अपने मित्र ग्रहों के द्वारा दृष्ट हों, विशेषरूपेण शुक्र के द्वारा यदि देखा जाता है तो स्त्री का पति से संयोग पुत्रप्रद होता है—

'उपचयभवने शशभृद् दृष्टो गुरुणा सुहृद्भिरथवासौ।
पुंसां करोति योगं विशेषतः शुक्रसन्दृष्टः'।।
(सारावली ८।५)

स्त्रियों के रजोदर्शन काल से सोलह रात्री पर्यन्त ऋतुकाल कहा जाता है। इनमें प्रथम चार रात्रियाँ गर्भाधान के योग्य नहीं हैं। शेष द्वादश रात्रियों में सम रात्रियाँ (६, ८, १०, १२, १४, १६) गर्भाधातु हेतु पुत्रप्रद होती हैं। विषम रात्रियों में गर्भाधान करने से कन्याओं की प्राप्ति होती है। जैसा कि कहा गया है—

'विभावरी षोडश भामिनीनामृतूद्गमाद्या ऋतुकालमाहुः।
नाऽऽद्याश्चतस्रोऽत्र निषेकयोग्याः पराश्च युग्माः सुतदाः प्रशस्ताः'।।

अर्केन्दू जीवशुक्रो वा स्वर्क्षे वा स्वांशकोदये।
भौमदृष्टियुते वाऽपि पुंयोगा स्युरमीः स्मृताः।। ४।।

सूर्य, चन्द्र अथवा बृहस्पति तथा शुक्र यदि अपनी राशि या नवांशादि में उदय हों तथा भौम द्वारा दृष्ट या युत हों तो गर्भाधान में पुत्रयोग होता है।। ४।।

लग्नस्थो वा सुतस्थो वा धर्मस्थो वा बली गुरुः।
प्रोक्तर्क्षे शुभवारे स्याद् धारयेद् गर्भमुत्तमम्।। ५।।

यदि बली बृहस्पति लग्न, पञ्चम अथवा नवम भाव में स्थित हो तो उपर्युक्त कही गयी राशि (लग्न) और शुभ दिन में उत्तम गर्भ का धारण किया जाता है।। ५।।

लग्नात्मजेशौ संयुक्तावन्योऽन्यं चापि वीक्षितौ।
क्षेत्रे परस्परस्थौ वा पुत्रयोगा इमे स्मृताः।। ६।।

लग्नेश तथा पुत्रभाव (पञ्चम भाव) के स्वामी यदि संयुक्त हों अथवा एक-दूसरे को परस्पर देखते हों अथवा एक-दूसरे के क्षेत्र (राशि) में स्थित हों तो पुत्रप्रद योग कहे जाते हैं।। ६।।

लग्नं मुक्त्वा विषमे च बलवान् भास्करात्मजः ।
स्थितः पुत्रप्रदो ज्ञेयो नान्यग्रहनिरीक्षितः ॥ ७ ॥

लग्न को छोड़कर यदि विषम राशि में बलवान् शनैश्चर स्थित हो और किसी ग्रह के द्वारा दृष्ट न हो तो यह योग पुत्रप्रद समझना चाहिए ॥ ७ ॥

पुङ्ग्रहाः षष्ठलाभस्थाः पञ्चमेशो बली यदा ।
सर्वे विषमराशिस्थाः पुत्रयोगा इमे स्मृताः ॥ ८ ॥

पुरुष-ग्रह षष्ठ तथा एकादश भाव में स्थित हों और पञ्चमेश यदि बली हो और सभी विषम राशियों में ग्रह स्थित हों तो इसे पुत्रप्रद योग कहा जाता है ॥ ८ ॥

वराहमिहिर ने कहा है कि यदि लग्न को छोड़कर लग्न से विषम राशि (तृतीय, पञ्चम, सप्तम, नवम, एकादश) में शनैश्चर हो तो पुत्रजन्मकारक होता है—

'विहाय लग्नं विषमर्क्षसंस्थः सौरोऽपि पुञ्जन्मकरो विलग्नात् ।
प्रोक्तग्रहाणामवलोक्य वीर्यं वाच्यः प्रसूतौ पुरुषोऽङ्गना वा' ॥

(बृहज्जातक ४।१२)

चन्द्रशुक्रोदये वापि पञ्चमे दशमेऽपि वा ।
स्वर्क्षे वा स्वांशके वापि स्त्रीयोगाः शास्त्रवीक्षिताः ॥ ९ ॥

पञ्चम तथा दशम भाव में यदि चन्द्र तथा शुक्र का उदय अपनी राशि अथवा अपने नवांश में हो तो ज्योतिषशास्त्रसम्मत इसे स्त्रीयोगप्रद कहा जाता है। ऐसे समय में गर्भाधान होने पर स्त्री-सन्तति की प्राप्ति होती है ॥९॥

राहूदये चन्द्रदृष्टे विपरीते तथा यदि ।
चन्द्रहोरागते शुक्रे चन्द्रस्थे वा तथैव च ॥ १० ॥

यदि राहु उदय होकर चन्द्रमा के द्वारा दृष्ट हो अथवा चन्द्रमा के उदय होने पर राहु चन्द्र को देखे तथा चन्द्र की होरा में शुक्र स्थित हो अथवा शुक्र चन्द्र से युत हो तो भी स्त्री-सन्तति का योग होता है ॥ १० ॥

द्वादशस्थे वा बुधे लग्ने दृष्टे वा दशमेऽपि वा ।
यमलं कुरुते योगः स्त्रीपुंसो राशिसंश्रयात् ॥ ११ ॥

गर्भाधान काल में यदि द्वादश भाव में बुध हो अथवा लग्न या दशम भाव में हो अथवा बुध की इन भावों पर दृष्टि हो द्वादशस्थ, लग्नस्थ अथवा दशमस्थ राशियों में से कोई एक स्त्री और कोई एक पुरुष राशि हो तो यमल (जुड़वाँ) बालक का योग होता है ॥ ११ ॥

समर्क्षगौ चन्द्रशुक्रौ द्वादशस्थे वा बुधोदये ।
विषमेष्वारजीवौ वा यमलौ स्यान्न संशयः ॥ १२ ॥

सम राशि में चन्द्रमा तथा शुक्र हों और द्वादश भाव में उदित बुध की स्थिति हो तथा विषम राशि में मङ्गल और बृहस्पति हो तो जुड़वाँ सन्तान की उत्पत्ति होती है । इस योग में कोई संशय नहीं है ॥ १२ ॥

चतुष्पदं गते मानौ शेषैर्वीर्यसमन्वितैः ।
द्वितनुस्थैश्च यमलौ भवतः कौष्टवेष्टितौ ॥ १३ ॥

यदि सूर्य चतुष्पद राशि में स्थित हो और शेष ग्रह पराक्रम युक्त होकर द्विस्वभाव राशियों में अवस्थित हों, तो कौष्टवेष्टित यमल सन्तान की उत्पत्ति होती है ॥ १३ ॥

इस प्रसङ्ग में आचार्य वराहमिहिर ने भी बृहज्जातक में यमल-सन्तति के योगों की चर्चा की है (द्रष्टव्य—बृहज्जातक ४।११) तथा बृहज्जातक (५।४) का श्लोक उपर्युक्त श्लोक से अक्षरशः मिलता है ।

अथ षण्ढयोगमाह

अन्योऽन्यमभिवीक्षेते चन्द्रादित्यौ दिवा यदि ।
बुधमन्दौ तथा रात्रौ षण्ढयोगद्वयं भवेत् ॥ १४ ॥

नपुंसक सन्तति-योग

दिन में यदि चन्द्रमा तथा सूर्य एक-दूसरे को देखते हों अथवा रात्रि में बुध और शनि परस्पर दृष्टि रखते हों तो नपुंसक सन्तति की उत्पति के दो योग होते हैं ॥ १४ ॥

आचार्य वराहमिहिर ने नपुंसक-योग छः प्रकार से बतलाये हैं । शुकजातक की अपेक्षा वराहमिहिर का कथन अधिक युक्तिसङ्गत है—

(क) यदि विषम राशि में सूर्य तथा सम राशि में चन्द्र हो और परस्पर एक-दूसरे को देखते हों ।

(ख) शनि विषम राशि में तथा बुध सम राशि में हो और दोनों की परस्पर दृष्टि हों।

(ग) सम राशि में सूर्य विषम राशि में चन्द्र, विषमराशि में मङ्गल हो और परस्पर एक-दूसरे को देखते हों।

(घ) लग्न तथा चन्द्र विषम राशिस्थ हों और सम राशिगत मङ्गल इन्हें देखता हो।

(ङ) विषम राशि में चन्द्र और सम राशि में बुध हों तथा दोनों को मङ्गल देखता हो।

(च) लग्न, शुक्र तथा चन्द्र पुरुष-राशि और पुरुष-राशि के नवांश में हो।

इन उपर्युक्त योगों के होने पर गर्भाधान काल में नपुंसक सन्तान का जन्म होता है, जैसा कि बृहज्जातक में कहा गया है—

'अन्योऽन्यं यदि पश्यतश्शशिरवी यद्यार्किसौम्यावपि।
वक्रो वा समगं दिनेशमसमे चन्द्रोदयौ चेत् स्थितौ॥
युग्मावर्क्षगतावपीन्दुशशिजौ भूम्यात्मजेनेक्षितौ।
पुम्भागे सितलग्नशीतकिरणाः षट् क्लीबयोगाः स्मृताः'॥

(बृहज्जातक ४।१२)

भट्टोत्पल ने बृहज्जातक की टीका में बादरायण आचार्य का मत उल्लिखित किया है, जो वराहमिहिर के समान ही है—

'अन्योऽन्यं रविशशिजौ विषमौ विषमर्क्षगौ निरीक्ष्येते।
इन्दुजरविपुत्रौ वा तथैव नपुंसकं कुरुतः॥
वक्रो विषमे सूर्यः समगश्चैवं परस्परालोकात्।
विषमर्क्षे लग्नेन्दू समराशिगतः कुजोऽवलोकयति॥
बुधचन्द्रौ कुजदृष्टौ विषमर्क्षसमर्क्षगौ तथैवोक्तौ।
ओजनवांशकसंस्था लग्नेन्दुसितास्तथैवोक्ताः'॥

(बृहज्जातक-टीका, पृ० ५४।५५)

अथ गर्भमासाः

विवीजिनामिमे योगा निष्फलाश्च भवन्ति हि।
अर्धावृतगुणैर्हीना यथा योगास्तथाविधाः॥ १५॥

गर्भमास-कथन

गर्भाधान करने वाले व्यक्ति के उपर्युक्त योग यदि अर्द्धरूपेण अथवा गुणों से रहित हों तो निष्फल भी हो जाते हैं। जैसे योग होते हैं उसी प्रकार उनका फल भी घटित होता है। पूर्णफल की प्राप्ति तभी होती है, जब योग पूर्णतया निष्पन्न हो रहा हो और योग में बलाबल के अनुसार यथेष्ट गुणों का सन्निवेश हो रहा हो ॥ १५ ॥

कललं प्रथमे मासि तस्य मासाधिपो भृगुः।
द्वितीये मासि भौमेशो गर्भपिण्डाक्षबीजवत् ॥ १६ ॥

गर्भ के प्रथम मास में कलल (रज-वीर्य के मिश्रण) का निर्माण होता है। इस प्रथम मास के स्वामी शुक्र हैं। दूसरे मास में गर्भपिण्डाक्ष की रचना गोलाकार बीज के समान होती है। इस मास का स्वामी मङ्गल है ॥ १६ ॥

गर्भाङ्कुरस्तृतीये स्यात्तस्य मासाधिपो गुरुः।
मज्जास्थिसम्भवो मासि चतुर्थे भास्करोऽधिपः ॥ १७ ॥

तीसरे मास गर्भपिण्ड पर अंकुर हस्तपादादि की रचना होती है। तीसरे मास का स्वामी गुरु है। चतुर्थ मास में मज्जा तथा अस्थि का निर्माण होता है। इसका स्वामी सूर्य है ॥ १७ ॥

पञ्चमे मासि सोमेशस्त्वग्मेदोरजसम्भवः।
गर्भाङ्गसम्भवे षष्ठे तस्य मासाधिपः शनिः ॥ १८ ॥

पाँचवें मास त्वचा, मेदा तथा रज उत्पन्न होता है। इस मास का अधिपति चन्द्रमा है। छठे मास गर्भस्थ प्राणी के सम्पूर्ण अङ्गों की उत्पत्ति होती है। इस मास का स्वामी शनि है ॥ १८ ॥

ज्ञानेन्द्रिययुतः पश्चात्सप्तमासेश्वरो बुधः।
भवनेशोऽष्टमे मासि क्षुत्तृष्णासम्भवो भवेत् ॥ १९ ॥

सातवें मास गर्भस्थ प्राणी ज्ञानेन्द्रियों से युक्त हो जाता है। इस सप्तम मास का स्वामी बुध है। आठवें मास का स्वामी लग्नेश होता है और गर्भस्थ प्राणी में इसी मास क्षुधा, पिपासा आदि की उत्पत्ति होती है ॥ १९ ॥

उद्वेगिगर्भसंस्थश्च मासेशो नवमे शशी।
प्रसूतिर्दशमे मासि मासेशो भास्करः स्मृतः ॥ २० ॥

नवें मास गर्भस्थ प्राणी में बाहर निकलने का उद्वेग होता है। इस मास का स्वामी चन्द्रमा है। गर्भ के दशवें मास का स्वामी सूर्य है और इसी मास में प्राणी का जन्म होता है ॥ २० ॥

'शुकजातकम्' का यह उपर्युक्त वर्णन आचार्य वराहमिहिर के अनुसार ही है। 'शुकजातकम्' में छठे मास गर्भाङ्ग की उत्पत्ति बतलायी है, जब कि 'बृहज्जातकम्' इस मास में रोम की उत्पत्ति बतलाता है—

'कललघनाङ्कुरास्थिचर्माङ्गजचेतनपाः ।
सितकुजजीवसूर्यचन्द्रार्किबुधाः परतः ॥
उदयपचन्द्रसूर्यनाथाः क्रमशो गदिताः ।
भवति शुभाशुभं च मासाधिपतेः सदृशम् ॥

(बृहज्जातक ४।१६)

भट्टोत्पल ने 'बृहज्जातक' की टीका में यवनाचार्य का मत बतलाया है, जिसमें प्रथम मास का स्वामी मङ्गल तथा द्वितीय मास का स्वामी शुक्र कहा गया है—

'कुजास्फुजिज्जीवरवीन्दुसौरशशाङ्कलग्नेन्दुदिवाकराणाम् ।
मासाधिपत्यप्रभवो न चैषां जयोपघातैर्ग्रहवद् भवन्ति' ॥

(बृहज्जातक-टीका, पृ० ५७)

'स्वल्पजातक' में 'शुकजातकम्' और वराहमिहिर के अनुसार ही गर्भ-मासाधिपतियों का कथन है—

'कललघनावयवास्थित्वक्रोमस्मृतिसमुद्भवाः क्रमशः ।
मासेषु शुक्रकुजजीवसूर्यचन्द्रार्किसौम्यानाम् ॥
अशनोद्वेगप्रसवाः परतो लग्नेशचन्द्रसूर्याणाम् ।
कलुषैः पीडा पतनं निपीडितैर्निर्मलैः पुष्टिः' ॥

(बृहज्जातक-टीका, पृ० ५७)

मासलक्षणयुक्तश्च गर्भसुखमवाप्नुयात् ।
ऊनाधिका गुणास्तस्य ज्ञात्वा प्रसवमादिशेत् ॥ २१ ॥

प्रत्येक मास में अपने स्वामियों के लक्षणों से युक्त गर्भस्थ प्राणी गर्भसुख को प्राप्त करता है। मासाधिप के न्यूनाधिक गुणों को जानकर प्रसव का कथन करना चाहिए ॥ २१ ॥

यदा मासाधिपो रिक्तो भग्नो वाऽस्तगतोऽपि वा।
तस्मिन् मासि क्षयं याति प्रसवो वा भविष्यति ॥ २२ ॥

जब जिस मास का स्वामी बलादि से रिक्त हो, अन्य ग्रहों के द्वारा ग्रस्त होने के कारण भग्न अथवा अस्तङ्गत हो तो उस मास में प्रसव (गर्भस्थ प्राणी) का क्षय होता है अथवा गर्भ से बाहर निकल आता है अर्थात् गर्भपातादि दोष हो जाते हैं ॥ २२ ॥

गर्भाधानाच्चरे राशौ दशमे मासि सूयते।
स्थिरे चैकादशे मास उभये द्वादशे सव: ॥ २३ ॥

गर्भाधान लग्न से चर लग्न में गर्भस्थ प्राणी का जन्म दसवें मास होता है। स्थिर लग्न में ग्यारहवें मास में तथा द्विस्वभाव लग्न में बारहवें मास में प्राणी का जन्म कहना चाहिए ॥ २३ ॥

निषेककाले यत्प्रोक्तं फलं प्रश्ने समादिशेत्।
गर्भप्रश्ने तु नारीणां भानुजे विषमर्क्षजे ॥ २४ ॥

निषेक (गर्भाधान) काल में जो योगादि बतलाये गये हैं, प्रश्नकालिक लग्न से भी वैसा ही फलादेश करना चाहिए। गर्भ-विषयक स्त्रियों के प्रश्न में शनि यदि विषम राशि में स्थित हो ॥ २४ ॥

पुङ्ग्रहेण युते दृष्टे पुमान् भवति निश्चितम्।
पुरुषस्पर्शने प्रष्टा पुरुषाक्षरमुच्चरन् ॥ २५ ॥

ऐसा शनि पुरुषसञ्ज्ञक ग्रहों के द्वारा दृष्ट अथवा युत हो तथा पुरुषवाची वस्तुओं का स्पर्श करते हुए और पुरुष-वर्णों का उच्चारण करके प्रश्न किया गया हो तो निश्चय ही गर्भस्थ प्राणी पुरुष होगा, ऐसा समझना चाहिए ॥ २५ ॥

देहस्य दक्षिणे भागे स्पर्शनेन पुमान् भवेत्।
अन्यथा स्त्रीप्रसूतिः स्यात् स्त्रीग्रहेण युतेक्षणात् ॥ २६ ॥

शरीर के दक्षिण भाग का स्पर्श करके यदि प्रश्न किया गया हो तो गर्भ से पुरुष ही उत्पन्न होता है। इसके विपरीत वामाङ्ग का स्पर्श, स्त्रीसञ्ज्ञक वर्णों का उच्चारण करके यदि प्रश्न हो तथा लग्नादि स्त्री-ग्रहों से युत अथवा दृष्ट हो तो कन्याप्रसूति कहनी चाहिए ॥ २६ ॥

लग्नेन्द्रो यो बलवान् तस्य द्विरांशकान्वितो यो राशिः।
यावत्तस्मात्तावत्कालात्परतो राशिस्थितौ विधौ प्रसवः ॥ २७ ॥

गर्भाधान काल में लग्नेश बलवान् होकर द्वादशांश में जिस राशि में स्थित हो तो उस काल के बाद दशम मास में उतनी संख्यक मेषादि राशि में चन्द्रमा के जाने पर प्रसव होता है ॥ २७ ॥

उदाहरणार्थ फाल्गुन मास में गर्भाधानकालिक लग्नेश ४।१०।१६।२० है। इस प्रकार सिंह राशि का पञ्चम द्वादशांश धनु राशि में आया। अब धनु से पञ्चम मेष राशि में चन्द्रमा के स्थित होने पर फाल्गुन मास से दशम मार्गशीर्ष मास में बालक का जन्म होगा।

'शुकजातकम्' ने यहाँ लग्नेश की द्वादशांश में स्थिति से जन्मकालिक चन्द्र का निर्देश किया है, जब कि वराहमिहिर ने गर्भाधानकालिक चन्द्र की द्वादशांश स्थिति से जन्मकालिक चन्द्रमा को बतलाया है—

'तत्कालमिन्दुसहितो द्विरसांशको य-
स्तत्तुल्यराशिसहिते पुरतः शशाङ्के।
यावानुदेति दिनरात्रिसमानभाग-
स्तावद्गते दिननिशोः प्रवदन्ति जन्म' ॥

(बृहज्जातक ४।२१)

आचार्य भट्टोत्पल ने बृहज्जातक-टीका में गार्गि का वचन समुद्धृत किया है, जिसमें उपर्युक्त वराहमिहिर का ही समर्थन किया गया है—

'यत्सङ्ख्ये द्वादशांशे शीतरश्मिर्व्यवस्थितः।
तत्सङ्ख्यो यस्ततो राशिर्जन्मेन्दौ तद्गते वदेत्' ॥

(बृहज्जातक-टीका पृ० ६१)

कल्याण वर्मा ने सारावली में आचार्य वराहमिहिर के मतानुसार गर्भाधानकालिक चन्द्र के द्वादशांश से प्रसवकालिक चन्द्र का उल्लेख किया है—

'यस्मिन् द्वादशभागे गर्भाधाने व्यवस्थितश्चन्द्रः ।
तत्तुल्यर्क्षे प्रसवं समादिशेत् प्राज्ञः' ॥ (सारावली ८।४८)

तत्कालेन्दुनवांशाज्जामित्रे शीतगौ स्थिते प्रसवः ।
उदये नवांशाधिपतेः क्षेत्रे याते विधौ प्रसवः ॥ २८ ॥

गर्भाधानकालिक चन्द्रमा के नवांश से सप्तम भाव में चन्द्रमा के स्थित होने पर जन्म समझना चाहिए। इसके अतिरिक्त गर्भाधानकालिक उदित नवांशाधिपति के क्षेत्र (राशि) में चन्द्रमा के जाने पर जातक का प्रसव होता है ॥ २८ ॥

राशियों का द्वादशांश चक्र

अंश	मेष	वृष	मि.	कर्क	सिंह	क.	तुला	वृ.	धनु	मकर	कु.	मी.
२।३०	मेष	वृष	मि.	कर्क	सिंह	क.	तुला	वृ.	धनु	मकर	कु.	मी.
५।००	वृष	मिथुन	क.	सिंह	कन्या	तु.	वृ.	धनु	मकर	कुम्भ	मी.	मेष
७।३०	मिथुन	कर्क	सिं.	कन्या	तुला	वृ.	धनु	म.	कुम्भ	मीन	मेष	वृष
१०।००	कर्क	सिंह	क.	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कु.	मीन	मेष	वृष	मि.
१२।३०	सिंह	कन्या	तु.	वृ.	धनु	म.	कुम्भ	मी.	मेष	वृष	मि.	क.
१५।००	कन्या	तुला	वृ.	धनु	मकर	कु.	मीन	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सि.
१७।३०	तुला	वृ.	धनु	मकर	कुम्भ	मी.	मेष	वृ.	मिथुन	कर्क	सि.	क.
२०।००	वृ.	धनु	म.	कुम्भ	मीन	मेष	वृष	मि.	कर्क	सिंह	क.	तु.
२२।३०	धनु	मकर	कु.	मीन	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तु.	वृ.
२५।००	मकर	कुम्भ	मी	मेष	वृष	मि.	कर्क	सिं.	कन्या	तुला	वृ.	ध.
२७।३०	कुंम्भ	मीन	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	क.	तुला	वृ.	धनु	म.
३०।००	मीन	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सि.	कन्या	तु.	वृ.	धनु	म.	कु.

उदाहरणार्थ फाल्गुन मास में गर्भाधानकालिक चन्द्र का मान ५।१०। १५।२१ है। कन्या राशि का चतुर्थ नवांश मेष का हुआ। अतः मेष से जामित्र (सप्तम) स्थान तुला में चन्द्रमा के जाने पर दशम मास मार्गशीर्ष में जातक का जन्म कहना चाहिए। द्वितीय नियम के अनुसार यदि गर्भाधान-कालिक लग्न का मान ३।२१।२०।०२ है, तो कर्क राशि का सप्तम नवांश मकर हुआ। अतः मकर के स्वामी शनि के क्षेत्र मकर तथा कुम्भ राशियों में चन्द्रमा के जाने पर दशम मास में जातक का जन्म समझना चाहिए।

'शुकजातक' का यह उपर्युक्त कथन बृहज्जातकादि ग्रन्थों में प्राप्त नहीं होता है। इसे शुकजातककार का मौलिक चिन्तन कह सकते हैं।

सम राशियों का त्रिशांश चक्र

अंश	वृष	कर्क	कन्या	वृश्चिक	मकर	मीन
५	वृष	वृष	वृष	वृष	वृष	वृष
१२	कन्या	कन्या	कन्या	कन्या	कन्या	कन्या
२०	मीन	मीन	मीन	मीन	मीन	मीन
२५	मकर	मकर	मकर	मकर	मकर	मकर
३०	वृश्चिक	वृश्चिक	वृश्चिक	वृश्चिक	वृश्चिक	वृश्चिक

विषम राशियों का त्रिशांश चक्र

अंश	मेष	मिथुन	सिंह	तुला	धनु	कुम्भ
५	मेष	मेष	मेष	मेष	मेष	मेष
१०	कुम्भ	कुम्भ	कुम्भ	कुम्भ	कुम्भ	कुम्भ
१८	धनु	धनु	धनु	धनु	धनु	धनु
२५	मिथुन	मिथुन	मिथुन	मिथुन	मिथुन	मिथुन
३०	तुला	तुला	तुला	तुला	तुला	तुला

राञ्यादिराशिभागाद् भुक्ते तावद् गते रात्रौ ।
हिबुकेशे बलयुक्ते शुभयोगे वा स्रवति गर्भः ॥ २९ ॥

इति श्रीब्रह्मर्षिविरचिते शुकजातके निषेकजन्माध्यायस्तृतीयः ॥ ३ ॥

प्रसव-काल के दिन-रात्रि के ज्ञान हेतु गर्भाधानकालिक लग्न-राशि यदि रात्रिबली हो तो रात्रि में तथा दिनबली हो तो दिन में जन्म कहना चाहिए। इस प्रकार राञ्यादिसञ्ज्ञक बली राशिभाग (नवांश) के भुक्तसङ्ख्यक राञ्यादिगत होने पर तथा चतुर्थेश के बलवान् होने पर शुभ योग में गर्भस्थ बालक का जन्म होता है ॥ २९ ॥

राशियों का सप्तमांश चक्र

अंश	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिं	कन्या	तुला	वृ.	ध.	मकर	कु.	मीन
४।१७ १८	१	८	३	१०	५	१२	७	२	९	४	११	६
८।३४ १७	२	९	४	११	६	१	८	३	१०	५	१२	७
१२।५१ २५	३	१०	५	१२	७	२	९	४	११	६	१	८
१७।८ ३४	४	११	६	१	८	३	१०	५	१२	७	२	९
२१।२५ ४२	५	१२	७	२	९	४	११	६	१	८	३	१०
२५।४२ ५१	६	१	८	३	१०	५	१२	७	२	९	४	११
३०।०० ००	७	२	९	४	११	६	१	८	३	१०	५	१२

उदाहरणार्थ गर्भाधानकालिक लग्न सिंह का मान ४।२६।००।०५ है। इस प्रकार सिंह का अष्टम नवांश वृश्चिक हुआ। यहाँ सिंह तथा वृश्चिक राशि दिन बली होने से दिन में जन्म कहना चाहिए। दिनघटी जानने हेतु (२६ ।००।०५) – (२३।२०) = (०२।४०।०५) = १६०।०५। यहाँ स्वल्पान्तर

से १६० ग्रहण किया। एक नवमांश कला (३।२०) = २०० में गर्भाधान के दिनमान की घटी २६।१० है। यहाँ स्वल्पान्तर से २६ समझकर दिनघटी का ज्ञान इस प्रकार किया—

$$\frac{२६ \times १६०}{२००} = \frac{२६ \times ४०}{१००} = \frac{१०४}{५} = $$ २० लब्धि तथा शेष ४ को ६० से

गुणा करके ५ का भाग देने पर—

$$\frac{४ \times १२}{१} = ४८$$ पल।

अतः दिन के २० घटी ४८ पल बीतने पर जन्म होगा, यह कहना चाहिए।

इस प्रकार श्रीब्रह्मर्षि विरचित शुकजातक की 'चन्द्रकला टीका' के अन्तर्गत निषेक-जन्म नामक तृतीय अध्याय समाप्त हुआ॥ ३॥

अथ चतुर्थोऽध्यायः

प्रवक्ष्यामि समासेन सद्यो मरणमेव च।
जातस्य पूर्वषट्कस्था ये ग्रहास्ते शुभप्रदाः ॥ १ ॥

संक्षेप में सद्योमरण (बालारिष्ट) योगों का वर्णन कर रहा हूँ। जातक के लग्न से छठे भाव तक जो ग्रह स्थित होते हैं, वे शुभफल प्रदान करने वाले होते हैं ॥ १ ॥

ग्रहा ये परषट्कस्थाः परोक्षफलदायिनः।
भानुः पिता हि जन्तूनां चन्द्रो माता तथैव च ॥ २ ॥

जन्मपत्री में जो ग्रह सप्तम भाव से द्वादश भाव तक स्थित होते हैं, वे परोक्ष फलदायी होते हैं। सूर्य जन्तुओं का पिता है तथा चन्द्रमा जन्तुओं की माता है अर्थात् सूर्य से पिता तथा चन्द्रमा से माता का शुभाशुभ विचार करना चाहिए ॥ २ ॥

तयोर्बलाबलं ज्ञात्वा पितृमातृगुणान् वदेत्।
पापदृष्टियुतो भानुः पापमध्यगतोऽपि वा ॥ ३ ॥
पित्ररिष्टं विजानीयाच्छिशोर्जातस्य निश्चितम्।
भानौ, षष्टाष्टमर्क्षस्थैः पापैः सौम्यविवर्जितैः ॥ ४ ॥
चतुरस्रगते वापि पित्ररिष्टं विनिर्दिशेत्।
भौमांशकस्थिते भानौ स्वपुत्रेण निरीक्षिते ॥ ५ ॥
प्राग्जन्मतो निवृत्तिः स्यान्मृत्युर्वापि शिशोः पितुः।
भौमः सूर्यांशके युक्तः सुखभे धर्मभे तथा ॥ ६ ॥
नेक्षितो बुधशुक्राभ्यां नेक्षते पितरं शिशुः।
मात्ररिष्टं तु चन्द्रेण ज्ञात्वैवं पूर्ववद् वदेत् ॥ ७ ॥

उन दोनों सूर्य तथा चन्द्र का बलाबल जानकर पिता तथा माता के गुणों को कहना चाहिए। सूर्य पापग्रहों की दृष्टि से युक्त हो अथवा पापग्रहों के मध्य स्थित हो, ऐसी अवस्था में जातक शिशु के पिता का निश्चितरूपेण

अरिष्ट समझना चाहिए। छठे तथा अष्टम भाव में स्थित पापग्रहों के साथ सूर्य यदि स्थित हो तथा सौम्य (शुभ) ग्रहों से रहित हो, यदि सूर्य चतुरस्र (चतुर्थ, अष्टम) में स्थित हो तो पिता का अरिष्ट बताना चाहिए। भौम की राशि अथवा नवांशादि में सूर्य स्थित हो तथा शनि के द्वारा दृष्ट हो, तो बच्चे के पिता की मृत्यु हो जाती है अथवा जन्म से पहले ही पिता की निवृत्ति हो जाती है। भौम यदि सूर्य की राशि अथवा नवांशादि में होकर चतुर्थ अथवा नवम में हो और वह भौम बुध-शुक्र के द्वारा देखा न जाता हो तो शिशु अपने पिता का दर्शन नहीं करता है। इसी प्रकार चन्द्र के द्वारा सूर्य के समान ही माता का अरिष्ट भी कहना चाहिए।। ३-७ ।।

यहाँ 'शुकजातक' के श्लोक 'बृहत्पराशरहोराशास्त्रम्' में अक्षरशः प्राप्त होते हैं, उनका सन्दर्भ सहित उल्लेख यहाँ अपेक्षित है—

'भानुः पिता च जन्तूनां चन्द्रो माता तथैव च।
पापदृष्टियुतो भानुः पापमध्यगतोऽपि वा।।
पित्ररिष्टं विजानीयाच्छिशोर्जातस्य निश्चितम्।
भानोः षष्ठाष्टमर्क्षस्थैः पापैः सौम्यविवर्जितैः।
चतुरस्रगतैर्वापि पित्ररिष्टं विनिर्दिशेत्'।।

(बृहत्पराशरहोराशास्त्र-अरिष्टभङ्गाध्याय, ४२–४३)

'भौमांशकस्थिते भानौ स्वपुत्रेण निरीक्षिते।
प्राग्जन्मतो निवृत्तिः स्यान्मृत्युर्वापि शिशोः पितुः'।।

(बृहत्पराशरहोराशास्त्र-अरिष्टभङ्गाध्याय, ३९)

क्षीणचन्द्रात्त्रिकोणस्थैः पापैः सौम्यविवर्जितैः।
माता परित्यजेद् बालं षण्मासान्नात्र संशयः।। ८ ।।

क्षीण चन्द्रमा से त्रिकोणस्थ (पञ्चम तथा नवम) पापग्रह हो तथा शुभग्रह न हों तो छः मास के अन्तर्गत माता शिशु को छोड़ देती है अर्थात् माता जीवित नहीं रहती है।। ८ ।।

एकांशकस्थौ मन्दारौ यत्र तत्र स्थितौ यदि।
राशित्रिकोणस्थैः पापैस्तथा सौम्यविवर्जितैः।। ९ ।।

यदि एक ही राशि तथा नवांश में भौम और शनि स्थित हों और राशि

के त्रिकोण (पञ्चम, नवम) में पापग्रह हों तथा शुभग्रह न हों तो माता को अरिष्ट समझना चाहिए ॥ ९ ॥

तयोर्बलाबलत्वेन पितृमातृग्रहोद्भवः ।
मूर्तौ बलान्वितो यस्य पितृवेश्मनि सम्भवः ॥ १० ॥

उन दोनों (सूर्य तथा चन्द्र) के बलाबल से ही पिता अथवा माता के घर में बालक के जन्म का निर्देश करना चाहिए। लग्न में बलान्वित ग्रह (सूर्य) की दृष्टि या युति हो तो पितृगृह में बालक का जन्म होता है ॥१०॥

'शुकजातक' के उपर्युक्त श्लोक 'बृहत्पराशरहोराशास्त्र' में अक्षरशः प्राप्त होते हैं—

'क्षीणचन्द्रात्त्रिकोणस्थैः पापैः सौम्यविवर्जितैः ।
माता परित्यजेद् बालं षण्मासाच्च न संशयः ॥
एकांशकस्थौ मन्दारौ यत्र कुत्र स्थितौ यदा ।
शशिकेन्द्रगतौ तौ वा द्विमातृभ्यां च जीवति' ॥

(बृहत्पराशरहोराशास्त्र-अरिष्टाध्याय, ३१–३२)

यह ज्ञात नहीं हो रहा है कि 'शुकजातक' से 'बृहत्पराशरहोराशास्त्र' में उपर्युक्त श्लोक लिये गये हैं अथवा 'बृहत्पराशरहोराशास्त्र' से शुकजातककार ने श्लोक संग्रहीत किये हैं।

चरराश्यंशके भानौ चरराश्यंशकोदये ।
शिशोः पिता विदेशस्थस्ततो लग्नं न दृश्यते ॥ ११ ॥

सूर्य चर राशि के अंश में हो तथा चर राशि लग्नांश का उदय हो तो बच्चे का पिता विदेश में स्थित हो, यदि लग्न को सूर्य न देखता हो ॥ ११ ॥

लग्नं न दृश्यते चन्द्रश्चरराश्यंशकस्थितः ।
परोक्षगः पिता तस्य सूतिकाले न संशयः ॥ १२ ॥

चर राशि के अंश में स्थित चन्द्र यदि लग्न को न देखता हो तो प्रसूति के समय उस बालक का पिता परोक्षगामी होता है अर्थात् घर में नहीं रहता है ॥ १२ ॥

वागीशे नीचसंस्थे च चन्द्रे राश्यंशसन्धिगे ।
मूको वापि जडो वापि सौम्ये पापसमन्विते ॥ १३ ॥

बृहस्पति यदि नीच राशि में हो तथा चन्द्रमा राशि के सन्ध्यंश में हो और बुध पापग्रह से युक्त हो तो जातक मूक अथवा जड़ होता है ॥ १३ ॥

भाग्यबन्धुगतैः पापैर्लग्नेशे बलवर्जिते ।
सूतिकाले पिता दुःखी शिशो रिप्वष्टमेऽपि वा ॥ १४ ॥

नवम, तृतीय, षष्ठ तथा अष्टम में पापग्रह हों तथा लग्नेश बलरहित हो तो प्रसव-काल में बच्चे का पिता दुःखी होता है ॥ १४ ॥

अर्कांशके स्थिते मन्दे चार्केणैव निरीक्षिते ।
जन्मकाले पिता रोगी कुजदृष्टेऽथवा युते ॥ १५ ॥

सूर्य की राशि, नवांशादि में शनि स्थित हो तथा सूर्य के द्वारा दृष्ट हो अथवा मङ्गल के द्वारा दृष्ट या युत हो तो जन्म के समय पिता रोगी होता है ॥ १५ ॥

न पश्यति गुरुश्चन्द्रं लग्नं च परजातकः ।
सार्केन्दुनेक्षिते जीवे सूर्येन्दू पापसंयुतौ ॥ १६ ॥

गुरु चन्द्र तथा लग्न को न देखता हो अथवा एकराशिगत सूर्य और चन्द्र को गुरु न देखता हो अथवा एकराशिगत सूर्य और चन्द्र पापग्रहों से युक्त हों तो जातक पर-पुरुष की सन्तति होती है ॥ १६ ॥

आचार्य वराहमिहिर ने पर-पुरुषोत्पन्न जातक के विषय में अधोलिखित श्लोक 'शुकजातक' के अनुसार ही किया है—

'न लग्नमिन्दुञ्च गुरुर्निरीक्षते न वा शशाङ्कं रविणा समागतम् ॥
सपापकोऽर्केण युतोऽथवा शशी परेण जातं प्रवदन्ति निश्चयात्' ॥

(बृहज्जातक ५।६)

एकस्थो वा पृथक्स्थो वा नेक्षते गुरुणा तथा ।
दृश्यते नो शुभैर्वापि स बालः परजातकः ॥ १७ ॥

सूर्य तथा चन्द्र चाहे एकस्थ हो अथवा अलग-अलग स्थित हो, यदि गुरु के द्वारा दृष्ट न हों और उन्हें अन्य शुभग्रह भी न देख रहे हों तो जातक पर-पुरुषोत्पन्न होता है ॥ १७ ॥

अथ कालाङ्गविभाग तथा द्रेष्काणाङ्गविभाग चक्र

राशि	लग्न राशि	द्वितीय राशि	तृतीय राशि	चतुर्थ राशि	पञ्चम राशि	षष्ठ राशि	सप्तम राशि	अष्टम राशि	नवम राशि	दशम राशि	एकादश राशि	द्वादश राशि
प्रथम द्रेष्काण	शिर	नेत्र	कान	नासिका	कपोल	चिबुक	मुख	चिबुक	कपोल	नासिका	कान	नेत्र
द्वितीय द्रेष्काण	कण्ठ	स्कन्ध	भुजा	पार्श्वं	हृदय	उदर	नाभि	उदर	हृदय	पार्श्वं	भुजा	स्कन्ध
तृतीय द्रेष्काण	वस्ति	लिङ्ग, गुदा	अण्ड-कोश	ऊरु	जानु	जंघा	पाद	जंघा	जानु	ऊरु	अण्ड-कोश	लिङ्ग, गुदा

क्रूरराश्यंशके चन्द्रे गुरुराश्यंशकेऽपि वा।
पूर्वोक्तयोगसम्भूतेन परैर्जात इष्यते ॥ १८ ॥

क्रूर राशि के अंश में चन्द्र हो अथवा बृहस्पति की राशि नवांश में चन्द्रमा संस्थित हो और उपर्युक्त (पूर्वकथित) कोई भी योग अंश मात्र से घटित हो रहा हो तो बालक परजात होता है ॥ १८ ॥

कालस्याङ्गविभागेषु यस्मिन्नङ्गे शुभग्रहाः।
तत्र लक्ष्म नृनारीणां चिन्तयेत्तन्निमित्तजम् ॥ १९ ॥

काल का अङ्गविभाग करने पर जिस अङ्ग में शुभग्रह पड़े, उसी अङ्ग में मनुष्यों तथा स्त्रियों के चिह्नों (व्रण, मशक, तिल आदि) का ज्ञान तद्ग्रह-जन्य निमित्त से करना चाहिए ॥ १९ ॥

सद्यो मरणयोगाश्च बहवः शास्त्रवीक्षिताः।
एभ्यः सिद्धानि योगानि लक्ष्यन्तेऽत्र समासतः ॥ २० ॥

ज्योतिषशास्त्र में सद्योमरण योगों का बहुशः वर्णन किया गया है। इन के लिए यहाँ सिद्ध योगों (अनुभवैकसिद्ध) का संक्षिप्त लक्षण किया जा रहा है ॥ २० ॥

पितृदोषैर्मृताः केचित् केचिद्बालग्रहैस्तथा।
अपरेऽरिष्टयोगाद्यैस्त्रिविधा बालमृत्यवः ॥ २१ ॥

पितृदोष से कुछ बच्चे मृत्यु को प्राप्त होते हैं। कुछ बालक पूतना आदि बालग्रहों के द्वारा और अन्य बच्चे अरिष्टादि योगजन्य ग्रहबाधा से मृत्यु को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार बालमृत्यु के तीन प्रकार कहे गये हैं ॥ २१ ॥

एषां सूक्ष्मतरं ज्ञात्वा शिशोर्दोषगुणान् वदेत्।
आद्वादशाब्दपर्यन्तमायुर्ज्ञातुं न शक्यते ॥ २२ ॥

इन उपर्युक्त दोषों का सूक्ष्मतया निरीक्षण करके शिशु के गुणदोषों का कथन करना चाहिए। बारह वर्ष तक बच्चों की आयु का ज्ञान सम्यक्तया नहीं हो पाता है ॥ २२ ॥

जपहोमचिकित्साद्यैर्बालं रक्षेत् प्रयत्नतः।
राशिसन्धिषु ये जातास्ते बाला गतजीविनः ॥ २३ ॥

ग्रहों तथा बालग्रहों की शान्ति हेतु जप, होम तथा चिकित्सा आदि के द्वारा शिशु की प्रयत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए। जो बच्चे राशि की सन्धियों में उत्पन्न होते हैं, वे अल्पायु होते हैं ॥ २३ ॥

पापदृष्टो युतो वापि निःसंशय इति स्मृतः ।
गण्डान्तेषूद्भवो बालो मातृपितृकुलान्तकः ॥ २४ ॥

यदि पापग्रहों से लग्न (सन्धिगत राशि) युत हो तो निःसंशय बच्चे की बाल्य काल में मृत्यु होती है। गण्डान्त में उत्पन्न बालक माता-पिता के कुल का नाशक होता है ॥ २४ ॥

गण्डान्त सन्धिकाल का नाम है। तिथि, नक्षत्र तथा राशिलग्नों के भेद से गण्डान्त तीन प्रकार का है—

(क) **तिथिगण्डान्त**—पूर्णिमा की समाप्ति तथा प्रतिपदा का प्रारम्भ, पञ्चमी की समाप्ति एवं षष्ठी का प्रारम्भ तथा दशमी की समाप्ति और एकादशी का प्रारम्भ का काल तिथिगण्डान्त है।

(ख) **नक्षत्रगण्डान्त**—पुष्य तथा आश्लेषा, ज्येष्ठा तथा मूल, रेवती तथा अश्विनी नक्षत्रों का सन्धिकाल नक्षत्रगण्डान्त है। इसे मूलसञ्ज्ञक नक्षत्र भी कहते हैं।

(ग) **लग्नगण्डान्त**—कर्क-सिंह, वृश्चिक-धनु तथा मीन-मेष लग्नों की सन्धि राशिगण्डान्त कही जाती है।

उपर्युक्त गण्डान्त में जन्म लेने बाला जातक कुलविध्वंसक होता है। यदि तीनों गण्डान्त हों तो निश्चित ही माता-पिता का सद्यः नाश होता है। इसलिए जन्म होने पर यथाविधि गण्डान्त-शान्ति करामी चाहिए।

यदि जीवेत्स भूपालो गजवाजिसमन्वितः ।
चन्द्रादित्यौ तृतीयस्थौ क्रूरभे क्रूरसंयुतौ ॥ २५ ॥
व्याधिस्तस्य विजानीयात्त्रिवर्षान्नातिवर्तते ।
होरायां कण्टकस्थेन्दोर्निधनेशसमन्विते ॥ २६ ॥
निधनस्थपरः कश्चिज्जातमात्रो न जीवति ।
सहितौ जन्मजामित्रे यस्याङ्गारकभास्करौ ॥ २७ ॥
राहूदये यदा जात आदशाहान्मृतिर्भवेत् ।
चतुरस्रगताः पापा वामदक्षिणतोऽपि वा ॥ २८ ॥

तदोपव्याधिमाप्नोति दशरात्रिं न जीवति ।
यदि द्रेष्काणजामित्रे यस्य स्याद् दारुणो ग्रहः ।। २९ ।।
क्षीणचन्द्रे विलग्नस्थे सद्यो हरति जीवितम् ।
आपोक्लिमस्थिताः सर्वे ग्रहा बलविवर्जिताः ।। ३० ।।
षण्मासं वा द्विमासं वा तस्यायुः समुदाहृतम् ।
विलग्नाधिपतौ नीचे निधने चाऽर्कगे भवेत् ।। ३१ ।।
कृच्छ्रेण जीवितं विद्यात् तृणप्रायो भविष्यति ।। ३२ ।।

गण्डान्त में उत्पन्न जातक यदि जीवित बच जाय तो हाथी, घोडे आदि से युक्त राजा होता है। यदि तृतीय भाव में सूर्य-चन्द्रमा क्रूर राशि में स्थित हों और क्रूर ग्रहों से युक्त हों ।। २५ ।। तो जातक को भयङ्कर व्याधि (रोग) होता है और वह तीन वर्ष से आगे जीवित नहीं रहता है। यदि कण्टक (१, ४, ७, १०) भावों में स्थित चन्द्र की होरा में अष्टमेश युक्त हो ।।२६।। तथा अष्टम भाव में कोई अन्य ग्रह हो तो उत्पन्न होकर जातक जीवित नहीं रहता है। जिसके लग्न में मङ्गल तथा सप्तम भाव में सूर्य हों ।। २७ ।। तथा राहु के उदय में जातक का जन्म हुआ हो तो वह दश दिनों के अन्तर्गत मृत्यु को प्राप्त करता है। चतुर्थ तथा अष्टम स्थान में वाम और दक्षिण की तरफ पापग्रह हों ।। २८ ।। तो वह रोग को प्राप्त करता है और दश रात्रि तक भी जीवित नहीं रहता है। जिसके द्रेष्काणलग्न से जामित्र (सप्तम भाव) में कोई दारुण (शनि-भौम) ग्रह स्थित हों ।। २९ ।। क्षीण चन्द्रमा लग्न में हो तो जातक के प्राण शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं। आपोक्लिम (३, ६, ९, १२) स्थानों में बलरहित ग्रह स्थित हों ।। ३० ।। तो उस जातक की आयु छः महीने या दो महीने की समझना चाहिए। लग्नाधिपति नीच राशि में सूर्य के साथ अष्टम भाव में हो ।। ३१ ।। तो उस जातक का जीवन बड़े कष्ट से व्यतीत होता है तथा वह तिनके के समान दुबला-पतला रहता है ।। ३२ ।।

'बृहत्पराशरहोराशास्त्र' में किञ्चित् परिवर्तन के साथ 'शुकजातक' के उपर्युक्त दो श्लोक अक्षरशः प्राप्त होते हैं—

'यद् द्रेष्काणे च जामित्रे यस्य स्याद् दारुणो ग्रहः ।
क्षीणचन्द्रो विलग्नस्थो सद्यो हरति जीवितम् ।।

आपोक्लिमस्थिता: सर्वे ग्रहा बलविवर्जिता: ।
षण्मासं वा द्विमासं वा तस्यायु: समुदाहृतम्' ।।

(बृहत्पराशरहोराशास्त्र-अरिष्टाध्याय, श्लोक २१–२२)

केतोरुदयात्पूर्वं पश्चादुल्कादिपातसञ्जात: ।
रौद्रे सार्पमुहूर्ते प्राणेभ्यस्ताज्यते जन्तु: ।। ३३ ।।

केतूदय के पूर्व तथा उल्कापात के पश्चात् उत्पन्न होने वाला जातक और रौद्र तथा सार्प मुहूर्त्त में उत्पन्न शिशु प्राणों को त्याग देता है ।। ३३ ।।

दिनमान में १५ का भाग देने से द्वितीय खण्ड (मुहूर्त्त) सार्प नाम से प्रसिद्ध है तथा रात्रिमान में १५ का भाग देने पर प्रथम खण्ड (मुहूर्त्त) रौद्र है । प्राय: ये दोनों मुहूर्त्त शनिवार के दिन सर्वथा त्याज्य हैं । अत: इनमें उत्पन्न बालक को बालारिष्ट योग होता है ।

तीव्रफलराजयोगा यवनाद्यैर्ये विनिर्मितास्तेषु ।
जायन्ते खलु कुलजाऽरिष्टं तेषां प्रसूतानाम् ।। ३४ ।।

यवनाचार्यों ने तीव्र फल वाले जिन राजयोगों का कथन किया है, उनमें उत्पन्न होने वाले शिशुओं को बालारिष्ट अथवा वंशारिष्ट की प्राप्ति होती है । यदि वे जीवित बचते हैं, तो अवश्य राजयोग का भोग करते हैं ।। ३४ ।।

ग्रहणपरिवेषकाले जाता: पापग्रहे विलग्नस्थे ।
लग्ने बलेन हीने जीवन्ति वर्षत्रयं मासं वा ।। ३५ ।।

सूर्य-चन्द्र के ग्रहण तथा सूर्य-चन्द्र के चारों ओर मण्डल दिखायी देने पर जिन शिशुओं का जन्म होता है तथा उनके लग्न में पापग्रह स्थित हों और लग्न भी बली न हो तो जातक तीन मास अथवा तीन वर्ष तक जीवित रहते हैं ।। ३५ ।।

अंशाधिपजन्मपती लग्नपतिश्चास्तमुपगतो यस्य ।
जन्मवत्सरे मरणं तस्य भवेत् कतिपयाहेन ।। ३६ ।।

नवांशेश, जन्मराशि के स्वामी तथा लग्नेश जिस जातक के अस्त हो गये हों तो जातक का एक वर्ष के अन्तर्गत ही कुछ दिनों में निधन हो जाता है ।। ३६ ।।

सन्धिचतुष्टयकाले जाते मृत्युं समादिशेत्तज्ज्ञः ।
पापदृष्टो युतो वा शीघ्रं सौम्यैरदृष्टयुतः ।। ३७ ।।

विद्वान् ज्योतिषी सन्धिचतुष्टय काल (१, ४, ७, १० भावों की सन्धि) में उत्पन्न जातक को मृत्युगामी बतलाये; यदि उपर्युक्त भाव पापग्रहों के द्वारा दृष्ट या युत हों और वहाँ शुभग्रहों की दृष्टि या युति न हों ।। ३७ ।।

विलग्नद्रेष्काणनवांशनाथा, निघ्नन्त्यरिस्थाः स्थितिराशिसङ्ख्यैः ।
लग्नाधिपोऽब्दैश्च द्रेष्काणनाथो मासैर्नवांशाधिपतिर्दिनैश्च ।। ३८ ।।

लग्नेश, द्रेष्काणेश तथा नवांशेश यदि षष्ठ भाव में स्थित हों तो षष्ठ भाव में स्थित राशि की संख्या तुल्य वर्षों में लग्नेश, तत्तुल्य मासों में द्रेष्काणेश तथा तत्तुल्य दिनों में नवांशेश जातक के लिए मृत्युकारक होते हैं ।। ३८ ।।

उदयात्मनास्तबन्धुव्ययनवमस्थः सपापेन्दुः ।
मरणमवश्यं कुरुते सौम्यग्रहवीक्षितो न स्यात् ।। ३९ ।।

उदित पापग्रहों के साथ अस्त चन्द्रमा यदि तृतीय, द्वादश अथवा नवम भाव में स्थित हो और शुभग्रहों के द्वारा दृष्ट न हो तो जातक की मृत्यु बाल्यावस्था में अवश्य हो जाती है ।। ३९ ।।

लग्नाधिपजन्मपती षष्ठाष्टमरिष्फगौ प्रसवकाले ।
चास्तमितौ मरणकरौ राशिप्रमितैर्वेदेदब्दैः ।। ४० ।।

प्रसव-काल में लग्नेश तथा जन्मराशि के स्वामी अस्त होकर षष्ठ, अष्टम अथवा द्वादश भाव में हों तो लग्नेश तथा राशीश के राशिसंख्यक वर्षों में जातक की मृत्यु होती है ।। ४० ।।

लग्नाधिपतिश्चन्द्रो मरणपदस्थो हि कष्टतां जातः ।
राहुयुतो दृष्टो वा निधनं स्यात्सप्तवर्षेण ।। ४१ ।।

लग्नेश चन्द्र यदि राहु से युक्त या दृष्ट होकर अष्टम भाव में हो तो कष्टपूर्ण प्रसव से सम्पन्न जातक की मृत्यु सातवें वर्ष होती है ।। ४१ ।।

क्षीणे पदे शशाङ्कं पश्येद् राहुः समागतं पापैः ।
जन्मेशेऽस्तमयस्थे निधनं षष्ठाष्टमे वर्षे ।। ४२ ।।

पापग्रहों के साथ क्षीणचन्द्रमा को राहु यदि देख रहा हो तथा लग्नेश

अस्त होकर छठे, आठवें स्थान में स्थित हो तो जातक का मरण छठे अथवा आठवें वर्ष होता है ॥ ४२ ॥

होराधिपतिर्द्यूने राहुयुतो मरणमेव विदधाति ।
दिवसैस्त्रिसप्तसङ्ख्यैर्मासैर्वर्षैश्च वा नियतम् ॥ ४३ ॥

यदि होरेश राहु से युक्त होकर सप्तम भाव में हो तो जातक का मरण तीन अथवा साथ दिनों अथवा उक्तसंख्यक मासों या उक्तसंख्यक वर्षों में अवश्य होता है ॥ ४३ ॥

अर्केन्दुयोगराशिः पापयुतो यस्य केन्द्रनवमस्थः ।
निधनं कुरुतेऽवश्यं विषजलहेतुभिर्न सन्देहः ॥ ४४ ॥

सूर्य तथा चन्द्रमा जिस राशि पर स्थित हों, उन दोनों राशियों के योग वाली राशि यदि पापग्रहों से युक्त होकर केन्द्र (१, ४, ७, १०) में अथवा नवम भाव में स्थित हो तो जातक का निधन विष या जल के द्वारा निःसन्देह होता है ॥ ४४ ॥

यस्याऽष्टमगे पापे लग्नेशे पापसंयुते केन्द्रे ।
सौम्ययुतिदृष्टिहीने निधनं स्यात्सप्तमे वर्षे ॥ ४५ ॥

जिस जातक के अष्टम भाव में पापग्रह हो, लग्नेश पापग्रहों के साथ केन्द्र (१, ४, ७, १० भावों) में स्थित हो तथा इन पर शुभग्रहों की दृष्टि न हों तो जातक की मृत्यु सातवें वर्ष होती है ॥ ४५ ॥

रविणा युक्तः शशिजः सौम्यैर्दृष्टो विनाशयति नूनम् ।
एकादशभिर्वर्षैर्देवाङ्केऽपि स्थितं जातम् ॥ ४६ ॥

सूर्य से युक्त बुध शुभग्रहों के द्वारा दृष्ट होकर देवताओं की गोद में भी स्थित जातक का ग्यारहवें वर्ष अवश्य विनाश कर देता है ॥ ४६ ॥

अथ मेषादीनामंशेषु जातस्यारिष्टमाह

जज्ञे ८ धान्ये ९ रुद्र ११ रौद्र २१ मुखेन २५
यज्ञो १ भानु ४ गोंत्र २३ जाया १८ नरज्ञा २० ।
पत्रि २१ नित्यं २० मृत्युयोगाः क्रमेण
मेषादीनां तेषु जातो गतायुः ॥ ४७ ॥

मेषादि लग्नों में अंशानुसार जातक का अरिष्ट

मेष के ८, बृष के ९, मिथुन के ११, कर्क के २१, सिंह के २५, कन्या के १, तुला के ४, वृश्चिक के २३, धनु के १८, मकर के २०, कुम्भ के २१ तथा मीनलग्न के २० अंशों में उत्पन्न जातक गतायु होता है। क्योंकि मेषादि लग्नों में उक्त अंश मृत्युयोगकारक हैं ॥ ४७ ॥

अथ चन्द्रांशजातस्याऽरिष्टमाह

क्षीर २४ प्रियो १२ लोक १३ मुखे २५ न राज्ञः २०
काव्या ११ न्तरे २६ भाग्य १४ लोकं १३ मुखेन २५।
सौमी ७ राज्यं १२ मृत्युयोगाः प्रदिष्टा
मेषादीनां वर्षसङ्ख्ये हिमांशौ ॥ ४८ ॥

चन्द्रमा के अंशानुसार जातक का अरिष्ट-कथन

मेष राशि के २४ अंश, वृष राशि के १२ अंश, मिथुन राशि के १३ अंश, कर्क राशि के २५ अंश, सिंह राशि के २० अंश, कन्या के ११ अंश, तुला के २६ अंश, वृश्चिक के १४ अंश, धनु के १३ अंश, मकर के २५ अंश, कुम्भ के ७ अंश तथा मीन के १२ अंशों में चन्द्रमा होने पर मृत्युयोग होता है। मेषादि राशियों के सङ्ख्यात्मक वर्ष में जातक की मृत्यु होती है ॥ ४८ ॥

अथ मातृहायोगाः

मृत्युभागस्थितश्चन्द्रः पापयुक्तेन सौम्यगः।
निधने वापि केन्द्रे वा मात्रा सह विनश्यति ॥ ४९ ॥

मातृहा योग

मृत्यु भाग (अंशों) में चन्द्रमा स्थित हो तथा शुभग्रह (बुध आदि) पापग्रहों से युक्त होकर अष्टम अथवा केन्द्र (१, ४, ७, १० भावों) में स्थित हों तो माता के साथ जातक का विनाश होता है ॥ ४९ ॥

लग्नाच्चतुर्थगः पापो यदि स्याद्बलवत्तरः।
तदा मातृवधं कुर्यात् तत्केन्द्रे नाऽपरो यदि ॥ ५० ॥

लग्न से चतुर्थ भाव में बलवान् पापग्रह स्थित हो तथा केन्द्र में कोई शुभ अशुभ (पाप) ग्रह न हो तो जातक की माता की मृत्यु होती है ॥ ५० ॥

चन्द्राद् दशमे भानुर्मातुर्मरणं करोति पापयुतः ।
शुक्रात्पञ्चमे भवने सौरिः पापेन सन्दृष्टः ।। ५१ ।।

चन्द्रमा से दशम भाव में सूर्य पापग्रह से युक्त हो अथवा शुक्र से पञ्चम स्थान में शनैश्चर पापग्रह से दृष्ट हो तो जातक की माता का मरण होता है ।। ५१ ।।

अथाऽरिष्टहायोगाः

सौरिकुजौ शुभवर्गौ भवतो यदि जन्मसमयेऽपि ।
मातृवधाख्यं दोषं कुरुते नैव मुनिभिराख्यातम् ।। ५२ ।।

अरिष्टभङ्गयोग-कथन

जन्म के समय यदि शनि तथा मङ्गल शुभवर्ग में हों तो ज्योतिर्मनीषियों के द्वारा कथित मातृमरणयोग नहीं होता है ।। ५२ ।।

जननीजनकवधाख्यं दोषं येऽन्ये विदध्युरिह पापाः ।
विलयं यान्ति निकामं सूर्यसुते चापसंस्थिते च ।। ५३ ।।

माता तथा पिता के मृत्युकारक दोष जिन पापग्रहों के द्वारा निर्मित होते हैं, यदि शनि धनुराशि पर स्थित हो तो वे दोष पूर्णतया विलीन हो जाते हैं ।। ५३ ।।

तिग्मरुचिः किल कुरुते विप्रियमेवान्यराशिगो जननी ।
मेषमृगाधिपगामी शुभदो दोषापहारकः कथितः ।। ५४ ।।

सूर्य मेष तथा सिंह राशि को छोड़कर अन्य राशि में स्थित हो तो माता के लिए अरिष्टप्रद होता है, किन्तु यदि सूर्य मेष या सिंह राशि में हो तो माता के अरिष्ट को दूर करने वाला शुभद होता है ।। ५४ ।।

बली केन्द्रोपगः सौम्यो निधनेशविवर्जितः ।
अरिष्टयोगनाशाय प्रश्ने वा जननेऽपि वा ।। ५५ ।।

प्रश्नकुण्डली अथवा जन्मकुण्डली में अष्टमेश की युति और दृष्टि से रहित केन्द्र में स्थित बली बुध अरिष्ट योगों का नाशक होता है ।। ५५ ।।

क्षेत्रग्रहोदये वापि सुखभे दशमेऽपि वा ।
नाथयुक्तो बली यस्य योगारिष्टं विनश्यति ।। ५६ ।।

यदि ग्रह अपने-अपने क्षेत्रों (राशियों) में उदित हों अथवा चतुर्थ भाव और दशम भाव अपने स्वामियों से युक्त होकर बली हों तो अरिष्ट योगों का विनाश होता है ॥ ५६ ॥

अनेकारिष्टयोगेषु बालो जीवति यत्नतः ।
जातस्य चन्द्रलग्ने च सर्वग्रहनिरीक्षते ॥ ५७ ॥

इति ब्रह्मर्षिशुकदेवविरचिते शुकजातके सद्योमरणयोगारिष्ट-भङ्गाख्याऽध्यायश्चतुर्थः ॥ ४ ॥

यदि जातक के चन्द्रस्थान (जन्मराशि) अथवा लग्न को सभी ग्रह देखते हों तो अनेक अरिष्ट योगों के होने पर भी जातक प्रयत्नपूर्वक जीवित रहता है ॥ ५७ ॥

इस प्रकार श्रीब्रह्मर्षि-विरचित 'शुकजातक' की 'चन्द्रकला' टीका के अन्तर्गत सद्योमरणयोगारिष्टभङ्ग नामक चतुर्थ अध्याय समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

अथ पञ्चमोऽध्यायः

उक्तं बालारिष्टं योगारिष्टं प्रयत्नतो वक्ष्ये ।
योगारिष्टदशायामुभयोस्तुल्यं यदा तदारिष्टम् ॥ १ ॥

बालारिष्ट योग का कथन किया गया, अब प्रयत्नपूर्वक योगारिष्ट को कहेंगे। योगारिष्ट ग्रहों की दशा में जब दोनों (बालारिष्ट तथा योगारिष्ट) के तुल्य ग्रहों का योग हो तो अरिष्ट समझना चाहिए ॥ १ ॥

होरे चरेऽर्कसंस्थे जन्मेशे वापि सौम्यदृगघीने ।
केन्द्रगतैः पापैः स्याज्जातकस्य विंशतेर्मृत्युः ॥ २ ॥

होरा लग्न चर राशि हो और उस पर सूर्य स्थित हो तथा लग्नेश शुभ ग्रहों की दृष्टि से रहित हों और पापग्रह केन्द्रगत हों तो जातक की मृत्यु बीस वर्ष में होती है ॥ २ ॥

नीचांशकस्थितश्चन्द्रः षष्ठाष्टमस्थः क्षयी च मरणकरः ।
कुजमन्दाभ्यां दृष्टस्तस्यायुः पञ्चविंशतिपरम् ॥ ३ ॥

नीच राशि के अंशों में स्थित चन्द्रमा क्षीण होकर छठे तथा आठवें भाव में स्थित हो तो मृत्यु देने वाला होता है। यदि ऐसा चन्द्रमा मङ्गल तथा शनि के द्वारा दृष्ट हो तो उसकी आयु २५ वर्ष तक रहती है ॥ ३ ॥

अष्टाविंशतिवर्षे मरणं चन्द्रार्कराहवः स्युरुदयस्थाः ।
कुर्वन्ति तदा जातं जीवे व्ययगे तथा नियतम् ॥ ४ ॥

चन्द्रमा, सूर्य तथा राहु यदि उदयस्थ हों और बृहस्पति व्यय (द्वादश) भाव में स्थित हो तो जातक का मरण अट्ठाईस वर्ष में कर देते हैं ॥ ४ ॥

चन्द्रलग्नाष्टमपती केन्द्रगतावष्टमे ग्रहाः ।
केचिद्द्वात्रिंशन्मरणं नाऽन्यग्रहयुते केन्द्रे ॥ ५ ॥

चन्द्र लग्न से अष्टमाधिपति यदि केन्द्र में हो तथा अष्टम भाव में ग्रह हों और अन्य ग्रहों की केन्द्र में युति न हो तो कुछ आचार्यों के मत से जातक की मृत्यु बत्तीस वर्ष की आयु में हो जाती है ॥ ५ ॥

चन्द्रे क्षीणे स्वर्क्षे निधनेशे केन्द्रगेऽष्टमे पापे ।
लग्नेशे बलहीने जातः परमायुरात्रिंशत् ॥ ६ ॥

क्षीण चन्द्रमा अपनी राशि (कर्क) में हो, अष्टमेश केन्द्रगत हो और अष्टम भाव में पापग्रह हों; इसके अतिरिक्त लग्नेश बलहीन हो तो ३० वर्ष तक ही जातक की आयु होती है ॥ ६ ॥

होरानिधनाधिपयोः केन्द्रमृत्युराशिसंस्थितयोः ।
पापा निधने तस्मान्मृत्युः सप्तविंशतितमे वर्षे ॥ ७ ॥

होरेश केन्द्र में, अष्टमेश अष्टम भाव में तथा पापग्रह अष्टम स्थान में हों तो मृत्यु सत्ताईस वर्ष में हो जाती है ॥ ७ ॥

रन्ध्रेश्वरो भाग्यलग्नात्मजस्थो लग्नाधिपे क्रूरदृष्टेऽष्टमस्थे ।
जातश्चतुर्विंशतिवर्षमायुः शुभेक्षिते चेदपमृत्युशेषः ॥ ८ ॥

अष्टमेश नवम, लग्न या पञ्चम भाव में हो तथा लग्नेश क्रूर ग्रह के द्वारा दृष्ट होकर अष्टम भाव में स्थित हो तो जातक की आयु २४ वर्ष की होती है । यदि शुभग्रहों के द्वारा देखे जा रहे हों तो अपमृत्यु से बचा रहता है ॥ ८ ॥

पापोदये सुरगुरौ शनिदृष्टराहुणा समेतोऽन्यकश्चित् ।
निधनगते मरणं जनयेद् द्विरदसङ्ख्याब्दैः ॥ ९ ॥

पाप राशि के लग्नोदय में बृहस्पति तथा राहु के साथ अन्य कोई ग्रह अष्टम भाव में शनि के द्वारा दृष्ट हों तो जातक का मरण बत्तीस वर्ष में हो जाता है ॥ ९ ॥

होरेशे चाष्टमगते सक्रूरौ चन्द्रभास्करौ सुतगौ ।
निधनेशे केन्द्रगते जातः परमायुरात्रिंशत् ॥ १० ॥

होरेश अष्टम भाव में, चन्द्रमा और सूर्य क्रूर ग्रहों से युक्त होकर पञ्चम भाव में हों तथा अष्टमेश केन्द्र (१, ४, ७, १०) भाव में स्थित हो तो जातक को तीस वर्ष की आयु प्राप्त होती है ॥ १० ॥

अष्टमाधिपतौ केन्द्रे लग्नेशे बलवर्जिते ।
त्रिंशद्वर्षाण्यसौ जीवेद् द्वात्रिंशज्जातकः क्रमात् ॥ ११ ॥

अष्टमेश केन्द्र में हो तथा लग्नेश बलरहित हो तो जातक तीस अथवा बत्तीस वर्ष तक जीवित रहता है ॥ ११ ॥

आपोक्लिमस्थिते चन्द्रे लग्नेशे च तथैव च।
पापेक्षिते बलैर्हीने जीवत्यष्टचतुर्गुणम् ॥ १२ ॥

चन्द्रमा तथा लग्नेश आपोक्लिम (३, ६, ९, १२) भावों में स्थित हों तथा पापग्रहों के द्वारा दृष्ट और बलहीन हो तो जातक बत्तीस वर्ष तक जीवित रहता है ॥ १२ ॥

गुरुशुक्रौ च केन्द्रस्थौ लग्नेशे पापसंयुते।
आपोक्लिमस्थे सङ्ख्यायां जातस्यायू रवित्रयम् ॥ १३ ॥

गुरु तथा शुक्र केन्द्र (१, ४, ७, १०) में स्थित हों तथा लग्नेश पापग्रह से युक्त होकर आपोक्लिम (३, ६, ९, १२) भावों में स्थित हो तो जातक की आयु छत्तीस वर्ष होती है ॥ १३ ॥

सूर्येन्दू लग्नगौ यस्य केन्द्राष्टमविवर्जितैः।
सौम्यैः कुलिकवेलायां जातस्यायू रवित्रयम् ॥ १४ ॥

सूर्य तथा चन्द्रमा लग्न में स्थित हों और केन्द्र भाव तथा अष्टम स्थान शुभग्रहों से रहित हों; कुलिक वेला में यदि जातक का जन्म हुआ हो तो जातक की आयु छत्तीस वर्ष होती है ॥ १४ ॥

रविवार १४, सोमवार १२, मङ्गलवार १०, बुधवार ८, गुरुवार ६, शुक्रवार ४ तथा शनिवार २ मुहूर्त्त दिन में कुलिकसञ्ज्ञक होते हैं। रात्रि में रविवार को १३, सोमवार को ११, मङ्गलवार को ९, बुधवार को ७, गुरुवार को ५, शुक्रवार को ३ तथा शनिवार को १ संख्यक मुहूर्त्त कुलिक कहलाते हैं।

अष्टमाधिपतौ लग्ने स्थिरराशौ च जायते।
चत्वारिंशदब्दैर्मरणं रन्ध्रेण शुभसंयुते ॥ १५ ॥

अष्टमेश यदि स्थिर राशि में होकर लग्न में हो तथा अष्टम भाव शुभग्रह से युक्त हो तो चालीस वर्ष में जातक का मरण होता है ॥ १५ ॥

लग्नेशे निधनांशस्थे लग्नांशे निधनेश्वरे।
पापयुतौ च सञ्जातः पञ्चाशद्वर्षजीवितम् ॥ १६ ॥

यदि लग्नेश अष्टम भाव की राशि में तथा अष्टमेश लग्नराशि में हों एवं दोनों (लग्नेश और अष्टमेश) पापग्रहों से युक्त हों तो जातक ५० वर्ष तक जीवित रहता है ॥ १६ ॥

यस्य केन्द्रे पापयुक्ते लग्नेशे क्रूरवर्जिते ।
षष्टिवर्षात्परं नास्ति पापैः पञ्चमसंस्थितैः ॥ १७ ॥

केन्द्रभावों में जिसके पापग्रह हों तथा लग्नेश क्रूर ग्रहों से रहित हो, पञ्चम भाव में भी पापग्रह हो तो ६० वर्ष तक उस जातक की आयु होती है ॥ १७ ॥

लग्नेशे व्ययसंस्थे च क्षीणे पापयुतेऽपि वा ।
षष्टिवर्षात्परं नास्ति न लग्ने च बृहस्पतिः ॥ १८ ॥

लग्नेश क्षीणबली होकर अथवा पापग्रहों से युक्त होकर व्ययभाव में स्थित हो तथा लग्न में बृहस्पति न हो तो ६० वर्ष तक जातक की आयु होती है ॥ १८ ॥

अष्टमाधिपतौ केन्द्रे भौमे लग्नं समाश्रिते ।
अर्कार्किजौ त्रिषट्कस्थौ जीवेद् रुद्रचतुर्गुणम् ॥ १९ ॥

अष्टमेश केन्द्र में हो तथा भौम लग्न में स्थित हो, सूर्य तीसरे भाव में और शनि छठे भाव में हों तो जातक ४४ वर्ष तक जीवित रहता है ॥ १९ ॥

वर्गोत्तमांशके चन्द्रे लग्नेशे पापवीक्षिते ।
सौम्यैर्बलविहीनैश्च द्वादशाब्दचतुर्गुणम् ॥ २० ॥

चन्द्रमा वर्गोत्तम नवांश में हो तथा लग्न पापग्रह के द्वारा दृष्ट, शुभग्रहों के द्वारा दृष्ट या युत न होकर बलहीन हों तो जातक ४८ वर्ष तक जीवित रहता है ॥ २० ॥

सौम्यैः पापांशकर्क्षस्थैः पापैः केन्द्रगतैस्तथा ।
मध्यमायुरयं योगः सौम्यैः केन्द्रविवर्जितैः ॥ २१ ॥

सौम्य ग्रह (शुभग्रह) पापग्रहों के नवांश में हों तथा पापग्रह केन्द्रगत हों एवं केन्द्रगत शुभग्रहों से रहित हों तो यह मध्यमायु का योग होता है ॥ २१ ॥

वर्गोत्तम नवांश चक्र

राशि	मेष	वृ.	मिथुन	क.	सिंह	क.	तुला	वृ.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
वर्गोत्तम नवांश	१	५	९	१	५	९	१	५	९	१	५	९

द्विशरीरोदयगते मन्देऽष्टमे व्यये वापि।
जातस्तत्र मनुष्यो जीवेद् वर्षद्विपश्चाशत् ॥ २२ ॥

शनि द्विस्वभाव राशि में स्थित होकर अष्टम अथवा व्यय भाव में हो तो मनुष्य ५२ वर्ष की आयु तक जीवित रहता है ॥ २२ ॥

अलिकर्कोदये लग्ने सूर्ये पापान्विते बुधे लग्ने।
गुरुरहिते केन्द्रे स्याच्छतार्द्धवर्षं च तत्रायुः ॥ २३ ॥

वृश्चिक तथा कर्क राशि की लग्न हो, पापग्रहों से युक्त सूर्य हो, बुध लग्न में हो और केन्द्र भाव गुरु से रहित हो तो ५० वर्ष की आयु जातक को प्राप्त होती है ॥ २३ ॥

चतुरस्रगताः पापा लग्नात्कुर्वन्ति मध्यमायुष्यम्।
चन्द्रात्तथैव दिवसे सौम्यैरनवेक्षिता न संयुक्ताः ॥ २४ ॥

लग्न से चतुरस्र (चतुर्थ और अष्टम) में पापग्रह हों तथा चन्द्रमा से भी चतुर्थ और अष्टम में पापग्रह हों एवं ये भाव (चतुर्थ-अष्टम) शुभ ग्रहों से दृष्ट या युत न हों तो मध्यमायु की प्राप्ति होती है ॥ २४ ॥

सुतदशमे सौम्यः स्यान्निधने रव्यान्विते व्यये चन्द्रे।
गुरुशुक्रावेकगतौ जातस्तत्रैव मध्यमायुष्यम् ॥ २५ ॥

पञ्चम तथा दशम भाव में बुध, अष्टम में सूर्य तथा द्वादश भाव में चन्द्र हों और गुरु-शुक्र एक राशि में स्थित हों तो जातक को मध्यमायु की प्राप्ति होती है ॥ २५ ॥

शन्यंशे लग्नेशे निधनेशसमन्विते निशानाथे।
षष्ठाष्टमव्यये वा जातस्तत्रैव चाष्टपञ्चाशत् ॥ २६ ॥

शनि के नवांश या राशि में लग्नेश हों और चन्द्रमा अष्टमेश से युक्त होकर छठे, आठवें अथवा द्वादश भाव में हो तो जातक को ५८ वर्ष की आयु प्राप्त होती है ।। २६ ।।

षष्ठाष्टमव्ययगतैर्ग्रहैर्नृपालयोगाख्यः ।
अस्मिन् योगे जातः परमायुः स्यादष्टपञ्चाशत् ।। २७ ।।

षष्ठ, अष्टम तथा द्वादश में सभी ग्रह हों तो नृपाल योग होता है। इस योग में उत्पन्न व्यक्ति राजा होता है तथा ५८ वर्ष की आयु की प्राप्ति करता है ।। २७ ।।

लग्नाधिपान्मृत्युषष्ठव्ययस्थाः पापास्ततो नैधनं वीर्यसंस्थाः ।
अस्मिन्योगे यो हि जातो मनुष्यस्तस्यायुः स्यात्षष्टिवर्षप्रसिद्धम् ।।२८।।

लग्नेश से अष्टम, षष्ठ तथा व्यय (द्वादश) स्थान में पापग्रह हों तथा अष्टम भाव में बलवान् ग्रह हों तो इस योग में उत्पन्न मनुष्य की आयु ६० वर्ष की कही गयी है ।। २८ ।।

होराजन्माधिपती साऽर्कगतौ मृत्युराशिसंस्थौ ।
लग्नचतुष्टयहीने देवगुरौ पञ्चषाष्टिवर्षान्तम् ।। २९ ।।

होरेश तथा जन्मराशिपति सूर्य से युक्त होकर अष्टम भाव में स्थित हों और लग्न तथा चतुर्थ, सप्तम और दशम भाव में बृहस्पति न हों तो ६५ वर्ष की आयु होती है ।। २९ ।।

अर्ककुजमन्दयुक्ते केन्द्रबलवर्जिते सुराचार्ये ।
चन्द्रो द्विरात्मजे वा सप्ततिवर्षाणि जीवति प्रायः ।। ३० ।।

सूर्य, मङ्गल तथा शनि से केन्द्र युक्त हों, गुरु केन्द्रबल से रहित हो तथा चन्द्रमा द्वितीय भाव अथवा पञ्चम भाव में हो तो प्रायः जातक ७० वर्ष की आयु तक जीवित रहता है ।। ३० ।।

चतुराद्यैर्ग्रहयुक्तैर्लग्नाद् द्वित्रिसुखेषु वा ।
चिरायुस्तत्र जातस्य भोगवानर्थवान्भवेत् ।। ३१ ।।

लग्न में सूर्य, द्वितीय भाव में चन्द्र, तृतीय भाव में मङ्गल तथा चतुर्थ भाव में बुध हों तो जातक चिरायु, भोगवान् तथा धनवान् होता है ।। ३१ ।।

केन्द्रत्रिकोणलाभान्त्यखत्रिस्थैश्चतुरादिभिः।
एकराशिस्थितैर्जातो जीवति नवतिपरा ॥ ३२ ॥

सूर्य, चन्द्रमा, मङ्गल तथा बुध यदि एक राशि में स्थित होकर केन्द्र, त्रिकोण (५, ९), एकादश, द्वादश, दशम या तृतीय भाव में स्थित हों तो जातक ९० वर्ष तक जीवित रहता है ॥ ३२ ॥

पञ्चादिषु तैर्युक्तैः षष्टिवर्षं स जीवति।
नवमादिषु तैः सर्वैरल्पायुस्तत्र जातकः ॥ ३३ ॥

सूर्य, चन्द्रमा, मङ्गल तथा बुध यदि एकस्थ होकर पञ्चम भाव से अष्टम भाव तक स्थित हों तो जातक ६० वर्ष तक जीवित रहता है। यदि उपर्युक्त ग्रह नवम भाव से द्वादश भाव तक स्थित हों तो जातक अल्पायु होता है ॥ ३३ ॥

क्रूरभांशस्थितैः सौम्यैः केन्द्राश्रितैस्तथाऽशीत्यब्दम्।
जीवति तत्रोद्भूतो मिश्रैर्वा षष्टिवर्षं च ॥ ३४ ॥

क्रूर राशियों के नवांश में स्थित शुभग्रह यदि केन्द्र में स्थित हों तो अस्सी वर्ष की आयु होती है। यदि इस योग में शुभ तथा पाप ग्रह दोनों स्थित हों तो ६० वर्ष तक जीवित रहता है ॥ ३४ ॥

गुरुचन्द्रौ हिबुकस्थौ लग्नेशे लाभगे बलाढ्ये स्यात्।
सौम्ये दशमे याते त्वशीतिवर्षं च परमायुः ॥ ३५ ॥

गुरु तथा चन्द्रमा चतुर्थ भाव में, लग्नेश बलवान् होकर एकादश भाव में तथा दशम भाव में बुध हों तो ८० वर्ष की आयु होती है ॥ ३५ ॥

जीवांशकस्था रविचन्द्रभौमाः केन्द्राश्रिता लग्नसंस्थे सुरेज्ये।
लग्नं हित्वा यत्र तत्रस्थशेषैः पञ्चाशीति जीवति तत्र जातः ॥ ३६॥

बृहस्पति के राशि नवांश में सूर्य, चन्द्र तथा मङ्गल स्थित होकर केन्द्राश्रिव हों, बृहस्पति लग्न में स्थित हो और लग्न को छोड़कर अन्य ग्रह यत्र-तत्र स्थित हों तो जातक पचासी वर्ष तक जीवित रहता है ॥ ३६ ॥

क्रूरराशिस्थितैः क्रूरैः सौम्यर्क्षैः सौम्यसंस्थितैः।
होरेशे स्वबलाढ्ये च जातस्यायुर्वर्षशतम् ॥ ३७ ॥

क्रूर राशियों में क्रूरग्रह स्थित हों, शुभ राशियों में शुभग्रह हों और होरेश बलवान् हों तो जातक की आयु १०० वर्ष होती है ॥ ३७ ॥

सौम्यांशकस्थैः क्रूरैरुपचयग्रहैर्यदा जातः ।
सौम्यैः केन्द्रगतैर्वा जातः परमायुराप्नोति ॥ ३८ ॥

शुभग्रहों के अंश (नवांश) में क्रूरग्रह उपचय राशियों में स्थित हों तथा शुभग्रह केन्द्रगत हों तो जातक १०० वर्ष की आयु प्राप्त करता है ॥ ३८ ॥

यदि नैधनगो भौमः सार्कहोरागतेऽथवा ।
प्रसवकेन्द्रे वाऽमरपूज्ये प्राणी जातोऽत्र वर्षशतम् ॥ ३९ ॥

यदि अष्टम भाव में भौम हो अथवा सूर्य के साथ भौम होरागत हो तथा लग्न अथवा केन्द्र में गुरु हो तो प्राणी १०० वर्ष तक जीवित रहता है ॥ ३९ ॥

केन्द्रत्रिकोणनिधनेषु च यस्य पापा
लग्नाधिपः सुरगुरुश्च चतुष्टयस्थौ ।
भुङ्क्ते सुखानि विवधानि स पुण्यकर्मा
जीवेच्च वत्सरशतं स विमुक्तरोगः ॥ ४० ॥

जिसके केन्द्र (१, ४, ७, १०), त्रिकोण (५, ९) तथा अष्टम भाव में पापग्रह हों, लग्नेश और बृहस्पति १, ४, ७, १० भावों में हो तो वह पुण्यकर्मा जातक विविध सुखों का भोग करता है तथा रोगविमुक्त होकर १०० वर्ष तक जीवित रहता है ॥ ४० ॥

चरांशकस्थाः कविमन्दभौमाः स्थिरांशकस्थौ रविदेवपूज्यौ ।
शेषौ तु युग्मभवनांशकसम्प्रयुक्तौ दीर्घायुरत्र जनने पुरुषो नृपालः ॥४१॥

शुक्र, शनि तथा मङ्गल चरराशियों में, सूर्य एवं गुरु स्थिर राशियों में तथा द्विस्वभाव राशियों में शेष चन्द्र एवं मङ्गल ग्रह स्थित हों तो ऐसे योग में उत्पन्न पुरुष राजा के समान होता है तथा दीर्घायु होता है ॥ ४१ ॥

कुजांशकस्थितशुभाः सुखधर्मसंस्थाः
पापास्तु युग्मभवनांशकलाभसंस्थाः ।
चन्द्रो विलग्नभवने यदि पूर्णरश्मि-
र्जातोऽत्र वर्षशतमायुररोगतां च ॥ ४२ ॥

मङ्गल की राशि नवांश में शुभग्रह स्थित होकर चतुर्थ तथा नवम भाव में हों, पापग्रह द्विस्वभाव राशियों में स्थित होकर एकादश भाव में स्थित हों और पूर्णरश्मि वाला चन्द्र लग्न में स्थित हो तो जातक १०० वर्ष की आयु तथा आरोग्य को प्राप्त करता है ॥ ४२ ॥

लग्नाधिपोऽतिबलवानशुभैरदृष्टः
केन्द्रस्थितैः शुभबलैरवलोक्यमानः ।
मृत्युं विधूय विदधाति स दीर्घमायुः
सार्द्धं गुणैर्बलिभिरूर्जितं च लक्ष्म्याः ॥ ४३ ॥

लग्नेश अत्यन्त बलवान् होकर अशुभग्रहों के द्वारा दृष्ट न हो तथा केन्द्र स्थित बलवान् शुभग्रहों के द्वारा देखा जाता हो तो वह मृत्यु को दूर करके दीर्घायु प्रदान करता है और जातक गुण तथा लक्ष्मी के उत्तम अंशों से युक्त रहता है ॥ ४३ ॥

लग्नेश्वराद्यदि बली निधनेश्वरश्च
केन्द्रस्थितैर्निधनरिष्फगतैश्च पापैः ।
तस्यायुरल्पमथवा यदि मध्यमायु-
रुत्साहसङ्कटवशाच्चिरमायुरेति ॥ ४४ ॥

इति श्रीब्रह्मर्षिविरचिते शुकजातके आयुःप्रमाणयोगाध्यायः पञ्चमः ॥५॥

यदि लग्नेश से अष्टमेश बली हो और पापग्रह केन्द्र (१, ४, ७, १०), अष्टम तथा द्वादश भाव में हों, तो उसे अल्पायु खण्ड में कष्ट तथा मध्यायु खण्ड में कष्ट, उत्साह और सङ्कटपूर्ण जीवन को धारण करता हुआ दीर्घायु की प्राप्ति करता है ॥ ४४ ॥

इस प्रकार श्रीब्रह्मर्षि विरचित शुकजातक की 'चन्द्रकला टीका' के अन्तर्गत आयु-प्रमाण नामक पञ्चम अध्याय समाप्त हुआ ॥ ५ ॥

अथ षष्ठोऽध्यायः

अथाऽमितायुर्योगलक्षणमाह

एकांशकस्था बुधजीवशुक्रास्ते कर्मगा लग्नमुपागताश्च ।
धर्मे शनौ जन्मनि यस्य जन्तो रसायनाद्यैर्युगमादधाति ॥ १ ॥

अमितायुयोगलक्षण-कथन

एक ही नवांश राशि में बुध, गुरु तथा शुक्र स्थित होकर दशम स्थान अथवा लग्न में हों तथा नवम स्थान में शनि जिस जातक की जन्मपत्री में हो तो वह रसायन आदि के द्वारा युग पर्यन्त आयु की प्राप्ति करता है ॥ १ ॥

एकांशकस्था बुधजीवमन्दा
धर्मे स्थिता लग्नमुपागता वा ।
षष्ठेऽष्टमे वा हिमगौश्च यस्य
सहस्त्रवर्षद्वयमत्र जातः ॥ २ ॥

एक ही नवांश राशि में बुध, बृहस्पति तथा शनि स्थित होकर नवम भाव या लग्न में हों, छठे अथवा आठवें भाव में चन्द्रमा हो तो जातक को दो सहस्त्र वर्ष की आयु प्राप्त होती है। यहाँ यह अर्थवाद है कि वह जातक १०० से भी अधिक वर्षों तक जीवित रहता है ॥ २ ॥

जीवांशकस्थाः सकला ग्रहेन्द्राः
केन्द्रस्थिता धर्मधनाश्रिता वा ।
जातो नरः प्रव्रजितः स बाल्ये
युगान्तमायुर्बहुशास्त्रकर्त्ता ॥ ३ ॥

बृहस्पति के राशि नवांश में सभी ग्रह स्थित होकर केन्द्र (१, ४, ७, १०), नवम अथवा द्वितीय भाव में स्थित हों तो जातक बाल्य काल में ही प्रव्रजित होकर अनेक शास्त्रग्रन्थों का निर्माण करता हुआ युगपर्यन्त आयु को प्राप्त करता है ॥ ३ ॥

मन्दांशकस्था रविजीवभौमा
धर्माश्रिताः कर्मयुता बलाढ्याः ।
राश्यवसाने हिमगौर्विलग्ने
युगान्तमायुः श्रियमादधाति ॥ ४ ॥

शनि के राशि नवांश में सूर्य, गुरु तथा भौम स्थित होकर नवम अथवा दशम भाव में बलवान् हों; राशि के अन्तिम अंशों में स्थित चन्द्रमा लग्न में हो तो जातक युगपर्यन्त आयु की शोभा को प्राप्त करता है ॥ ४ ॥

धर्मेश्वरे धर्मगते च सौम्ये
भौमांशकस्थे हिमगौ च दृष्टे ।
मुनीश्वरोऽयं मुनियोगजातः
शास्त्रादिकर्त्ता युगमादधाति ॥ ५ ॥

नवमेश यदि नवम भाव में तथा भौम की राशि नवांश में बुध हो और बुध-चन्द्रमा के द्वारा दृष्ट हों तो जातक इस मुनियोग में उत्पन्न मुनीश्वर होकर अनेक शास्त्रादि का रचयिता होता है और युग पर्यन्त आयु को धारण करता है ॥ ५ ॥

अक्षीणचन्द्रे सुहृच्च भांशे
लाभाश्रिते लग्नमुपाश्रिते च ।
धर्मेश्वरे सूर्यसुते बलाढ्ये
जातोऽत्र दीर्घायुरसङ्ख्यवर्षैः ॥ ६ ॥

पूर्ण चन्द्रमा अपने मित्र के नवांश में स्थित होकर लाभ (एकादश) अथवा लग्न में हो तथा नवमेश शनि अत्यन्त बलवान् हो तो जातक असंख्य वर्ष की दीर्घायु प्राप्त करता है ॥ ६ ॥

गुरुमन्दावेकस्थावेकांशगतौ स्वधर्मकर्मस्थौ ।
अर्कोदये ससौम्ये जातो मुनिवल्लभोऽति दीर्घायुः ॥ ७ ॥

बृहस्पति तथा शनि एक राशि में स्थित होकर एक ही नवांश में हों तथा द्वितीय, नवम या दशम भाव में स्थित हों एवं बुध के साथ सूर्य उदयस्थ हो तो जातक मुनिजनों का प्रिय होकर दीर्घायु प्राप्त करता है ॥ ७ ॥

अतिदीर्घकालयोगे जातो जितेन्द्रियो भूत्वा दिव्यौषधि-
प्रयोगाद् विलप्रवेशान्तमेति मन्त्रपात् ? ॥ ८ ॥

अत्यन्त दीर्घकालिक (दीर्घायु) योग में उत्पन्न जातक दिव्यौषधि के प्रयोग से तथा जितेन्द्रिय होकर मन्त्रादि के द्वारा विल (समाधि) में प्रवेश करके दीर्घायु को प्राप्त करता है ॥ ८ ॥

आचार्य वराहमिहिर ने भी अमितायु योग का वर्णन 'बृहज्जातक' में किया है। उनके अनुसार यदि गुरु-चन्द्र युत होकर कर्क लग्न में हों तथा बुध-शुक्र केन्द्र में हों; शेष ग्रह सूर्य, मङ्गल, शनि लग्न से एकादश, षष्ठ तथा तृतीय स्थानों में हों तो अमितायु योग होता है—

'गुरुशशिसहिते कुलीरलग्ने शशितनये भृगुजे च केन्द्रयाते ।
भवरिपुसहजोपगैश्च शेषैरमितमिहायुरनुक्रमाद्विना स्यात्' ॥

(बृहज्जातक ७।१४)

आचार्य पराशर ने भी अमितायु योग का वर्णन इसी प्रकार किया है, जिसमें वराहमिहिर का ही सिद्धान्त अपनाया गया है—

'गुरुचन्द्रौ च कर्काङ्गे बुधशुक्रौ च केन्द्रगौ ।
शेषे लाभत्रिषष्ठस्थैश्चेदमितायुस्तदा भवेत्' ॥

(बृहत्पराशरहोराशास्त्र-आयुर्दायाध्याय, ५५)

परन्तु शुकजातककार का मत उपर्युक्त दोनों आचार्यों से भिन्न है। पराशर ने मुनितुल्यायु तथा युगान्तायु का भी उल्लेख किया है। मुनितुल्यायु का वर्णन करते हुए कहा है कि देवलोकांश में शनैश्चर तथा पारावतांश में भौम हों। इसी प्रकार गुरु सिंहासनांश में होकर लग्न में हो तो मुनि के समान आयु होती है—

'देवलोकांशके मन्दे भौमे पारावतांशके ।
गुरौ सिंहासने लग्ने जातो मुनिसमो भवेत्' ॥

(बृहत्पराशरहोराशास्त्र-आयुर्दायाध्याय, ५६)

युगान्तायु का वर्णन करते हुए पराशर ने कहा है कि यदि गुरु गोपुरांश में होकर केन्द्र में हो और शुक्र पारावतांश में होकर त्रिकोण (५,९) में हो तो जातक की युगान्त पर्यन्त आयु होती है—

'गोपुरांशे गुरौ केन्द्रे शुक्रे पारावतांशके।
त्रिकोणे कर्कटे लग्ने युगान्तं स तु जीवति' ॥

(बृहत्पराशरहोराशास्त्र-आयुर्दायाध्याय, ५७)

अथ दशवर्गजातपारिजातादिसञ्ज्ञाबोधक चक्र

२	३	४	५	६	७	८	९	१०
पारिजातांश	उत्तमांश	गोपुरांश	सिंहासनांश	पारावतांश	देवलोकांश	ब्रह्मलोकांश	शुक्रवाहनांश	श्रीधामांश

किन्तु शुकजातककार ने मुनितुल्यायु तथा युगान्तायु का वर्णन बृहत्पराशरहोराशास्त्र से पर्याप्त मात्रा में भिन्न किया है। यह शुकजातककार की मौलिक विचारधारा हो सकती है।

इत्यादि योगा यवनोपदिष्टा मयेरिता पूर्वक्रमानुषङ्गात्।
सर्वान् विनिश्चित्य दशान्तराले छिद्रेषु योगोक्तफलं प्रयोज्यम् ॥ ९ ॥

इति श्रीशुकदेवब्रह्मर्षिविरचिते शुकजातकेऽमितायु-
योगाऽध्यायः षष्ठः ॥ ६ ॥

इस प्रकार शुकजातक में वर्णित योग आदि यवनाचार्यों के द्वारा कथित हैं, जिनका वर्णन मेरे द्वारा पूर्व क्रमानुसार किया गया है। इन सभी योगों का विनिश्चय करके दशा तथा अन्तर्दशा की अवधि में अरिष्टादिकों में कथित योग के फल का निरूपण करना चाहिए। अर्थात् जिन फलों के लिए जिन योगों का कथन है, उन योगों के कारक ग्रहों की दशा तथा अन्तर्दशा में दैवज्ञ को सुविचारित उक्त फलादेश की भुक्ति का कथन करना चाहिए ॥ ९ ॥

इस प्रकार श्रीब्रह्मर्षि-विरचित 'शुकजातक' की 'चन्द्रकला' टीका के अन्तर्गत अमितायुयोग नामक षष्ठ अध्याय समाप्त हुआ ॥ ६ ॥

अथ टीकाकृद्वंशवर्णनम्

श्रीकान्यकुब्जकुलजो द्विजवंशमौलिः
श्री'राम'धृक् 'सुमिरनो' शतमल्लमल्लः ।
आसीच्च यस्य कमलेव हरेश्च पत्नी
'नारायणे'त्यभिहिता खलु 'देव्य'पूर्वा ॥ १ ॥

शुक्लान्वये तु यजुषां सुषुवे सुतं सा
शत्रुञ्जयं बलपराक्रमदीप्यमानम् ।
'प्यारे'ति नामकरणं प्रियतावशाच्च
'लालः' परं नु विहितो बहुलालनाच्च ॥ २ ॥

पित्रा कृतोपनयनः स पिता मदीयः
विद्याः पपाठ सकला गुरुवक्त्रजाताः ।
भाषानिबद्धकविताः स करोति सद्यो
दैवज्ञशास्त्रनिपुणोऽर्चंत कर्मदक्षः ॥ ३ ॥

भार्याऽस्ति यस्य खलु 'चन्द्रकला'भिधाना
जज्ञे च सा सुतनयौ तनयामृचाख्याम् ।
तेषामहं सुतनयश्च 'वृजेशशुक्लः'
ख्यातोऽभवं सुविदुषां सुरवाक्प्रवीणः ॥ ४ ॥

श्रीश्रीब्रह्मज्ञ'भारतोत्तर'गते सौम्ये सुदेशस्थिते
'बाराबङ्कि'जनास्पदे सुरुचिरे त्रैलोक्यपूराभिधे ।
भारद्वाजसुगोत्रशुक्लविमले जातो यजुर्वेदिनां
ज्योतिःशास्त्रविदां वरः खलु 'वृजेशो' नामधेयः सुधीः ॥ ५ ॥

तेनेदं 'शुकजातकं' सुललितं सम्पादितं टीकया
सार्द्धं 'चन्द्रकला'भिधानसुधया हिन्दीविभूषागिरा ।
ज्योतिःशास्त्रविदां प्रमोदजनकं ब्रह्मर्षिणा निर्मितं
भूयाद् वै 'शुकजातकं' सुफलितं सज्जातकानां मुदे ॥ ६ ॥

इति सम्पादकटीकाकृद्वंशवर्णनम् ।

सन्दर्भ ग्रन्थसूची

१. जैमिनिसूत्रम्—आचार्य जैमिनि, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।

२. धर्मशास्त्र का इतिहास—पी० वी० काणे, हिन्दी भवन, लखनऊ (चतुर्थ भाग)।

३. नारदसंहिता—आचार्य मुनि नारद, रामजन्म मिश्र, चौखम्बा विद्या-भवन, वाराणसी।

४. नारदीय महापुराणम् — व्यास, श्रीवङ्कटेश्वर स्टीम् प्रेस, मुम्बई।

५. पाणिनीय शिक्षा—पाणिनि (सिद्धान्तकौमुदी), श्रीवेङ्कटेश्वर मुद्रणालय, मुम्बई।

६. भारतीय ज्योतिष — हिन्दी भवन, लखनऊ।

७. बृहज्जातकम् — वराहमिहिर, श्रीहरिकृष्ण निबन्ध भवन, बनारस सिटी १९९१ वि० सं०।

८. बृहज्जातक-टीका— भट्टोत्पल, श्रीसीताराम झा, श्रीहरिकृष्ण निबन्ध भवन, बनारस सिटी—१९९१ वि० सं०।

९. बृहत्पराशरहोराशास्त्रम्—पराशर महर्षि, ठाकुरप्रसाद एण्ड सन्स, बनारस।

१०. बृहत्संहिता — वराहमिहिर, चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी।

११. संस्कृत साहित्य का इतिहास (ए० बी० कीथ), हिन्दी अनुवाद — डॉ० मङ्गलदेव शास्त्री, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली।

१२. सारावली — कल्याणवर्मा, पाण्डुरङ्ग जावजी, निर्णयसागर मुद्रणालय, मुम्बई — १९२८।

१३. शुकजातकम् (क) (हस्तलिखित प्रति) — ब्रह्मर्षि शुकदेव, मा० सं० ७३६४, अखिल भारतीय संस्कृत परिषद्, लखनऊ।

१४. शुकजातकम् (ख) (हस्तलिखित प्रति) — ब्रह्मर्षि शुकदेव, मा० सं० ८००३ अखिल भारतीय संस्कृत परिषद्, लखनऊ।

१५. शुकजातक-टीका (हस्तलिखित प्रति) — गणेशदैवज्ञ मातृका सं० ५७३६, अखिल भारतीय संस्कृत परिषद्, लखनऊ।

श्लोकानुक्रमणिका

	अ०	श्लो०
(अ)		
अंशाधिपजन्मपती	४	३६
अक्षीणचन्द्रे सुहृच्च भांशे	६	६
अङ्गनाजन्मपीडर्क्षे	३	१
अतिदीर्घकालयोगे	६	८
अनेकारिष्टयोगेषु	४	५७
अन्योऽन्यमभिवीक्षेते	३	१४
अबलः प्रवेशकाले	२	६
अर्ककुजमन्दयुक्ते	५	३०
अर्कांशके स्थिते मन्दे	४	१५
अर्केन्दूयोगराशिः	४	४४
अर्केन्दू जीवशुक्रौ वा	३	४
अर्द्धाविष्टः सविता	१	२२
अलिकर्कोदये लग्ने	५	२३
अलिमीनकुलीराख्या	१	८
अष्टमाधिपतौ केन्द्रे	५	११
अष्टमाधिपतौ केन्द्रे	५	१९
अष्टमाधिपतौ लग्ने	५	१५
अष्टाविंशतिवर्षे मरणं	५	४
(आ)		
आदावतिबलयुक्तो	२	९
आपोक्लिमस्थिते	५	१२
आपोक्लिमेष्ववीर्या	२	३१
आरो वक्रो महीसूनू	१	३४
(इ)		
इत्यादि योगा यवनोपदिष्टा	६	९

	अ०	श्लो०
(उ)		
उक्तं बालारिष्टं योगारिष्टं	५	१
उत्तरपथि प्रयातः	२	५
उदगयने स्वक्षेत्रे	२	१
उदयात्मनास्तबन्धुव्यसन	४	३९
उद्वेगिगर्भसंस्थश्च	३	२०
(ए)		
एकस्थो पृथक्स्थो वा	४	१७
एकांशकस्था बुधजीवमन्दा	६	२
एकांशकस्था बुधजीवशुक्रा	६	१
एकांशकस्थौ मन्दारौ यत्र	४	९
एषां सूक्ष्मतरं ज्ञात्वा	४	२२
(क)		
कन्या सानलसस्या	१	६
कललं प्रथमे मासि	३	१६
कान्तः सुभगः शुक्रो	१	२७
कालस्याङ्गविभागेषु	४	१९
कुजांशस्थितशुभाः	५	४२
कुम्भे तुलाधरयुत	२	२९
कृच्छ्रेण जीवितं विद्यात्	४	३२
कृष्णो निशि वक्रयातः	२	१६
केतोरुदयात्पूर्वं पश्चाद्	४	३३
केन्द्रत्रिकोणनिधनेषु	५	४०
केन्द्रत्रिकोणलाभान्त्य	५	३२
कोणो मन्दः शनिः कृष्णः	१	३८
क्रूरभांशस्थितैः सौम्यैः	५	३४

	अ०	श्लो०
क्रूरराशिस्थितैः क्रूरैः	५	३७
क्रूरराश्यंशके चन्द्रे	४	१८
क्षीणचन्द्रात् त्रिकोणस्थैः	४	८
क्षीणचन्द्रे विलग्नस्थे	४	३०
क्षीणे पदे शशाङ्कं पश्येद्	४	४२
क्षीरप्रियो लोकमुखेन	४	४८
क्षेत्रगृहोदये वापि	४	५६
(ग)		
गर्भाङ्कुरस्तृतीये स्यात्	३	१७
गर्भाधानाच्चरे राशौ	३	२३
गुरुचन्द्रौ हिबुकस्थौ	५	३५
गुरुमन्दावेकस्थावे	६	७
गुरुर्जीवो देवमन्त्री	१	३६
गुरुशुक्रौ च केन्द्रस्थौ	५	१३
ग्रहणपरिवेषकाले जाताः	४	३५
ग्रहा ये परषट्कस्थाः	४	२
(च)		
चतुरस्रगताः पापाः	५	२४
चतुरस्रगते वापि	४	५
चतुराद्यैर्ग्रहयुक्तैर्लग्नाद्	५	३१
चतुष्पदं गते भानौ	३	१३
चन्द्रलग्नाष्टमपती	५	५
चन्द्रशुक्रोदये वापि	३	९
चन्द्राद् दशमे भानु	४	५१
चन्द्रार्कौ बलयुक्तौ	२	३४
चन्द्रे क्षीणे स्वर्क्षे	५	६
चन्द्रे वृषभे याते	२	३
चपलो विघातकुशलो	१	२४
चरराश्यंशके भानौ	४	११

	अ०	श्लो०
चरांशकस्थाः कविमन्दभौमाः	५	४१
चापार्जसिंहमीनेष्वर्कौ	२	२०
चापापरार्द्धे मीने	२	१९
(ज)		
जक्षे धान्ये रुद्ररौद्र	४	४७
जननीजनकवधाख्यं दोषं	४	५३
जपहोमचिकित्साद्यै	४	२३
जयति जगदेकहेतु	१	१
जामित्रं चतुरस्रं	१	११
जीवः स्वक्षेत्रे गतो	२	१२
जीवांशकस्था रविचन्द्रभौमाः	५	३६
जीवांशकस्थाः सकला ग्रहेन्द्राः	६	३
ज्ञानेन्द्रिययुतः पश्चात्	३	१९
(त)		
तत्कालेन्दुनवांशा	३	२८
तदोपव्याधिमाप्नोति	४	२९
तयोर्बलाबलं ज्ञात्वा	४	३
तयोर्बलाबलत्वेन	४	१०
तस्मात्प्रयोगसिद्धे	१	४
तिग्मरुचिः किल कुरुते	४	५४
तीव्रफलराजयोगा	४	३४
त्रिषट्कमण्डलगतो	२	१४
(द)		
दीर्घो मृदुस्वभावश्चन्द्रो	१	२३
देहस्य दक्षिणे भागे	३	२६
द्वादशस्थे वा बुधे लग्ने	३	११
द्विशरीरोदयगते मन्दे	५	२२
(ध)		
धर्मेश्वरे धर्मगते च सौम्ये	६	५

	अ०	श्लो०
(न)		
निधनस्थपरः कश्चिज्	४	२७
न पश्यति गुरुश्चन्द्रं	४	१६
निमिषादिवत्सरान्तं	१	२
निर्जितशत्रुर्वक्री	२	७
निषेककाले यत्प्रोक्तं	३	२४
नीचांशकस्थितश्चन्द्रः	५	३
नेक्षितो बुधशुक्राभ्याम्	४	७
(प)		
पञ्चमे मासि सोमेश०	३	१८
पश्चादिषु तैर्युक्तैः	५	३३
पापदृष्टो युतो वापि	४	२४
पापोदये सुरगुरौ	५	९
पितृदोषैर्मृताः केचित्	४	२१
पित्तात्मकौ रविकुजौ	१	१८
पित्ररिष्टं विजानीया	४	४
पुङ्ग्रहाः षष्ठलाभस्थाः	३	८
पुङ्ग्रहेण युते दृष्टे	३	२५
प्रतिपत्पूर्वदशाहे	२	४
प्रवक्ष्यामि समासेन सद्यो	४	१
प्राग्जन्मतो निवृत्तिः स्यान्	४	६
प्राग्लग्ने क्षितिसूनु	२	२३
प्रालेयांशुर्मिथुने गो	२	३१
प्रोक्तप्रकारैः प्रबलान्विता	२	३६
(ब)		
बली केन्द्रोपगः सौम्यो	४	५५
बालाकारो भौमः	१	२९
बाला वृद्धातुरा वन्ध्या	३	२

	अ०	श्लो०
(भ)		
भाग्यबन्धुगतैः पापै	४	१४
भानामधःस्थानगता क्रमेण	२	३५
(म)		
मन्दांशकस्था रविजीवभौमा	६	४
मन्दो बली प्रवेशे	२	१७
मासलक्षणयुक्तश्च	३	२१
मित्रक्षेत्रेषु मध्यबलो	२	२
मृगपूर्वार्द्धे मीने	२	२४
मृगसिंहकर्कवृश्चिक	२	२५
मृत्युभागस्थितश्चन्द्रः	४	४९
मेषवृषमिथुन	१	५
मेषवृषमिथुन	१	७
(य)		
यदा मासाधिपो रिक्तो	३	२२
यदि जीवेत्स भूपालो	४	२५
यदि नैधनगो भौमः	५	३९
यस्य केन्द्रे पापयुक्ते	५	१७
यस्याऽष्टमगे पापे	४	४५
येषां प्रसूतिसमये	१	३१
(र)		
रक्तश्यामो भानुश्चन्द्रो	१	१९
रन्ध्रेश्वरो भाग्यलग्ना	५	८
रविगुरुभौमाः पुरुषाः	१	१४
रविणा युक्तः शशिजः	४	४६
रविशुक्रभौमसर्पाः	१	१०
रात्र्यादिराशिभागात्	३	२९
राशिमुखे मध्यबलः	२	११
राशिमुखे मध्यबलः	२	१३

	अ०	श्लो०
राश्यादौ बलहीनो	२	१५
राहुशनिकेतुभौमाः	१	१६
राहुस्तमोऽसुरोऽगुश्च	१	३९
राहूदये चन्द्रदृष्टे	३	१०
राहूदये यदा जात	४	२८
(ल)		
लग्नं न दृश्यते	४	१२
लग्नं मुक्त्वा विषमे च	३	७
लग्नस्थो वा सुतस्थो वा	३	५
लग्नस्थौ बुधजीवौ	२	३०
लग्नाच्चतुर्थगः पापो	४	५०
लग्नात्मजेशौ संयुक्ता	३	६
लग्नाधिपजन्मपत्री	४	४०
लग्नाधिपतिश्चन्द्रो	४	४१
लग्नाधिपान्मृत्युषष्ठ	५	२८
लग्नाधिपोऽतिबलवान्	५	४३
लग्नेन्द्रो यो बलवान्	३	२७
लग्नेशे निधनांशस्थे	५	१६
लग्नेशे व्ययसंस्थे च	५	१८
लग्नेश्वराद् यदि बली	५	४४
(व)		
वर्गोत्तमांशके चन्द्रे	५	२०
वागीशे नीचसंस्थे	४	१३
विमुक्तश्चापहतः क्षेत्रो	२	१०
विलग्नद्रेष्काणनवांश	४	३८
विवीजिनामिमे योगा	३	१५
विंशत्यष्टादशदशरवि	१	१३
वृषमेषालिकुलीर	२	१८
वृषराशिसन्निविष्ट	२	२२

	अ०	श्लो०
व्याधिस्तस्य विजानीयात्	४	२६
(श)		
शीतगुश्चन्द्रमा सोमो	१	३३
शनिः सप्ततिवर्षो	१	३०
शन्यंशे लग्नेशे	५	२६
शिखी केतुर्ध्वजो धूम्रो	१	४०
शुक्रगुरू विप्रेशौ	१	१५
शुक्रबुधौ राजसिकौ	१	१७
शुक्रात्षोडशबलश्चन्द्रो	२	३३
शुक्रो भृगुर्भृगुसुतो	१	३७
श्यामेक्षणो नयज्ञो	१	२५
(ष)		
षण्मासं वा द्विमासं वा	४	३१
षष्ठाष्टमव्ययगतै	५	२७
(स)		
सद्यो मरणयोगाश्च	४	२०
सन्धिचतुष्ट्यकाले	४	३७
समर्क्षगो चन्द्रशुक्रौ	३	१२
सम्पूर्णं पादोनं	१	१२
सिंहवृषाजधनु	२	२६
सिंहाजकौर्प्पिषु	२	२७
सितवर्णो भृगुसूनु	१	२०
सुतदशमे सौम्यः स्यात्	५	२५
सूर्येन्दू लग्नगौ यस्य	५	१४
सूर्यो भानुस्तथाऽऽदित्यो	१	३२
सौम्यग्रहैर्बलयुतैः	२	३७
सौम्यांशकस्थैः क्रूरै	५	३८
सौम्यैः पापांशकर्क्षस्थैः	५	२१
सौम्योऽपि राशिवर्णो	१	२१

	अ०	श्लो०		अ०	श्लो०
सौम्यो विज्ञो बुधश्चेति	१	३५	(ह)		
सौराद् द्विगुणो भौमो	२	३२	हयपूर्वार्द्धे सिंहे	२	२८
सौरिकुजौ शुभवर्गौ	४	५२	होराजन्माधिपती	५	२९
स्त्रीणामुपचयस्थेन्दोः	३	३	होराधिपतिर्य्यूने	४	४३
स्थलराशयस्तु शेषाः	१	९	होरानिधनाधिपयोः	५	७
स्थूलनखदन्तकेशो	१	२८	होरास्कन्धे सम्यग्	१	३
स्थूलात्मा दीर्घतनु	१	२६	होरे चरेऽर्कसंस्थे	५	२
स्वांशे स्वदिने क्षेत्रे	२	८	होरेशे चाष्टमगते	५	१०

॥ इति शुकजातकश्लोकानुक्रमणिका ॥

कतिपय परीक्षोपयोगी प्रश्नोत्तरात्मक ग्रन्थ

साहित्यदर्पणालोकः (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री रामजी लाल शर्मा		२०–००
काव्यप्रकाश-रहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री रामजी लाल शर्मा		२०–००
चन्द्रालोक रहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । मानवल्ली तथा बेताल		२०–००
शिशुपालवध-रहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) १–४ सर्ग । अशोकचन्द्र गौड़		२०–००
साङ्ख्यकारिकादर्शः (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री राजेन्द्रप्रसाद कोठयारी		१०–००
अलङ्कारशास्त्रस्येतिहासः (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्रीपरमेश्वरदीन पाण्डेय		१०–००
नलचम्पू-रहस्यम्(प्रश्नोत्तरात्मकः)। १-५उच्छ्वास। परमेश्वरदीनपाण्डेय		१२–५०
वेदान्सार-प्रदीपः (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री राजेन्द्रप्रसाद कोठयारी		१०–००
मध्यसिद्धान्तकौमुदी-चन्द्रिका (प्रश्नोत्तरात्मकः) । विजयमित्र शास्त्री		४०–००
मृच्छकटिक-सोपानम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । डॉ० नरेश झा		१५–००
वेणीसंहार-रहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री परमेश्वरदीन पाण्डेय		१२–५०
नैषध-रहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । १–५ सर्ग । श्री रमाशंकर मिश्र		२५–००
दशरूपक-रहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री त्रिलोकीनाथ द्विवेदी		१५–००
सारसिद्धान्तकौमुदी । 'राका'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्यासहित ।		
व्याख्याकार—लोकमणि दाहाल । १–४ भाग । प्रत्येक भाग		१५–००
भारतीय-संस्कृतिः । लोकमणि दाहाल		१५–००
संस्कृतभाषाविज्ञानम् । डॉ० शिवप्रसाद द्विवेदी		२०–००
चन्द्रकलानाटिका-रहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री परमेश्वरदीन पाण्डेय		७–५०
संस्कृतसाहित्येतिहासः (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री परमानन्द शास्त्री		१२–५०
रसगङ्गाधर-हृदयम् । (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री ज्ञानचन्द्र त्यागी		२०–००
लघुसिद्धान्तकौमुदी-चन्द्रिका (प्रश्नोत्तरात्मकः) । विजयमित्र शास्त्री		२५–००
कादम्बरी-कलाप्रकाशः (प्रश्नोत्तरात्मकः) डॉ० नरेश झा		२०–००
लघुमञ्जूषारहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । स्वामी रामेश्वर पुरी		१०–००
शाकुन्तलरहस्यम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । श्री त्रिलोकीनाथ द्विवेदी		२०–००
मेघदूत-तत्त्वालोकः (प्रश्नोत्तरात्मकः) । डॉ० अशोकचन्द्र गौड़ शास्त्री		१२–५०
महाभाष्यनवाह्निकालोचनम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । विजयमित्र शास्त्री		१६–००
मुक्तावली-प्रकाशः (न्यायसिद्धान्तमुक्तावली-प्रश्नोत्तरी) ।		
श्री राजेन्द्रप्रसाद कोठयारी		२०–००
औचित्यविचारचर्चा-मञ्जरी (प्रश्नोत्तरात्मकः) । डॉ० नरेश झा		१२–५०
वक्रोक्तिजीवितम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । डॉ० नरेश झा		७–५०
भारतीयसंस्कृति-सोपानम् (प्रश्नोत्तरात्मकः) । डॉ० शिवप्रसाद द्विवेदी		१२–५०